राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 धोनी पर मानहानि का केस ...

रूस के खिलाफ यूक्रेन को समर्थन... 12

वर्ष : 11 | अंक : 246 | पटना, गुरुवार, 18 जनवरी, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 14°C
न्यूनतम तापमान 08°C

बाजार

सोना 63,915

चांदी 78,500

सेंसेक्स 71,500

निफ्टी 21,571

संक्षिप्त खबरें

प्रधानमंत्री ने प्रकाश पर्व पर देशवासियों को दी बधाई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रकाश पर्व पर बुधवार सुबह देशवासियों को बधाई दी है। एक्स हैंडल पर प्रधानमंत्री मोदी ने दशम गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर उनका स्मरण करते हुए कहा कि उनके त्याग और बलिदान से आज भी देशवासी प्रेरित होते हैं। गुरु गोविन्द सिंह के एक घोष वाक्य- सूरा सो पहचानिए जो लरै दीन के हेत, पुरजा-पुरजा कट मरै कभी न छाडै खेत का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री के एक भाषण को भी संदेश में शामिल किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि गुरु गोविन्द सिंह और माता गुजरी के चारों साहिबजादों ने इस देश और धर्म के लिए जिस प्रकार कुबार्नी दी, उस जैसा कोई दूसरा उदाहरण नहीं मिलता। प्रधानमंत्री ने कहा, गुरु गोविन्द सिंह का जन्म पूर्वी भारत के पटना साहिब में हुआ।

देश में कोविड के 269 नए मामले, तीन लोगों की मौत

नई दिल्ली। देश में कोविड-19 के 269 नए मामले सामने आए हैं जबकि संक्रमण के उपचाराधीन मामलों की संख्या घटकर 2,556 रह गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय के सुबह आठ बजे के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटे की अवधि में संक्रमण से तीन लोगों की मौत हो गई जिसमें दो मरीज महाराष्ट्र और एक केरल का है। दैनिक मामलों की संख्या पिछले साल पांच दिसंबर तक घटकर दहाई अंक तक आ गई थी, लेकिन ठंड और वायरस के नए उपस्वरूप के कारण मामलों में तेजी आई है।

कोयला कारोबारियों के 10 ठिकानों पर आयकर के छापे

रांची। आयकर विभाग ने झारखंड के धनबाद और बोकारो में कोयला कारोबार से जुड़े लोगों के करीब दस ठिकानों पर छापेमारी की है। धनबाद में दीपक पोद्दार, अनिल गोयल, सुशील अग्रवाल, नीतिन अग्रवाल, साबिर आलम, राणा जनार्दन सिंह के आवासों-दफ्तरों और बोकारो में वसुधा इंडस्ट्री कैंपस में आयकर की टीमों ने बुधवार सुबह-सुबह दबिश दी। मामला टैक्स चोरी का बताया जा रहा है। फिलहाल विभाग की तरफ से आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी नहीं दी गई है। जिन जगहों पर छापेमारी की जा रही है, वहां सीमा सुरक्षा बल और अर्धसैन्य बलों के जवान तैनात हैं। परिसरों में मौजूद लोगों को बाहर जाने या बाहर से लोगों को आने की इजाजत नहीं दी जा रही है।

दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 357वें प्रकाश पर्व में शामिल हुए मुख्यमंत्री

प्रकाश पर्व : नीतीश ने तख्त श्रीहरिमंदिर में टेका मत्था

मुख्यमंत्री ने गुरुद्वारा बाल लीला में भी मत्था टेका और राज्य सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना

प्रात : किरण संवाददाता

पटना सिटी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 357वें प्रकाश पर्व पर बुधवार को तख्त श्रीहरिमंदिर जी परिसर, पटना साहिब में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने तख्त श्रीहरिमंदिर जी, पटना साहिब में मत्था टेका और राज्य के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के दौरान देश के अलग-अलग हिस्सों से आये जत्थेदारों, श्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमिटी के सदस्यों द्वारा मुख्यमंत्री को तलवार, अंगवस्त्र, सरोपा एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने गुरुद्वारा बाल लीला मैणी संगत जाकर वहां भी मत्था टेका और राज्य के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। सीएम ने मौके पर देश विदेश से आए सिख धर्मावलम्बियों को प्रकाश पर्व की बधाई दी। साथ ही गुरु गोविंद सिंह के त्याग, बलिदान और उनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। मुख्यमंत्री के गुरुद्वारा आगमन पर आयोजक की ओर से उनका परंपरागत रूप से अभिनंदन किया गया। हरमंदिर साहिब प्रबंधक कमेटी की तरफ से मुख्यमंत्री को उपहार स्वरूप शिरोपा सौंपकर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री संगतों से भी मिले और कहा कि गौरव की बात है कि पटना साहिब गुरु महाराज की जन्मस्थली है और कहा भी है कि पटना गुरु का घर है और हर सिख को एक बार यहां जरूर आना चाहिए। मुख्यमंत्री दरबार साहिब में गए। यहां उन्होंने मत्था टेका और गुरु गोलक में दान किया। यहां जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह एवं अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह ने मुख्यमंत्री, संसदीय मंत्री विजय कुमार चौधरी और जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा को आशीष रूप में सरोपा के साथ प्रसाद प्रदान किया। उन्होंने संतों का भी अभिवादन किया। गुरु महाराज के पवित्र वस्तुओं का दर्शन कराया गया। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 357वें प्रकाशोत्व के मौके पर पटनासिटी में हर साल भव्य आयोजन होता है। 15 से 17 जनवरी तक पटना साहिब में प्रकाश पर्व का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान देश के कई राज्यों से लाखों श्रद्धालु पटना साहिब पहुंचे है। उनके आवासन, खानपान आदि को लेकर व्यापक स्तर पर व्यस्था की गई है। पटना प्रशासन ने भी आगंतुकों का स्वागत के लिए विविध प्रकार की व्यवस्थाएं की हैं। प्रकाशोत्सव को लेकर सिख श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। **ये रहें मौजूद :** मुख्यमंत्री के साथ प्रधान सचिव दीपक कुमार, डॉ एस सिद्धार्थ, सचिव अनुपम कुमार, पर्यटन विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह, भवन निर्माण विभाग के सचिव सह प्रमंडलीय आयुक्त कुमार रवि, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पुलिस महानिरीक्षक पटना प्रक्षेत्र गरिमा मल्लिक, डीएम डॉ चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्र, नगर पुलिस अधीक्षक संदीप सिंह, एसडीओ गुंजन सिंह, एएसपी सरथ आरएस सहित अन्य अधिकारी भी थे। प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, महासचिव इंद्रजीत सिंह, वरीय उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह, कनीय उपाध्यक्ष गुरुविंदर सिंह, सचिव हरवंश सिंह और प्रबंधक कमेटी के सदस्यों की उपस्थिति में श्री साहिब (तलवार) भेंट की गई। संगतों व संतों की ओर से भी मुख्यमंत्री को सम्मानित किया गया। इसके बाद सीएम तख्तश्री कमेटी के द्वारा प्रकाशित पुस्तक गोविंद प्रकाश और कैलेंडर का लोकार्पण किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार जदयू प्रदेश कार्यालय पहुंचे नीतीश, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभालने के बाद पहली बार बुधवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पहुंचे। मुख्यालय पहुंचने पर पार्टी के नेताओं व कार्यकताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने कपूर्री सभागार में पार्टी के नेताओं एवं कार्यकताओं से शिष्टाचार मुलाकात की एवं कपूर्री ठाकुर जन्मशताब्दी समारोह के सफल आयोजन हेतु पार्टी स्तर पर चल रही तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, मंत्री विजय कुमार चौधरी, संजय कुमार झा, अशोक चैधरी एवं सांसद अनिल प्रसाद हेगड़े सहित पार्टी के स्थापना के प्रभारियों को सफल आयोजन के लिए निर्देशित किये। इस मौके पर पार्टी के विधान पार्षद संजय कुमार सिंह गांधी जी, ललन कुमार सर्राफ एवं रविंद्र प्रसाद सिंह, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव राजीव रंजन, पार्टी के मुख्यालय प्रभारी अरूण कुमार सिंह, चंदन कुमार सिंह, मनीष कुमार एवं सुनील कुमार सुषील, लोकप्रकाश सिंह, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ धर्मेन्द्र कुमार चंद्रवंशी, शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमरदीप, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अशरफ हुसैन, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नीतीश पटेल एवं छात्र प्रकोष्ठ के प्रदेष अध्यक्ष आनन्द मोहन मौजूद रहे। इस मौके पर इन लोगों ने जननायक कपूर्री ठाकुर की जन्मशताब्दी समारोह के तैयारी एवं प्रबंधन के संबंध में मुख्यमंत्री को अवगत कराया। पार्टी के मधेपुरा जिलाध्यक्ष रमेश ऋषिदेव, सारण जिलाध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू एवं खगड़िया जिलाध्यक्ष बबलू मंडल ने भी अपने जिला में की गई जयंती की तैयारी के संबंध में जानकारी दी।

- सीएम ने पार्टी नेताओं व कार्यकताओं से पूछा कुशलछेम
- सीएम ने जननायक जन्मशताब्दी समारोह की तैयारी के बारे में ली जानकारी

सूबे में कड़ाके की ठंड जारी, 20 जनवरी के बाद राहत की उम्मीद

- कोहरे व शीतलहर से जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राजधानी पटना सहित पूरे बिहार में कड़ाके की ठंड जारी है। तापमान में लगातार गिरावट के कारण आम जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हो गया है। पूरे प्रदेश में कोल्ड डे की स्थिति बनी हुई है। लोग कंपकंपाती ठंड का कहर झेलने को मजबूर है। कोहरे व शीतलहर का सितम भी जारी है। कनकनी का असर राजधानी की सड़कों पर दिखेने को मिला। ठंड से बचने के लिए लोग घर में दुबके रहें। कोहरे व बादलों की घेराबंदी पर सूर्य देवता का भी जोर नहीं चला। खराब मौसम का ट्रेन से लेकर हवाई जहाज तक के परिचालन पर असर पड़ रहा है। प्रदेश में फारबिसगंज बुधवार को सबसे ठंडा रहा, जहां का न्यूनतम तापमान 6.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पटना मौसम विभाग के मुताबिक, बुधवार को पटना का न्यूनतम तापमान 7.1 डिग्री, गया का 6.7 डिग्री, भागलपुर का 10.1 डिग्री, मोतिहारी का 7.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

पटना मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एस के पटेल ने बताया कि धरती की सतह पर पछुआ जबकि ऊपरी क्षेत्र में पुरवा हवा चल रही है। इस कारण अगले एक दो दिनों तक कोहरे की स्थिति बनी रहेगी। इस दौरान दिन भर शीत दिवस जैसी स्थिति रहेगी। उन्होंने बताया कि अगले दो दिनों तक यही स्थिति रहने की संभावना है। हालांकि उन्होंने पूवानुर्मान में कहा कि प्रदेश के दक्षिण - पूर्व और दक्षिण - मध्य के कुछ इलाकों में बूंदाबांदी के भी आसार बने हुए हैं। इधर, पटना जिला प्रशासन ने ठंड के कारण सभी सरकारी और निजी स्कूलों में क्लास आठ तक की पढ़ाई को 20 जनवरी तक बंद रखने के निर्देश दिए हैं। क्लास नौवीं तथा उसके ऊपर की पढ़ाई सुबह नौ बजे से शाम 3.30 बजे के बीच होगी। इससे पहले क्लास आठ तक की पढ़ाई 13 से 16 जनवरी तक बंद थी। बढ़ते ठंड को देखते हुए बच्चों को एवं बुजुर्गों को खासकर बीमार रहने वाले मरीज को भी मौसम विभाग ने घर से बाहर निकलने पर सावधानी बरतने का निर्देश दिया है।

मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव आज पहुंचेंगे पटना

होडिंग, बैनर व झंडों से पटी राजधानी, कई जगह बने तोरण द्वार

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव अपनी एकदिवसीय बिहार दौरे पर आज पटना पहुंचेंगे। यात्रा के क्रम में वह कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। श्री यादव के सम्मान मे पटना की सडके होडिंग, बैनर और झंडो से सजाया गया है। समाज के लोगों द्वारा उनके स्वागत में कई स्थानों पर तोरण द्वार बनवाए गए हैं। शहर के जिन मार्गों से श्री यादव का आना - जाना है उन सड़कों को दुल्हन की तरह सजाया गया है। श्री यादव के बिहार दौरे को लेकर समाज के स्थानीय लोगों में गजब का उत्साह देखा जा रहा है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव गुरूवार को सुबह 11 बजे पटना हवाई अड्डे पर पहुंचेगे, जहां पूरे बिहार से आए समाज के प्रबुद्ध जन उनका भव्य स्वागत करेगे। पटना हवाई अड्डा से जुलूस की शक्ल मे मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल पहुंचेगे जहाँ श्री कृष्ण चेतना विचार मंच के बैनर तले समाज के विभिन्न क्षेत्र से आए लोग उनका अभिनंदन करेंगे। अभिनंदन समारोह के पश्चात माननीय मुख्यमंत्री भाजपा प्रदेश मुख्यालय पहुंचेगे, जहाँ भाजपा प्रदेश पदाधिकारी से परिचयात्मक मुलाकात करेगे। इसके बाद वे अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ इस्कॉन मंदिर जाएंगे जहां वे भगवान कृष्ण की पूजा अर्चना करेंगे और आशीर्वाद लेंगे। मुख्यमंत्री अपने एकदिवसीय दौरे के समापन के बाद संध्याकाल भोपाल को प्रस्थान करेगे।

गठबंधन में इतनी जल्दी सीट शेयरिंग नहीं होती : लालू

प्रात : किरण

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने बुधवार को साफ कर दिया कि इतनी जल्दी सीट शेयरिंग नहीं होती है। इस दौरान उन्होंने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में जाने से साफ मना कर दिया। पटना में चर्चा के दौरान जब पत्रकारों ने इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर विवाद के विषय में पूछा तो लालू ने बेबाकी से कहा कि गठबंधन में इतनी जल्दी सीट शेयरिंग नहीं होती है। अयोध्या में श्री राम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेने पर राजद अध्यक्ष ने साफ मना कर दिया। उन्होंने कहा कि वे इस समारोह में नहीं जाएंगे। बिहार के मुख्यमंत्री और गठबंधन के सहयोगी नीतीश कुमार की नाराजगी के संबंध में जब उनसे पूछा गया तो वे इस प्रश्न को ही टालते नजर आएं।



मणिपुर हिंसा में पुलिस कमांडो व महिला की मौत

प्रात : किरण

इंफाल/एजेंसी। म्यांमार सीमा से लगे मणिपुर के मोरेह में संदिग्ध उग्रवादियों के हमले में मणिपुर पुलिस के एक कमांडो की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बुधवार को बताया कि जब सुरक्षाबलों ने तीन घायल सुरक्षाकर्मियों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाने की कोशिश की तो महिलाओं सहित कुछ आदिवासियों ने इसमें बाधा डाली और उनके साथ झड़प की। इस झड़प में इंफाल से 110 किमी दूर मोरेह की सीमा पर एक आदिवासी महिला की मौत हो गई और कुछ अन्य घायल हो गए। ब्इंफाल में पुलिस अधिकारियों ने कहा, संदिग्ध उग्रवादियों ने सुरक्षाबलों पर हमला कर दिया। जिसमें एक पुलिस कमांडो वांगखेम सोमरजीत की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। सुरक्षाबल उग्रवादियों को पकड़ने के लिए तेंगनौपाल जिले के अंतर्गत मोरेह में विभिन्न वाहनों में तलाशी अभियान पर थे। सोमरजीत इंफाल पश्चिम जिले के मालोम इलाके के रहने वाले हैं।

प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर राजधानी में जोरदार तैयारी

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। अयोध्या में श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पूरे बिहार में उत्साह है। धार्मिक, सामाजिक और व्यवसाई संगठनों के साथ प्रदेशवासी भी इस दिन को खास बनाने की तैयारी में जुटे हुए हैं। एक अनुमान के मुताबिक, उस दिन करोड़ों दीए पटना में जलाए जाएंगे। कई संगठनों ने दीए को लेकर अग्रिम बुकिंग करा ली है। इस बीच, पटना जंक्शन स्थित प्रसिद्ध महावीर मंदिर से जय श्री राम के उद्घोष के बीच मंगलवार को राम रथ को श्री राम ध्वज दिखाकर रवाना किया गया। महावीर मंदिर से रवाना यह राम रथ शहर के विभिन्न इलाको में घूम-घूमकर लोगों को 22 जनवरी को डाकबंगला चौराहे पर आकर राम-धुन, भजन के साथ हवन पूजन और प्रसाद के लिये आमंत्रित करेगा। 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर को ऐतिहासिक और अविस्मरणीय बनाने के लिए राजधानी पटना में श्री रामनवमी शोभायात्रा अभिनंदन समिति ने भव्य तैयारी की है, जिसके अंतर्गत 51 हजार दीपों से पटना के डाकबंगला चौराहे को जगमग किया जाएगा, इसके साथ ही लगभग सवा लाख दीप पटना के 50 से भी ज्यादा पूजा समितियों और व्यापारिक संगठनों के बीच वितरित किए जाएंगे। बताया गया कि एक दिन पहले यानी 21 जनवरी से चौबीस घंटे का अष्टजाम और प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत भजन पूजन और हवन का आयोजन भी डाकबंगला पर चौराहे पर किया जाएगा।

भारत में 14-18 वर्ष आयु वर्ग के 86.8 प्रतिशत से अधिक युवा शैक्षणिक संस्थानों में पंजीकृत : रिपोर्ट

- आप 14-18 वर्ष आयु वर्ग के 25 प्रतिशत छात्र पाठ्य सामग्री धाराप्रवाह नहीं पढ़ सकते

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। देश में 14-18 वर्ष आयु वर्ग के 86.8 प्रतिशत से अधिक युवा शैक्षणिक संस्थानों में पंजीकृत हैं जिनमें से आधे से अधिक छात्रों ने मानविकी पाठ्यक्रम में दाखिला लिया है। शिक्षा संबंधी वार्षिक स्थिति रिपोर्ट (एएसईआर) में बुधवार को यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट में रेखांकित किया गया है कि 14-18 वर्ष आयु वर्ग के 25 प्रतिशत छात्र अपनी क्षेत्रीय भाषाओं में कक्षा-दो के स्तर की पाठ्य सामग्री धाराप्रवाह नहीं पढ़ सकते। रिपोर्ट ने शैक्षणिक संस्थानों में पंजीकरण में कम लैंगिक अंतर का उल्लेख किया है, लेकिन इसने विभिन्न आयु वर्गों के बीच उल्लेखनीय अंतर को चिह्नित किया है। इसमें कहा गया है, अधिक आयु के युवाओं के पंजीकरण नहीं कराने की संभावना अधिक है।

चौदह वर्ष के 3.9 प्रतिशत छात्रों और 18 वर्ष के 32.6 प्रतिशत छात्रों ने पंजीकरण नहीं कराया। पिछले साल की रिपोर्ट के अनुसार, छह से 14 वर्ष की आयु वर्ग के छात्रों के पंजीकरण का स्तर 2010 में 96.6 प्रतिशत, 2014 में 96.7 प्रतिशत और 2018 में 97.2 प्रतिशत से बढ़कर 2022 में 98.4 प्रतिशत हो गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि कक्षा 11 एवं 12 के 55 प्रतिशत से अधिक छात्रों ने मानविकी पाठ्यक्रम में दाखिला लिया और इसके बाद छात्रों ने विज्ञान एवं वाणिज्य संबंधी पाठ्यक्रमों में दाखिला लिया। इसमें बताया गया कि छात्रों की तुलना में कम छात्राओं के एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, गणित) पाठ्यक्रमों में पंजीकरण कराने की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कोविड-19 महामारी के दौरान आजीविका का साधन नहीं होने के कारण छात्रों के स्कूल छोड़ देने का डर निराधार पाया गया। इसमें बताया गया है कि वर्तमान में केवल 5.6 प्रतिशत युवा व्यावसायिक प्रशिक्षण ले रहे हैं या अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में पढ़ रहे हैं।

सौगात पीएम ने कोच्चि में 4000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को राष्ट्र को किया समर्पित

भाजपा तेज विकास के प्रमाणित ट्रैक रिकॉर्ड वाली एकमात्र पार्टी : मोदी

प्रात : किरण

कोच्चि/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी भारत में एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसके पास तेज विकास का प्रमाणित ट्रैक रिकॉर्ड और भविष्य के लिए स्पष्ट दृष्टिकोण है। प्रधानमंत्री यहां मरीन ड्राइव में दो से तीन बूथ स्तर के क्षेत्रों वाले शक्ति केंद्रों के लगभग 6,000 प्रभारियों की एक पार्टी बैठक को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में उन्होंने नागरिकों के कल्याण के लिए अपनी सरकार द्वारा लागू की गई विविध पहलों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक पिछले नौ साल में भारत में करीब 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है। प्रधानमंत्री ने तर्क दिया, यह इंगित करता है कि हमने विकसित राष्ट्र के लिए जो दिशा ली है वह सही है। उन्होंने कहा, भाजपा भारत की एकमात्र पार्टी है जिसके पास तीव्र विकास का प्रमाणित ट्रैक रिकॉर्ड और भविष्य के लिए स्पष्ट दृष्टिकोण है। प्रधानमंत्री ने पार्टी कार्यकताओं से लोगों को यह बताने का भी आग्रह किया कि केरल में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा और संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा का ट्रैक रिकॉर्ड भ्रष्टाचार के इतिहास का पर्याय है। मोदी ने मंगलवार को राज्य में पहुंचने पर हुए स्वागत का भी जिक्र किया और कहा कि केरल के लोगों ने उन्हें जो प्यार और स्नेह दिखाया है, उससे वह अभिभूत हैं। उन्होंने कहा कि मंगलवार को कोच्चि पहुंचने पर और आज सुबह त्रिप्रयार श्री रामास्वामी मंदिर जाने के रास्ते पर लोगों ने उन्हें आशीर्वाद दिया।

इससे पहले प्रधानमंत्री ने बुधवार को कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड में प्रमुख रणनीतिक पहलों सहित 4,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया और कहा कि इनसे देश के दक्षिणी क्षेत्र के विकास को गति देने में मदद मिलेगी। परियोजनाओं में 310 मीटर लंबा ड्राई डॉकह्न और अंतर्राष्ट्रीय जहाज मरम्मत सुविधा शामिल हैं। ड्राई डॉक का निर्माण अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार किया गया है जबकि आईएसआरएफ भारत का पहला पूरी तरह से विकसित शुद्ध जहाज मरम्मत पारिस्थितिकी तंत्र है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के एलपीजी आयात टर्मिनल का उद्घाटन भी किया।

पीएम ने केरल के प्रसिद्ध त्रिप्रयार श्री रामास्वामी मंदिर में की प्रार्थना : कोच्चि। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी केरल यात्रा के दौरान बुधवार को त्रिशूर में स्थित प्रसिद्ध त्रिप्रयार श्री रामास्वामी मंदिर में प्रार्थना की। दरअसल, प्रधानमंत्री अभिनेता सुरेश गोपी की बेटी की शादी में शामिल होने के लिए गुरुवयूर के श्री कृष्ण मंदिर पहुंचे थे। इसके बाद वह त्रिप्रयार में भगवान राम को समर्पित महत्वपूर्ण मंदिरों में से एक में पहुंचे। त्रिप्रयार मंदिर के अधिकारियों ने जब सुना कि मोदी गुरुवयूर में विवाह समारोह में शामिल होने के लिए आ रहे हैं, तो उन्होंने पीएम को एक पत्र लिखा और उन्हें अपने मंदिर में भी आने के लिए आमंत्रित किया। मंदिर के अधिकारियों ने मोदी का स्वागत किया। मंदिर के अंदर मोदी ने प्रार्थना की और पारंपरिक मीनूटू में भाग लिया, जहां उन्होंने मंदिर के तालाब में मछलियों को खाना खिलाया। इसके बाद, पीएम मोदी ने एक संक्षिप्त संगीत कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

संक्षिप्त खबरें

मनोज यदुवंशी बने प्रदेश सचिव

फतुहा। मकसूदपुर गांव निवासी मनोज यदुवंशी को राजद के पंचायती राज प्रकोष्ठ का प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया है। यह मनोनयन प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह विद्यार्थी ने लालू प्रसाद के निर्देश पर किया गया है। मनोज यदुवंशी के प्रदेश सचिव बनने पर खनन मंत्री डॉ रामानंद यादव, दयानंद यादव, अरविंद यादव, धर्मवीर गोप, गौरी शंकर कुमार, राम प्रसाद, दीना नाथ यादव, भोला सिंह समेत दर्जनों राजद कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

बाजार से महिला चोर गिरफ्तार

दानापुर खगौल। थाना क्षेत्र के अंतर्गत बुधवार को खगौल जय राम बाजार के स्थानीय दुकानदारों ने एक महिला चोर को पकड़कर पुलिस के हवाले किया गिरफ्तार महिला चोर सिपारा पटना की रहने वाली राजकुमार की पत्नी सुशीला देवी है। जानकारी के मुताबिक गिरफ्तार महिला चोर पिछले 6 जनवरी को आर्य समाज स्थित एक दुकानदार के दुकान में खरीदारी करने आई एक महिला का पर्स लेकर फरार हो गई थी। उसे समय इस महिला का यह वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो चुका था वहीं बुधवार को वृंदावन कॉलोनी की रहने वाली नीतू कुमारी ने खगौल थाना में लिखित आवेदन देते हुए कहा कि बाजार में एक ज्वेलरी की दुकान में अपना चांदी व सोने के आभूषण बेचने आई थी, पर सही रुपए नहीं मिलने के कारण वह अपना आभूषण अपने बैग में एक छोटे से पर्स में रखकर घर जा रही थी। इसी क्रम में जयराम बाजार से जब वह गुजर रही थी तभी भीर वाली क्षेत्र में उसका किसी ने बैग खोलकर जेवर रखा पर्स निकाल लिया। तब वह चिल्लाने लगी कुछ लोगों के प्रयास से एक महिला के शक के आधार पर पुलिस को सूचना दी गई पुलिस ने जब निशा कुमारी की तलाशी ली तो जब गिरफ्तार चोरनी निशा कुमारी की तलाशी के दौरान नीतू कुमारी के पर्स से चुराया गया वह जेवर भी उसी के पास से निकला। इस संबंध में थाना अध्यक्ष कुलदेव चौधरी ने बतलाया कि गिरफ्तार महिला से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेजने की तैयारी कर रही है।

असामाजिक तत्वों द्वारा की गई फायरिंग

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोलारोड स्थित असामाजिक तत्वों के द्वारा फायरिंग कर दहशत फैलाने को मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने मारपीट की बात बताते हुए एक व्यक्ति का जख्मी होने की बात बतायी है। बीते रात बाइक सवार कुछ असामाजिक तत्व ने हल्ला करते हुए कुछ दुकानदारो को दुकान बंद करने की बात कहते हुए हवाई फायरिंग किया। लोगो की माने तो पुलिस गश्त सही नही होने के कारण असामाजिक तत्वो को जमावड़ा गोलारोड में लगा रहता है। उधर थानाध्यक्ष रण विजय कुमार ने फायरिंग की बात से इंकार करते हुए बताया कि मारपीट व रोडाबाजी की बात सामने आयी है। जिसमें एक व्यक्ति जख्मी है। जिसे इलाज के लिए पारस में भर्ती कराया गया है। जख्मी के ब्यान के लिए पुलिस अधिकारी को भेजा गया है। ब्यान आने के बाद घटना की सही पता चल पायेगा।

माह ए रजब की नौचंदी आज, दरगाह चमरू डंडिया में आयोजन

पटना सिटी (प्राकि)। अरबी कलेंडर के हर महीना के प्रथम गुरुवार को नौचंदी का आयोजन किया जाता है। परंतु माह ए रजब की नौचंदी का विशेष महत्व है। इस वर्ष माह ए रजब की नौचंदी कल गुरुवार को है। इसके लिए दरगाह परिसर को सजाया-संवारा जा रहा है। अकीदतमंदों को किसी प्रकार का कष्ट न हो, इसके लिए विशेष व्यवस्था की गई है। यह जानकारी दरगाह के सचिव शाह जौहर इमाम जॉनी ने दी। उन्होंने बताया कि प्रोग्राम का शाम सात बजे हाजरी हजरत अब्बास अलहसलाम से होगा। इसके बाद मजलिस का आयोजन होगा। इसे मौलाना सैयद असद राजा साहेब संबोधन करेंगे। मजलिस के बाद बिहार की मशहूर अंजुमन जीनत ए अजा दस्ता ए सज्जादिया नोहाखानी करेगी। शाह जौहर इमाम ने सभी अकीदतमंदों से समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है।

बाबा भूरीवाले ने सीएम नीतीश को सरोपा व श्री साहिब किया भेंट

गुरुद्वारा बाललीला की व्यवस्था को देख खुश दिखे सीएम नीतीश

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का लगाव यहां के तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब, जो गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का अवतार स्थल है, के साथ ही गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत से भी है। इसके पीछे कारण रहा है कि सीएम नीतीश कुमार गुरुद्वारा बाललीला के प्रबंधन, खासकर रिहाइश, लंगर की व्यवस्था से लेकर ट्रांसपोर्टेशन आदि से खासे खुश दिखते हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में दर्शन दीदार करने के बाद गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत पहुंचे। यहां बाबा कश्मीर सिंह भूरीवाले, बाबा सुखविंदर सिंह, बाबा गुरविंदर सिंह आदि ने उनका स्वागत किया। इसके बाद सभी सीधे दरबार साहिब में गए। मुख्यमंत्री के साथ में संसदीय मंत्री विजय कुमार चौधरी और जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा भी थे। बाबा कश्मीर सिंह भूरीवाले ने मुख्यमंत्री को आशीष स्वरूप सरोपा और श्री साहिब (तलवार) भेंट किया। इसके अलावा साथ में रहे मंत्री विजय चौधरी एवं संजय झा को भी आशीर्वाद रूप में सरोपा प्रदान किया। इसके बाद सभी लंगर हॉल में गए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बाबा भूरीवाले के साथ उनके खाट पर ही बैठे। दोनों के बीच विकास कार्यों को लेकर चर्चा भी हुई। इस दौरान जब सीएम नीतीश कुमार को लंगर छकने के लिए कहा गया, तो उन्होंने इनकार किया और अस्वस्थता का वास्ता दिया। हालांकि बाद में उन्होंने प्रसाद रूप में खीर ग्रहण किया। बाबा कश्मीर सिंह भूरीवाले ने कहा कि उनकी इच्छा है कि मंगल तालाब परिसर के सौंदर्यीकरण का काम हो। साथ ही पटना साहिब स्टेशन पर महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव के साथ ही यहां यात्रियों की सुविधा भी बहाल हो। सीएम के यह कहने पर कि इस बार संगतों की भीड़ कम है। इस पर बाबा भूरीवाले ने कहा कि पटना साहिब स्टेशन पर एक्सीलेटर और लिफ्ट नहीं लगाया जा सका है, जबकि प्लेटफार्म संख्या दो और तीन का एक बड़ा हिस्सा शेड विहीन है। अधिकांश ट्रेनें लेट लतीफ हैं या रद्द हो गई हैं। अधिकांश फ्लाइट भी कुहासा के कारण रद्द हो रही है। गुरु पर्व पर स्पेशल ट्रेन चलाने की कभी घोषणा नहीं की गई। अन्य कारणों से भी इस बार संख्या कुछ कम जरूर है।

बिहार सरकार प्रकाश पर्व पर संगतों के सुख-सुविधा की व्यवस्था करती है: तेजस्वी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व पर मत्था टेकने के लिए बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी पहुंचे। उनके साथ सांसद मनोज झा एवं अन्य भी थे। यहां आने के बाद उनका स्वागत कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्यों के साथ ही सुमित सिंह कलसी आदि ने किया। यहां से मंत्री तेजस्वी सीधे दरबार साहिब गए। यहां उन्होंने गुरु महाराज के समक्ष मत्था टेका और प्रार्थना की। इस दौरान जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह एवं अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह ने डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव एवं सांसद मनोज झा के अलावे अन्य को आशीष रूप में सरोपा एवं प्रसाद प्रदान किया। उन्हें गुरु महाराज के धरोहरों के दर्शन भी कराए गए। श्री तेजस्वी नतमस्तक होकर उसे छूकर नमन किया। वह कुछ देर दरबार साहिब में बैठे और इसके बाद विशेष दीवान हाल में गए। यहां मंचासीन होकर उन्होंने कीर्तन सुना। लौटने के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि प्रकाश पर्व पर यहां गुरु महाराज के समक्ष नतमस्तक होने का मौका मिला है।

सरकार हमेशा से प्रकाश पर्व पर देश-विदेश से आने वाली सिख संगतों के लिए सारी व्यवस्थाओं को अंजाम देती है। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारी और सदस्यों का इंतजाम तो होता ही है, लेकिन इसके अलावा जहां बिहार सरकार और पुलिस प्रशासन के स्तर से मदद की जरूरत होती है, वह भी इन सबों को दी जाती है। वर्तमान में बिहार सरकार ने संगतों के रहने के लिए मालसलामी में ओपी साह सामुदायिक भवन एवं पटना साहिब भवन उपलब्ध कराया है। संगतों को पटना-राजगीर भ्रमण के लिए इलेक्ट्रिक बसें उपलब्ध कराई हैं। हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं। सरकार हमेशा से गुरु प्यारी संगत की सुख-सुविधा का ख्याल रखते रही है। वह यहां पहुंचे सभी सिख संगतों का अभिवादन करते हैं। साथही जो भी यहां रागी जत्था और संत महापुरुष अपने वाणियों और कीर्तन से संगतों और बिहार और देश नहीं, बल्कि दुनिया के लोगों को संदेश देने का काम किया है, उनका भी अभिनंदन करते हैं।

प्रकाश उत्सव को विशेष दीवान में कथा व कीर्तन से संगत निहाल

- दरबार साहिब व विशेष दीवान में दर्शन दीदार को रही लाइन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 357वें प्रकाश उत्सव को लेकर तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में मनाया जा रहा है। विशेष दीवान सालस राय जौहरी दीवान हॉल में सजा। इसमें शबद कीर्तन और कथा सुन संगत निहाल हुई। आयोजन में रागी भाई जोगिंदर सिंह, भाई हरजोत सिह जख्मी, भाई जोधवीर सिंह, भाई गुरमीत सिंह शांत, भाई अंतरवीर सिंह यूकेवाले, भाई गुरइकबाल सिंह, कविश्री भाई जसवीर सिंह मत्तेवाला, भाई बलविंदर सिंह रंगीला और भाई चमनजीत सिंह लाल दिल्लीवाले ने शबद कीर्तन कर मौजूद संगतों को निहाल किया।

विशेष दीवान में कथा लुधियाना के ज्ञानी सबरजीत सिंह और जम्मू-कश्मीर के प्रचारक ज्ञानी हरविंदर सिंह ने गुरु महाराज के जीवन दर्शन पर कथा कही। इसके बाद तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह ने गुरु महाराज के जीवन से जुड़े शस्त्रों का दर्शन कराया। इसके बाद अरदास किया गया। अरदास, हुकुमनामा के बाद कड़ाह प्रसाद का वितरण किया गया। इससे पहले सुबह में दरबार साहिब में आशा दी वार भाई ज्ञान सिंह और शबद कीर्तन भाई माता बीबी कौला सेवा भलाई केंद्र के गुरइकबाल सिंह व कथा ज्ञानी सुखदेव सिंह ने कही। संत समागम में बाबा महंत करमजीत सिंह यमुनानगरवाले, नानकसर कलेड़ा के संत बाबा घाला सिंह जी, खोसाकोटला के संत ज्ञानी गुरजीत सिंह व संत दर्शन सिंह शास्त्री निर्मल सहित अन्य संतों ने गुरु महाराज के जीवन दर्शन और उनके साहस व कार्य पर कथा कही। शाम को

विशेष दीवान में कीर्तन भाई कविंदर सिंह ने किया। इसके बाद रहिरास साहिब का पाठ, आरती, अरदास व हुकुमनामा के बाद कथा संत ज्ञानी गुरमीत सिंह खोसा कोटला ने कही। इसके बाद सजे कीर्तन दरबार में भाई जोधवीर सिंह, कीर्तन अनहद वाणी जत्था बड़ू साहिब, हरजोत सिंह जख्मी, गुरु इकबाल सिंह, भाई बलविंदर सिंह रंगीला, अंतरवीर सिंह यूकेवाले और गुरमीत सिंह शांत ने शबद कीर्तन कर संगत को निहाल कर दिया।

पालीगंज के लाल हुए लद्धाख में शहीद, गांव व आसपास में छाई मायूसी

प्रात : किरण संवाददाता

पालीगंज भारतीय सेना में कार्यरत अनुमंडल सह प्रखंड क्षेत्र के खिरीमोड थाना अंतर्गत खिरीमोड गांव के लाल काश्मीर के लद्धाख में शहीद हो गया। जिसकी सूचना बुधवार को आते ही उनके पैतृक गांव व आसपास के इलाके में मायूसी छा गयी। जानकारी के अनुसार पालीगंज अनुमंडल सह प्रखंड क्षेत्र के खिरीमोड थाना अंतर्गत खिरीमोड गांव निवासी विद्यानन्द सिंह के पुत्र मनोज कुमार भारतीय सेना में कार्यरत थे। जो काश्मीर के लद्धाख में सिमा पर तैनात थे। जिन्हें शहीद हो जाने की सूचना बुधवार को उनके पैतृक गांव पहुंची। इस तरह की दुखद सूचना फैलते ही गांव व आसपास के इलाके में शोक की लहर दौड़ गयी। वही घटना की सूचना मिलते ही परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। वही बुधवार की शाम तक शव उनके पैतृक गांव नही पहुंची है। लेकिन उनकी अंतिम दर्शन को लेकर ग्रामीण बेसब्री से इंतजार कर रहे है। बताया जा रहा है कि शहीद मनोज कुमार के पिता एक मध्यमवर्गीय किसान है। वही मनोज कुमार चार भाइयो में सबसे बड़े थे। जिन्हें भारतीय सेना में योगदान देते ही घर की आर्थिक स्थिति में सुधार हुई थी। साथ ही उनकी शादी भी हो चुकी थी। उनके दो छोटे बच्चियां भी है जिसकी आयु लगभग 4 वर्ष व 2 वर्ष है। इस तरह भरे पूरे परिवार की परवरिश करनेवाले पुत्र के चले जाने से उनके पिता काफी चिंतित है।

पांच सरोवरों के लाए जल से दरबार साहिब में कराया स्नान

प्रात : किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। बाबा बूढ़ा वंशज दल संप्रदाय के संत बाबा प्रो निर्मल सिंह रंधावा टीम के साथ पटना साहिब पहुंचे हैं। वे पंजाब के पांच सरोवर का जल लेकर तख्तश्री पटना साहिब पहुंचे हैं। संत बाबा के साथ जल लाने में भाई अजमेर सिंह बहल, भाई गुरदेव सिंह, भाई संता सिंह, भाई यादवेंद्र सिंह, भाई बलदेव सिंह, भाई रघुवीर सिंह और भाई गुरशेर सिंह शामिल हैं। पांच सरोवर के जल से बुधवार की अल सुबह दरबार साहिब में अमृतबेला में तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह, अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी दिलीप सिंह आदि ने धार्मिक अनुष्ठान के बीच गुरु महाराज को स्नान कराया। इसके बाद सभी गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत पहुंचे। यहां पर संत बाबा कश्मीर सिंह भूरीवाले को कलश में जल अर्पित किया गया।

बाललीला गुरुद्वारा में जन्मोत्सव आज

प्रात : किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व के देर रात समापन के बाद कल गुरुवार को गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत में जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस बाबत मंगलवार से यहां श्री अखंड पाठ चल रहा है। बाबा सुखविंदर सिंह एवं बाबा गुरविंदर सिंह ने बताया कि गुरुवार को अखंड पाठ की समाप्ति के बाद संत महापुरुषों के द्वारा कथा किया जाएगा। इसके अलावा प्रमुख रागी जत्था के द्वारा कीर्तन भी किया जाएगा। अरदास और हुकुमनामा के बाद प्रसाद का वितरण होगा। यहां बाबा कश्मीर सिंह भूरीवाले की देखरेख में लगातार गुरु का अटूट लंगर चल रहा है।

राज्यपाल ने भी दशमेश दरबार में मत्था टेक लिया आशीर्वाद

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर भी दशमेश पिता के 357वें प्रकाश पर्व पर तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब पहुंचे। यहां उनका स्वागत कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह, गुरुविंदर सिंह, महासचिव इंद्रजीत सिंह, सचिव हरबंश सिंह, सुमित सिंह कलसी आदि ने किया। वे सीधे दरबार साहिब गए। यहां उन्होंने मत्था टेका और गुरु से प्रार्थना की। इसके बाद जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह एवं अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह ने उन्हें आशीष रूप में सरोपा और प्रसाद प्रदान किया। वह दरबार साहिब की परिक्रमा करने के बाद वापस वीआईपी लॉउंज पहुंचे। यहां कमेटी के पदाधिकारी, सदस्यों व संगतों से बात की। इसके बाद वह वापस लौट गए।

एक दिवसीय नाट्य, संगीत व विमर्श का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

फतुहा। जय फाउंडेशन जेठुली के मासिक कार्यक्रम के अंतर्गत ह्य जुगनू ह्य एक दिवसीय नाट्य, संगीत व विमर्श का सहाय बैंक्वेट हॉल, कच्चीदरगाह फतुहा में भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि अमित कुमार अध्यक्ष नगर परिषद संपतचक पटना, श्रीमती शबनम लता, सुभ्रो भट्टाचार्या , राजू राय, प्रियरंजन सहाय, मुखिया मनोज यादव, सुनील कुमार कर्मवीर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक सचिव नीतीश कुमार ने बताया कि संस्था की यह पहल मासिक कार्यक्रम ह्य जुगनू ह्य इस क्षेत्र में पुनः साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में जगमगाएगा। इस एकदिवसीय कार्यक्रम में मुंशी प्रेमचंद की कहानी पर आधारित नाटक शादी की वजह और भिखारी ठाकुर जी के लोकगीतों की प्रस्तुति में संस्था रंगदर्शन आर्ट नोनपुर और ओपेरा आर्ट सोसाइटी बेगुसराय के कलाकारों ने भाग लिया, शशीकांत कुमार, हरिकिशोर ठाकुर, सिकंदर कुमार शर्मा, रंजन कुमार, सचिन कुमार, मनोज शर्मा और नंदराज, नेपथ्य में प्रकाश राहुल रवि, नीरज कुमार नाट्य रूपांतरण और निर्देशन हरि किशोर ठाकुर वहीं विचार विमर्श सांस्कृतिक और सामाजिक विषय पर वक्ता हसन इमाम थे। वहीं इस मौके पर पटना रंगमंच से आए रंगकर्मी श्री पापू ठाकुर, सत्य प्रकाश, उत्तम कुमार व समाजसेवी प्रध्दुमान यादव, धर्मवीर यादव, चिंटू, भूषण, अभिषेक आर्य, अभिनाश, अरविंद, रोहित, हर्ष, अभिषेक, अनिल राज और सुधीर पासवान शामिल हुए।

बैंड बाजा की धुन, जयकारा व पुष्प वर्षा के बीच मना प्रकाश पर्व

जन्म कथा रागी जोगिंदर सिंह ने कही, पाठ, आरती व अरदास के साथ समापन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

वाहो वाहो गोविंद सिंह जी कलियां वाले गोविंद सिंह जी... बोले सो निहाल सतश्री अकाल के जयकारे और बैंड की धुन तहि प्रकाश हमारा भयो... के साथ पुष्प वर्षा और आतिशबाजी के साथ सबों ने प्रकाश पर्व की एक-दूसरे को बधाइयां दीं। मौका सिखों के अंतिम देहधारी गुरु सर्वंशदानी गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का पावन प्रकाश पर्व का था। मुख्य कार्यक्रम शाम में विशेष दीवान हॉल में हुआ, जहां कीर्तन रागी जत्था भाई कविंद्र सिंह ने किया। इसके बाद रहिरास साहिब का पाठ, आरती, अरदास और हुकुम लिया गया। संत ज्ञानी गुरमीत सिंह जी खोसा कोटलावाले ने कथा कही। इसके बाद कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। इसमें श्री दरबार साहिब से आए रागी जत्था जोधवीर सिंह, अनहद वाणी जत्था बड़ू साहिब, जालंधर के भाई हरजोत सिंह जी जख्मी ने कीर्तन किया। ज्ञानी गगनदीप सिंह ने कथा कही। कीर्तन रागी जत्था माता कोला साहब भलाई केंद्र के गुरु इकबाल सिंह, चंडीगढ़ के भाई बलविंदर सिंह जी रंगीला, भाई अंतरबीर सिंह यूकेवाले, जालंधर के भाई गुरमीत सिंह जी ने पेश किया। इसके बाद पिछले दिनों से चल रहे श्री अखंड पाठ की समाप्ति हुई। जन्म समय की कथा हजूरी रागी जत्था भाई जोगिंदर सिंह ने की। इसके बाद आनंद साहिब जी का पाठ हुआ। आरती हुई। फिर अरदास किया गया। हुकुम सिंह साहेब जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह के द्वारा लिया गया। इसके बाद दीवान की समाप्ति हुई। तदुपरांत बैंड बाजा वालों ने गुरुवाणी की धुन तहि प्रकाश हमारा भयो पटना शहर बिखे भव लयो.. की धुन बिखेरी। लोगों ने पुष्प वर्षा की। आतिशबाजी की गई। नगाड़ा भी बजाया गया। इसके साथ ही लोगों ने जयकारा करते हुए एक-दूसरे को बधाइयां दीं। प्रकाश पर्व की रात मूल गर्भ ग्रह के दर्शन के लिए संगतों से दरबार साहिब खचाखच भरा था। संगत एक बार दर्शन करना चाहती थी। वहीं दरबार साहिब में प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह, गुरुविंदर सिंह, महासचिव इंद्रजीत सिंह, सचिव हरबंश सिंह, सदस्य राजा सिंह, महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन, हरपाल सिंह जौहल, आरएस जीत, रणजीत सिंह, के अलावा सुमित सिंह कलसी, रविंद्र सिंह, सूरज सिंह नलवा, परमजीत सिंह, प्रीतपाल सिंह, दमनजीत सिंह रानू, अमरजीत सिंह, दीपक लांबा, मनोहर सिंह बग्गा, प्रेम सिंह, इंद्रजीत सिंह बग्गा सहित अनेक संत महापुरुषों, रागी जत्था को सरोपा आशीष रूप में दिया गया। मौके पर अधीक्षक दलजीत सिंह, मैनेजर हरजीत सिंह, दिलीप सिंह पटेल, पपिंदर सिंह आदि व्यवस्था में लगे थे।

पटना सिटी (प्राकि)। प्रकाश पर्व की देर शाम पुलिस ने मोर्चा संभाला। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अनेक प्रयास किया गया। दरअसल रात नौ बजे के बाद से ही लोगों का दरबार साहिब और विशेष दीवान हाल में जुटना शुरू हो गया था। वहां अनेक लोग तो खुले आकाश के नीचे तख्त साहिब के परिसर में बैठकर बड़े स्क्रीन पर लाइव प्रोग्राम देख रहे थे। यही स्थिति सालिस राय जौहरी विशेष दीवान की भी थी।

एम्स : मेसर्स अलंकित लिमिटेड के सेवा अनुबंध का नहीं होगा विस्तार

अनियमितता व भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने पर एम्स प्रशासन ने उठाया कदम

- एम्स सर्वोत्तम चिकित्सा सेवाओं का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध : जी के पाल

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। एम्स पटना को मेसर्स अलंकित के साथ एक सेवा अनुबंध में था। उक्त सेवा अनुबंध 15 जनवरी तक बढ़ाया गया था। 2 जनवरी को मेडिकल रिकॉर्ड विभाग द्वारा नियमित जांच के दौरान, यह पता चला कि अस्पताल सूचना प्रणाली में दर्ज किए गए मरीजों के बिलों की राशि और रोगियों से एकत्र की गई वास्तविक राशि में विसंगति थी । इस विसंगति पर ध्यान देते हुए, एम्स पटना प्रशासन द्वारा एक विस्तृत पैमाने पर जांच शुरू की गई, जिसमें मेसर्स अलंकित लिमिटेड द्वारा बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी की गतिविधियों को प्रकाश में लाया गया, जिसमें मरीजों के डिस्चार्ज होने वाले बिलों के साथ छेड़छाड़ भी शामिल थी। दरअसल, कर्मचारियों द्वारा 1.64 लाख रुपये की बड़ी रकम गायब करने की एक और घटना भी सामने आई थी। यह भी पता चला कि, एम्स पटना द्वारा नियमित रूप से भुगतान किए जाने के बावजूद मेसर्स अलंकित के कई कर्मियों को अलंकित द्वारा नियमित वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा था। उक्त गलत और कथित कदाचारों की सूचना कार्यकारी निदेशक डॉ जी के पाल को दी गई। डॉ पाल जो एम्स गोरखपुर में आधिकारिक ड्यूटी पर थे, मेसर्स अलंकित लिमिटेड के कर्मियों द्वारा कदाचार, फर्जी बिल और चालान बनाने के परेशान करने वाले विवरण को सुनने के बाद, अलंकित कर्मियों द्वारा फर्जी बिल बनाने और नकदी के गलत इस्तेमाल के दावों की जांच के लिए एक जांच समिति का गठन किया। इसके अलावा, अलंकित लिमिटेड के कर्मियों की धोखाधड़ी को ध्यान में रखते हुए, 13 जनवरी की रात को एम्स गोरखपुर से कार्यकारी निदेशक डॉ जीके पाल की वापसी के बाद एम्स पटना प्रशासन द्वारा अलंकित लिमिटेड के सेवा अनुबंध का विस्तार 15 जनवरी से आगे नहीं करने का निर्णय लिया गया। भ्रष्टाचार, मरीजों के फर्जी बिल बनाने और बड़ी मात्रा में नकदी ना लौटाने के मुद्दों के संबंध में मामला अभी भी जांच के दायरे में है और जांच जारी है। एम्स पटना प्रशासन ने शून्य भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचार के प्रति शून्य

शराब की होम डिलीवरी करने वाला सरगना सहित सात गिरफ्तार

- अगमकुआं थाना क्षेत्र के भागवत नगर से दो कार, 6 मोबाइल व नगद बरामद

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

गैराज की आड़ में बड़े पैमाने पर शराब की होम डिलीवरी का धंधा चल रहा था। उत्पाद विभाग की टीम ने अगमकुआं थाना अंतर्गत भागवत नगर के रोड नंबर एक में एक मकान में छापेमारी किया। यहां से दो कार, 197 लीटर विदेशी शराब, छह मोबाइल और 13,500 नगद बरामद किया गया है। साथ ही सरगना मिथिलेश सहित सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह सभी दोनों कार और अन्य वाहन की मदद से शराब की होम डिलीवरी किया करते थे। दरअसल मद्य निषेध इकाई बिहार पुलिस मुख्यालय पटना को सूचना मिली कि अगमकुआं थाना क्षेत्र के भगवत नगर रोड नंबर-1 में बहादुर राय पिता शंभू यादव के मकान से विदेशी शराब की होम डिलीवरी की जा रही है। इसके बाद इंस्पेक्टर नवीन कुमार सिंह, एसआई राकेश कुमार, एसआई संजय प्रसाद और सिपाही गौतम कुमार के द्वारा छापेमारी की गई। घर के बाहर ही दो हुंडई कार लगा था। एक पर पंजीयन संख्या डीएल 3सीसीडी 2096, जबकि दूसरे पर जेएच 09क्यू 4501 लिखा था, को जब्त किया गया। यहां से विदेशी शराब करीब 197 लीटर, छह मोबाइल और 13 हजार 500 रुपया नगद बरामद किया गया है। बताया गया कि इस गैंग का सरगना नालंदा जिला के हिलसा थाना क्षेत्र का रहने वाला मिथिलेश यादव है। यह गैराज की आड़ में बड़े पैमाने पर शराब की होम डिलीवरी का धंधा करता है। मिथिलेश पूर्व में भी मद्य निषेध इकाई के द्वारा पिछले वर्ष जुलाई माह में अरवल जिला के किंजर थाना से बड़ी मात्रा में विदेशी शराब के साथ पकड़ा गया था। यह वर्तमान में कैमूर जिला के सोन्हन थाना में दर्ज मामले में फरार चल रहा है। यह भगवत नगर में पिछले अनेक माह से रह कर बड़े पैमाने पर होम डिलीवरी का धंधा कर रहा है। बरामद शराब उत्तर प्रदेश के चंदौली से लाई गई थी। बरामद शराब का बाजार मूल्य तीन से चार लाख रुपया बताया जा रहा है। गिरफ्तार लोगों में नालंदा जिला के हिलसा थाना क्षेत्र के दयालपुर का रहने वाला जितेंद्र कुमार पिता अनिल प्रसाद, मिथिलेश कुमार पिता मुंशी प्रसाद, सूरज कुमार पिता विजेंद्र प्रसाद, संजीव कुमार पिता दिलीप कुमार, एकंगरसरायय थाना के मिल्कीपुर का चंदन कुमार पिता राजेश कुमार, हिलसा थाना क्षेत्र के पुना का मनीष कुमार पिता रविन्द्र यादव और पटना जिला के रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र के ढेलमा का रहने वाला रिशु कुमार पिता मुन्ना सिंह शामिल है।

मंदिर जाने के लिए हमें किसी निमंत्रण की जरूरत नहीं : श्रवण

मंदिर का निर्माण कार्य अभी अधूरा, शंकराचार्य ने भी जताई आपत्ति : जयंत

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने भाजपा पर निशाना साधा है। बुधवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित सुनवाई कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री श्रवण कुमार ने कहा कि मंदिर जाने के लिए किसी भी निमंत्रण या नेवता की आवश्यकता हमें नहीं है। प्रतिदिन हम अपने घर में भगवान राम की पूजा करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी आस्था असली है बल्कि भारतीय जनता पार्टी सिर्फ वोट के लिए आस्था का दिखावा करती है। सीट शेयरिंग पर उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के शीर्ष नेता इस मामलें को देख रहे हैं। जल्द ही सीट शेयरिंग पर अंतिम फैसला हो जायेगा। लघु एवं जल संसाधन मंत्री जयंत राज ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राम मंदिर के उद्घाटन समारोह का निमंत्रण मिला है या नहीं इसकी प्रमाणिक जानकारी मेरे पास नहीं है। श्री जयंत राज ने कहा कि मंदिर का काम अभी पूरा नहीं हुआ है इसके बावजूद भी उद्घाटन किया जा रहा है। शंकराचार्य ने भी इसको लेकर कड़ी आपत्ति जताई है। इससे पहले ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, मद्य निषेध मंत्री सुनील कुमार एवं लघु व जल संसाधन मंत्री जयंत राज ने प्रदेशभर के विभिन्न जिलों से पहुंचे आम लोगों की शिकायतों को सुनकर उनके त्वरित निराकरण हेतु सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कार्यक्रम में विधान पार्षद संजय कुमार सिंह गांधी जी, प्रदेश महासचिव अरुण कुमार सिंह एवं लोकप्रकाश सिंह उपस्थित रहे।

राजद कार्यकर्ता संवाद में राज्य सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा

● दूसरे चरण के तहत 06 जिलों में हुआ कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

दूसरे चरण के तहत 06 जिलों में आयोजित राजद कार्यकर्ता संवाद में केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ तथा राज्य सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा हुई। प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद एवं उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के संकल्पों और विचारों को हर लोगों और जन-जन तक पहुंचाने के लिए राज्य स्तरीय जिला कार्यकर्ता संवाद की आज दूसरे चरण की शुरूआत हुई। कार्यकर्ता संवाद के माध्यम से केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों, महंगाई बढ़ानेवाली नीति, नौजवानों को रोजगार के मामले में जुमलेबाजी तथा ठगी का शिकार बनाने, भ्रष्टाचार को भाजपा के द्वारा शिष्टाचार का रूप दिए जाने, महिलाओं पर हो रहे अत्याचार में भाजपा के नेताओं की संलिप्तता पर कोई कार्रवाई नहीं किए जाने, हम दो हमारे दो की नीतियों को चलाने तथा गरीबों को और गरीब बनाने कि केंद्र सरकार की जो नीतियां हैं, चल रही है उसको बताने के साथ ही, संविधान और लोकतंत्र विरोधी नीति के माध्यम से भाजपा के द्वारा जिस तरह से लोकतंत्र लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर किया जा रहा है, इसके खिलाफ संकल्प लेने की आवश्यकता है। श्री एजाज ने बताया कि दूसरे चरण में बुधवार के अलावा 18 जनवरी को कार्यकर्ता संवाद होगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के मंत्री डॉ मो शमीम अहमद, जहानाबाद में डॉ रामानंद यादव, औरंगाबाद में आलोक कुमार मेहता, अरवल में प्रोफेसर चंद्रशेखर, मधुबनी में कुमार सर्वजीत एवं लखीसराय तथा 18 जनवरी को नवादा में मो शाहनवाज आलम की उपस्थिति में कार्यकर्ता संवाद होगा। जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेता, विधायक, विधान परिषद सदस्य, प्रवक्तागण एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्ष सहित स्थानीय स्तर पर सभी नेता जिला के पदाधिकारी, प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पदाधिकारी, प्रखंडों के अध्यक्ष, पदाधिकारी और सक्रिय कार्यकर्तागण उपस्थित रहेंगे। एजाज ने आगे बताया कि 24 जनवरी को पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी नेता जननायक कपूर्री ठाकुर का जन्मशताब्दी समारोह पटना के श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित किया जाएगा। जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह करेंगें।

कर्ज से देश का हाल बदहाल पूंजीपति रहे मालामाल: राजीव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू के राष्ट्रीय महासचिव व प्रवक्ता राजीव रंजन ने बुधवार को कहा है कि कर्जा लेकर घी पीने की केंद्र सरकार की आदत ने देश की अर्थव्यवस्था को गहरे संकट में धकेल दिया है। हालात ऐसे हो गये हैं कि आज देश का कर्ज जीडीपी के बराबर हो गया है। यहां तक कि आईएमएफ भी इस विषय पर सरकार को बार-बार आगाह कर रही है, लेकिन सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है। उन्होंने कहा कि देश के माथे पर लदी कर्ज की गठरी इतनी भारी हो गयी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के इतिहास में सबसे अधिक कर्ज लेने वाले प्रधानमंत्री बन चुके हैं। आजादी के बाद से देश के 14 प्रधानमंत्रियों ने कुल मिलाकर मात्र 55 लाख करोड़ रुपए का कर्जा लिया था। लेकिन मोदी सरकार ने सिर्फ पिछले 10 सालों में इसे लगभग 4 गुणा बढ़ाते हुए 205 लाख करोड़ कर्ज से अधिक कर दिया है। यानी आज देश में पैदा होने वाले बच्चे पर भी 1 करोड़ से अधिक कर्जा है। जदयू महासचिव ने कहा कि विशेषज्ञों के मुताबिक भारत की सरकार का कर्ज देश के बैंकों को एक डूम लूप में धकेल रहा है। डूम लूप यानी किसी देश की सरकार अपने बैंकों से कर्ज लेते-लेते डिफॉल्ट हो जाती है। बैंक भी डूबते हैं और सरकार भी। 1998 में रूस और 2001-02 में अजेटीर्ना इसी तरहसे बरबाद हुए थे। उन्होंने कहा कि देश को कर्ज के मकड़जाल में धकेलने के बाद भी केंद्र अपने पूंजीपति मित्रों का ख्याल रखना नहीं भूल रही। यह दिखाता है कि भाजपा के लिए देश से बढ़कर उसके पूंजीपति मित्रों का हित है।

लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए संकल्प लें : जगदानंद

● राज्य सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं : शमीम

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में बुधवार को राजद कार्यकर्ता संवाद सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर विधि मंत्री डॉ शमीम अहमद ने कहा कि केन्द्र में झूठ और भ्रम फैलाने वाली सरकार के जन -विरोधी कार्य को जन जन तक पहुंचाने का काम करें, और यह बताये कि कैसे 2014 के चुनाव में हर साल दो करोड़ नौकरी तथा हर के खातों में 15 लाख रुपए देने का वादा किया था, जो जुमलेबाजी साबित हुआ। देश में बढ़ती मंहगाई, नई शिक्षा नीति लागू करके शोषितों, वंचितों के बच्चों को उच्च शिक्षा से वंचित करने की साजिश तथा नफरत का माहौल खड़ा करके देशवासियों को भ्रम और धर्म की राजनीति में उलझा कर देश को कमजोर करने का कार्य किया जा रहा है। इन्होंने इसके खिलाफ लोगों से गोलबंद होकर संघर्ष का आह्वान किया। इस अवसर पर राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने कहा कि राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के विचारों और संकल्पों के अनुसार जनता के हितों में मजबूती से कार्य करे और राज्य सरकार की उपलब्धियों को आम जनों तक पहुंचाएं। कहा कि बिहार में जातिगत गणना का होना महागठबंधन सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धि रही है, बिहार में महागठबंधन सरकार ने 70 दिनों के अंदर 2 लाख 17 हजार नौजवानों को शिक्षकों की नौकरियां देकर बिहार के युवाओं को सम्मान और मुस्कान देने का काम किया है। जबकि केंद्र की भाजपा सरकार ने युवाओं के साथ सिर्फ जुमलाबाजी की और ठगने का काम किया। वहीं राजद जिलाध्यक्ष दीनानाथ सिंह यादव ने कहा कि पटना जिला राष्ट्रीय जनता दल के एक- एक कार्यकर्ता साथी गांव और टोलो में जाकर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ लोगों को एकजुट करके महागठबंधन सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें। वहीं, दूसरी ओर राजद के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि आज पटना सहित 6 जिलों में राजद कार्यकर्ता-संवाद हो रहा है, इसके माध्यम से केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों तथा बिहार सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के अलावा राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद के विचारों तथा तेजस्वी प्रसाद यादव के संकल्पों के साथ महागठबंधन सरकार के द्वारा आम जनों के हितों में किये जा रहे कार्यों के साथ साथ नौजवानों को रोजगार देने तथा जातीय गणना के माध्यम से सभी वर्गों के लोगों के लिए किए जा रहे कार्यों को विस्तार पूर्वक बताया गया। इस अवसर पर पटना जिला के उपाध्यक्ष मो मुश्ताक अहमद, अरूण कुमार सिंह, वकील यादव, मंटू यादव, नरेन्द्र यादव भतेहरी, शाहनवाज फैसल, साकेत कुमार, ई संजय यादव, बेबी कुमारी, नीरज राय, अल्का सुमन, गुड़िया देवी, प्रतीक प्रताप राव, मेनिका कुमारी, मो तनवीर उदीन सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पूर्व सांसद विश्वमोहन कुमार भाजपा में हुए शामिल

प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने दिलाई सदस्यता

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रीय जनता दल के उपाध्यक्ष और सुपौल के पूर्व सांसद विश्वमोहन कुमार बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कुमार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई और पार्टी में स्वागत किया। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद पूर्व सांसद श्री कुमार ने कहा कि भाजपा की नीतियों से आकर्षित होकर उन्होंने आज भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। उन्होंने कहा कि आज भाजपा का मूलमंत्र सबका साथ, सबका विकास किसी को भी आकर्षित करने के लिए काफी है, यही कारण है कि आज यह विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। उन्होंने कहा कि एक ओर भाजपा का कोई भी कार्यकर्ता पार्टी के शीर्ष पद पर पहुंच सकता है वहीं राजद में एक परिवार का ही व्यक्ति शीर्ष पद पर बैठ सकता है। उन्होंने राजद को एक परिवार की पार्टी बताते हुए कहा कि सत्ता के लिए लोग अपने सनातन धर्म तक का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि अब देश की जनता इनकी तुष्टिकरण की नीति को समझ चुकी है।

उन्होंने कहा कि जब से राजद सरकार में आई है तब से प्रदेश में अपराधिक घटनाएं बढ़ गई, यही इस पार्टी की विरासत है।

कुष्ट आश्रम में राहत सामग्री का वितरण

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

कुष्ट आश्रम में रहने वालों को बुधवार को चादर, दरी, फल व बिस्कुट आदि दिए गए। खाटू श्याम के संयोजक कन्हैया अग्रवाल द्वारा सदस्य रोहित गुप्ता बच्चों के साथ कुष्ट आश्रम में जाकर वहां रहने वालों को चादर, दरी इत्यादि अपने हाथों से दिए। इस भीषण ठंड में बच्चे अपने हाथों से सामान बांटकर काफी खुश हुए। यह आयोजन खाटू श्याम के सदस्य रोहित गुप्ता ने अपने जन्मदिन के अवसर पर किया। गुप्ता ने कहा कि इस तरह कुष्ट आश्रम में जन्मदिन के अवसर पर जाने में उनको काफी अधिक खुशी हो रही है। गुप्ता ने कहा कि आगे भी यहां के लोगों की जरूरतों को पूरी करके उन्हें बहुत अधिक खुशी होगी। एम पी जैन ने बताया कि इस वितरण में रोहित गुप्ता सहित केशव अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, आदित्य श्रीवास्तव, आर्यन तिवारी, धर्मेंद्र प्रसाद और अन्य श्यामभक्त लगे हुए थे।

बढ़ती महंगाई से देश की जनता परेशान : भाकपा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव का रामनरेश पाण्डेय ने बढ़ती महंगाई पर चिंता जताई है। खाद्य वस्तुओं की खुदरा महंगाई 9.53 फीसदी पहुँच गई जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 4.90 फीसदी दर्ज की गई थी। दाल, मसाले, आटे सहित खाद्य पदार्थों की लगातार बढ़ती कीमत से आम लोगों के ऊपर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। भाकपा राज्य सचिव ने बयान जारी कर कहा कि सब्जियों एवं अन्य खाद्य वस्तुओं के कीमतों में हुईं बेतहाशा बढ़ोत्तरी केन्द्र सरकार की जन विरोधी नीतियों का दुष्परिणाम है। भाजपा सरकार के दस वर्षों के कार्यकाल में लोगों की आमदनी नहीं बढ़ी, लेकिन महंगाई आसमान छूने लगी है। आसमान छूती महंगाई की वजह से आम लोग अपनी आवश्यकता की पूर्ति नहीं कर पा रहे हैं। महंगाई का सबसे ज्यादा असर गरीब और मध्यम वर्ग पर पड़ा है। गरीबों की थाली से दाल गायब हो गया है। मोदी सरकार में कालाबजारी और जमाखोरी चरम पर है। सरकार कालाबजारी और जमाखोरी करने वालों पर कार्रवाई करने के बजाए, उसे संरक्षण दे रही है। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि महंगाई को सबसे बड़ा मुद्दा बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में देश की जनता से वोट लिया था और उन्होंने वादा किया था कि उनकी सरकार आते ही महंगाई बिल्कुल खत्म हो जाएगी। मगर आज मौजूदा स्थिति पहले से भी बदतर हो चुकी है। प्रधानमंत्री को देश के आमलोगों की नहीं पूंजीपतियों की चिंता है। सरकार सभी फैसला पूंजीपतियों के हित में लेती है। यही कारण है कि सरकार महंगाई रोकने में पूरी तरह विफल है। भाकपा राज्य सचिव ने जमाखोरी और कालाबजारी करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने और महंगाई पर रोक लगाने की मांग की है।

94 लाख से ज्यादा गरीब परिवारों को बिहार सरकार की सौगात : राजद

● गरीब कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है महागठबंधन सरकार : करुणा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

महागठबंधन की सरकार शिक्षा, रोजगार, गरीब कल्याण, पर्यटन और विकास के हर क्षेत्र में बिहार को अग्रणी बनाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। बिहार राज्य आज जनकल्याण का पर्याय बन रहा है जहाँ अपार रोजगार देने के साथ-साथ सरकार गरीब कल्याण के लिए कटिबद्ध है। उक्त बातें राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता और तमिलनाडु के पूर्व डीजीपी डॉ. करुणा सागर ने कही। मंगलवार शाम को बिहार कैबिनेट में लिए गए फैसले का स्वागत करते हुए राजद प्रवक्ता ने कहा कि 6,000 रुपये या उससे कम मासिक आय वाले 94 लाख से ज्यादा परिवारों को उद्यमिता व स्वरोजगार के लिए राज्य सरकार की लघु उद्यमी योजना के तहत दो-दो लाख रुपये की वित्तीय सहायता देने को मंजूरी दी है। इसके लिए कुल 1,250 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। पांच साल के लिए लागू की गयी इस योजना के तहत अधिकतम दो लाख रुपये अनुदान की राशि तीन किस्तों में दी जाएगी। डॉ. सागर ने कहा कि गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन कर रहे लोगों को इस योजना से सीधा लाभ मिलेगा। वे इस पूंजी का उपयोग लघु-कुटीर, हस्तशिल्प, कपड़ा, सेवा क्षेत्र और बिजली के सामान जैसे उद्योगों में निवेश करने के लिए कर सकते हैं। इससे न केवल उनको बेहतर आय का साधन मिलेगा बल्कि सामूहिक रूप से वे एक सशक्त राज्य के निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे। श्री सागर ने बताया कि इस योजना के अलावा बीपीएससी और संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं की तैयारी के लिए आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए मौजूदा प्रोत्साहन राशि में वृद्धि, असंगठित क्षेत्रों में काम करने वाले मजदूरों की मृत्यु और विकलांगता की स्थिति में मिलने वाले मुआवजे में बढ़ोतरी, गुर्दा प्रत्यारोपण के चिकित्सोपरांत मरीज की नियमित दवा के लिए दो किस्तों में कुल राशि 2,16,000 रुपये के चिकित्सीय अनुदान देने का फैसला लिया गया है।

लोजपा रा कार्यालय में चूड़ा दही भोज आयोजित

● राज्यपाल सहित कई दलों के नेता हुए शामिल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश कार्यालयम में मकर संक्रांति के अवसर पर बुधवार को चूड़ा-दही भोज कार्यक्रम आयोजित की गई। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ राजेश भट्ट ने बताया कि दही चूड़ा भोजप में कई दलों के नेताओं ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के आमंत्रण पर उपस्थित हुए। इस अवसर पर बिहार के राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी, रालोजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा, बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी, बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, जाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष पप्पू यादव,भाजपा के बिहार विधानसभा में विरोधी दल के नेता विजय कुमार सिन्हा, पूर्व मंत्री विनोद नारायण झा समेत कई दलों के नेताओं ने शिरकत की और एक दूसरे को बधाई दी । इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी समेत पार्टी के राष्ट्रीय नेता, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष, सभी सम्मानित प्रवक्तागण, सभी प्रकोष्ठों के प्रकोष्ठ अध्यक्ष ,प्रदेश महासचिव प्रदेश सचिव और कई जिलों के जिलाध्यक्ष समेत पार्टी के हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए ।

पंचरूपी हनुमान मंदिर में पूजित अक्षत का वितरण

पटना। राजवंशी नगर स्थित पंचरूपी हनुमान मंदिर में आये भक्तों को बुधवार को राममंदिर अयोध्या के लिए पूजित अक्षत, राम मंदिर की तस्वीर व मंदिर निर्माण से संबंधित पर्चा वितरित किया गया। इस मौके पर मंदिर उपमुख्य पुजारी संतोष तिवारी ने बताया कि अयोध्या में राम मंदिर के उदघाटन के मौके पर खास व्यवस्था की गयी है। हर दिन मंदिर आये भक्तों को पूजित अक्षत, राम मंदिर की तस्वीर व मंदिर निर्माण संबंधी पर्चा दिया जा रहा है। लोग भावपूर्वक पूजित अक्षत ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि राम मंदिर उद्घाटन के उपलक्ष्य में 21 जनवरी से मंदिर प्रांगण में अष्टजाम आरंभ हो जायेगा और 22 जनवरी को भक्तों को पूरी सब्जी खीर का प्रसाद दिया जायेगा। साथ ही मंदिर परिसर में 1100 दीये जलाए जाएंगे। इस मौके पर मंदिर न्यास के कार्यालय सचिव ओमप्रकाश शर्मा, पूजारी अजय झा, श्रीकांत झा, बिरजू मिश्रा, राजेश झा सहित मंदिर से जुड़े अन्य लोगों ने अपनी भूमिका निभाई।

डिप्टी सीएम आज टूर ऑपरेटर्स एवं होटेलियर्स के साथ पर्यटन नीति पर करेंगे विमर्श

● पर्यटन विभाग द्वारा तैयार की गयी पर्यटन नीति के बुकलेट और कैलेंडर का करेंगे विमोचन

● उपमुख्यमंत्री द्वारा रील मेकिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को भी कार्यक्रम में किया जाएगा पुरस्कृत

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

उप मुख्यमंत्री सह पर्यटन मंत्री तेजस्वी यादव गुरुवार को पटना के गांधी मैदान के पास स्थित लेमन ट्री होटल में आयोजित एक कार्यक्रम में राज्य के टूर ऑपरेटर्स एवं होटेलियर्स के साथ पर्यटन नीति पर विमर्श करेंगे। कार्यक्रम में पर्यटन विभाग द्वारा तैयार की गयी पर्यटन नीति के बुकलेट और कैलेंडर का भी विमोचन किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री इसके साथ ही पांच सितारा होटलों के निर्माण योजना की अद्यतन स्थिति की समीक्षा भी करेंगे। इसके उपरांत उपमुख्यमंत्री द्वारा रील मेकिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। पर्यटन विभाग ने गत वर्ष सितंबर में बिहार पर्यटन रील मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया था। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने हजारों की संख्या में बिहार के पर्यटन स्थलों, विरासत स्थलों, खान-पान, संस्कृति आदि से जुड़ी रील बनाकर भेजी थी। इस प्रतियोगिता के विजेताओं को इसी कार्यक्रम में पुरस्कार राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। विजेताओं की घोषणा विशेषज्ञों की तीन सदस्यीय टीम ने की है, जिसमें राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म समीक्षक विनोद अनुपम, आर्यभट नॉलेज विश्वविद्यालय के मास कम्यूनिकेशन विभाग के पूर्व निदेशक इफ्तिखार अहमद और निफ्ट पटना में विजिटिंग प्रोफेसर जयप्रकाश यादव शामिल थे।

नीतीश कुमार ने अतिपिछड़ा समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा : उमेश

हीरालाल खड़िया ने थामा जदयू का दामन, बोलें-गरीबों के भगवान हैं सीएम नीतीश

● लोकसभा चुनाव में जुमलेबाजों की बोलती बंद करेंगे : श्रवण

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जनता दल यू मुख्यालय में बुधवार को आयोजित मिलन समारोह में हीरालाल खड़िया के नेतृत्व में सैंकडों कार्यकताओं ने जदयू का दामन थामा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा नीतीश कुमार बिहार की 13 करोड़ जनता को अपना परिवार मानते हैं और सबकी तरक्की के लिए दिन-रात काम करते हैं। विरोधियों द्वारा अड़ंगा लगाए जाने के बाद भी नीतीश कुमार ने जातीय गणना का काम पूरा किया और उसके बाद शोषित-वंचित समाज के लिए आरक्षण की सीमा को बढ़ाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया। देश की मौजूदा सरकार आरक्षण और संविधान को खत्म करना चाहती है। ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए हमें संकल्प लेना है और बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत का पताका लहराना है। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि मोदी सरकार को देश के गरीबो से कोई मतलब नहीं है। ये लोग सिर्फ गरीबों की हितैसी होने का दिखावा करते हैं। असल में इन्हें गरीबों की कोई चिंता नही है। श्री श्रवण कुमार ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में हम लोग जुमलेबाजों की बोलती बंद करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि श्री नीतीश कुमार के विकास कार्यो एवं विचारों से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले तमाम साथियों का हम स्वागत करते हैं। हमें साथ मिलकर नीतीश कुमार के विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना है। हीरालाल खड़िया ने कहा कि गरीबों के लिए असली भगवान हैं नीतीश कुमार हैं। मुख्यमंत्री ने गरीब के बच्चों को आर्थिक और शैक्षणिक रूप से सशक्त बनाने के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रहे हैं। जिसका लाभ आम जनता को मिला है। इससे पहले श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि पार्टी द्वारा 24 जनवरी को जननायक कपूर्री ठाकुर जी का जन्मशताब्दी समारोह मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक और यादगार बनाने के लिए हम सभी को मिलकर काम करने की जरूरत है। इस अवसर पर लघु व जल संसाधन मंत्री जयंत राज एवं अनुसूचित जाति-जनजाति मंत्री रत्नेश सदा,विधान पार्षद संजय कुमार सिंह गांधी जी, पूर्व मंत्री मुनेश्वर चौधरी, प्रदेश महासचिव चंदन कुमार, वासुदेव कुशवाहा, दीनानाथ, डॉ हुलेश मांझी आदि मौजूद थे।

स्वच्छता अभियान के तहत केन्द्रीय मंत्री पारस ने दिया श्रम दान

पटना। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति कुमार पारस ने बताया कि अयोध्या में रामलला मंदिर ट्रस्ट के द्वारा राष्ट्रीय लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाते मुझे भी अयोध्या जाने का आमत्रंण मिला है। जिसके लिए मैं गर्व महसूस करता हूं। उद्घाटन 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा किया जायेगा। जिसमें निश्चित रूप से मैं अपनी उपस्थिति दर्ज कराउगाँ। यह मेरे लिए तथा पूरे देश के लिए गर्व की बात है। प्रदेश प्रवक्ता ललन चन्द्रवंशी ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने अपने संसदीय क्षेत्र हाजीपुर के कोनहारा घाट के पास राम चैराहा मंदिर में अपने पार्टी के कार्यकताओं के साथ मिलकर पूरे मंदिर तथा मंदिर परिसर में सफाई अभियान चलाकर श्रम दान दिया। इस मौके पर श्री पारस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा पूरे भारत मे स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। आप सब भी अपने अपने निकटतम धार्मिक स्थलों को साफ सुथरा एवं जीवंत बनाये रखें, स्वच्छता में ईश्वर का वास होता है। इस पुनीत काज में दलित सेना के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम कुमार दाहा, मनोज सिंह, चंदन गांधी, शिवनाथ पासवान, बल्लू कुमार, कामेश्वर सिंह, चन्दन सिंह, राजेश सिंह, सुनील कुशवाहा, सत्येन्द्र शर्मा, प्रकाश कुमार चन्दन, जालिम पासवान, छोटे पासवान के अलावे अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

पटना भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग

बुद्धमार्ग, पटना–800001

शुद्धि पत्र

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक–5218 दिनांक–30.12.2023 द्वारा अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–28/प.भ.प्र./2023–24 आमंत्रित की गई है जिसका पी0आर0 संख्या–014527(BCD)2023–24 है के कार्य के नाम एवं प्राक्कलित राशि में संशोधित किया जाता है, जो नीचे निम्न प्रकार है:–

क्र0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	संशोधित कार्य का नाम	संशोधित प्राक्कलित राशि
1	Provision of water supply and sanitary facilities and V.V.I.P toilets at Gandhi Maidan on the occasion of Republic Day 26th January 2024 under Patna Building Division, Patna for the year 2023-24	8.50	Provision of water supply and sanitary facilities and V.V.I.P toilets at Gandhi Maidan on the occasion of Republic Day 26th January 2024 under Patna Building Division, Patna for the year 2023-24	11.39
2	Extra brick flat soling repair of tiles work and other essential works in Gandhi maidan, Patna on the eve of Republic Day 26th January 2024 , Patna for the year 2023-24	9.60	Brick flat soling repair of tiles work and other essential works in Gandhi maidan, Patna on the eve of Republic Day 26th January 2024 , Patna for the year 2023-24	14.91
3	Provision for NP2 pipe and repair of paver path in Gandhi miadan, Patna on the eve of Republic Day 26th January 2024 , Patna for the year 2023-24	9.35	Construction of RCC drain, paver block on walking pathway & Other work at Gandhi maidan Patna on the eve of Republic Day 26th January 2024 , Patna for the year 2023-24	14.49
4	Provision of green carpet on a sitting gallery in Gandhi maidan, Patna on the eve of Republic Day 26th January 2024 , Patna for the year 2023-24	6.02	Provision of green carpet on a sitting gallery in Gandhi maidan, Patna on the eve of Republic Day 26th January 2024 , Patna for the year 2023-24	11.80

शेष शर्त्ते यथावत रहेगी।

PR. No. 015536 (BCD) 2023-24

(अभय कुमार सिंह)
कार्यपालक अभियंता
पटना भवन प्रमंडल, पटना

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

संक्षिप्त खबरें

रास्ता विवाद में मारपीट को लेकर दिया थाना में आवेदन

सौरबाजार/ सहरसा- थाना क्षेत्र के नादो पंचायत स्थित मधुरा गांव वार्ड नंबर 4 में बुधवार को दो पक्षों के बीच रास्ता विवाद को लेकर मारपीट की गई। जिसमें एक पक्ष के दो व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं। स्वजनों ने आनन-फानन में दोनों जख्मी को ईलाज के लिए सीएचसी सौरबाजार में भर्ती कराया गया है, जहां इलाज चल रहा है। जिसकी शिकायत सौरबाजार पुलिस को लिखित रूप में किया गया हैं। पिड़ीत जयनंदन कुमार ने कहा है कि हमारे पड़ोसी यदुनंदन यादव व अविनाश कुमार ने वर्षो से रास्ता को घेर रखा है। हम सभी परिवार के सदस्य को रास्ता अतिक्रमण से आवाजाही करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्हें बार-बार रास्ता से अतिक्रमण मुक्त करने को कहा जाता है लेकिन वो खाली नहीं किया करते हैं वे अपनी दबंगता दिखाते हुए गाली गलौज मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। बताया कि बुधवार की सुबह करीब 10 बजे पड़ोसी यदुनंदन यादव, शिवनंदन यादव, रामनंदन यादव एवं अविनाश कुमार सम्राट समेत अन्य परिवार के लोगों ने अचानक दरवाजे पर आकर गाली गलौज करते हुए लाठी, लोहे का रड से प्रहार कर दिया। जिसमें हमारे बड़े भाई व पिता जी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दोनो जख्मी को ईलाज के लिए सीएचसी सौरबाजार में भर्ती कराया गया है। जहां इलाज चल रहा है।

स्वच्छता पर्यवेक्षक की बहाली हेतु 24 जनवरी को जमा होगा आवेदन

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड अंतर्गत कल्याणपुर दक्षिण पंचायत में स्वच्छता पर्यवेक्षक की बहाली हेतु 24 जनवरी को आवेदन जमा किया जाएगा। यह आवेदन पंचायत भवन के प्रांगण में पंचायत सचिव के द्वारा लिया जाएगा। 26 जनवरी को स्वच्छता पर्यवेक्षक की चयन सभा के माध्यम से होगी। उक्त बात की जानकारी कल्याणपुर दक्षिण पंचायत के मुखिया संजय कुमार निराला ने दी है।

प्रमुख पर लगा अविश्वास प्रस्ताव पारित

मधुबनी मधवापुर प्रखंड प्रमुख लीला देवी के खिलाफ लगा अविश्वास प्रस्ताव मधवापुर में पारित हो गया। अविश्वास प्रस्ताव विषय पर हुई बहस के बाद मतदान कराया गया। कुल 17 सदस्यों में से 14 सदस्यों ने मतदान में अपनी अपनी भागीदारी दी। अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 13 जबकि, विपक्ष में मान एक मत प्राप्त हुए। निवर्तमान प्रमुख लीला देवी र्सा तीन सदस्यों ने मतदान कार्य में भाग नहीं लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप प्रमुख वीरचन्द्र पटेल ने की। पंसस दीपक सिंह ने बताया कि चुनाव के दिन आज के मतदाताओं से अधिक सदस्य नये प्रमुख बनाने के लिए एकजुट रहेंगे। बीडीओ राजेश कुमार ने बताया कि डीपीआरओ शैलेन्द्र कुमार की मौजूदगी में हुए कार्यक्रम की जानकारी डीएम को दे दी गयी है। निर्वाचन विभाग से चुनाव की जो तारीख तय की जायेगी, उस दिन प्रमुख का निर्वाचन होगा

5 करोड़ की लागत से सड़क निर्माण कार्य को विधायक ने किया शिलान्यास

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत भरपुरा पटपारा पंचायत के चोचाही पोखर वार्ड- 13 से वार्ड 14 होते हुए वार्ड- 15 के मुख्य सड़क तक करीब 5 किलोमीटर लंबी सड़क का 5 करोड़ 2 लाख 60 हजार की लागत से निर्माण कार्य का शिलान्यास बुधवार को स्थानीय विधायक अजय कुमार ने किया। वहीं एक सभा हुई। जिसकी अध्यक्षता सिया प्रसाद यादव ने किया। सभा को संबोधित करते हुए विधायक अजय कुमार ने सड़क निर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रखंड मुख्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार समेत अन्य कार्यों को लोगों के बीच विस्तृत रूप से रखा। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल 5 वर्ष बीतते - बीतते कहीं एक दो सड़क निर्माण कार्य बच सकते हैं। सभा को श्याम किशोर कमल, रामाधार चौधरी,उप मुखिया राजबली, गंगा प्रसाद यादव, श्याम बाबू समेत अन्य लोगों ने संबोधित किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन पूर्व मुखिया राम बहादुर सिंह ने किया। मौके पर ग्रामीण कार्य विभाग सहायक अभियंता राजन कुमार सिंह, कनीय अभियंता धीरज कुमार, बबलू कुमार, मुंशी नीरज कुमार, वृजनंदन सिंह, नंदकिशोर सिंह, दिनेश सिंह,राम उदगार सिंह, रामपुकार राय समेत अन्य लोग मौजूद थे।

समस्तीपुर मंडल संसदीय समिति की बैठक का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर मंडल की ह्यमंडल संसदीय समितिह्य की बैठक का आयोजन समस्तीपुर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में किया गया। इस बैठक में समस्तीपुर मंडल क्षेत्राधिकार के सांसदगण ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता शिवहर की सांसद रमा देवी द्वारा की गयी। सभी सांसदगण द्वारा जनहित से जुड़े मुद्दे एवं रेल के सर्वांगीण विकास हेतु अपने-अपने सुझावों को रखा गया।

इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल, समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव सहित मुख्यालय एवं मंडल के अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में पश्चिम चम्पारण के सांसद डॉ. संजय जायसवाल, खगड़िया के सांसद चौधरी महबूब अली कैसर, मुजफ्फरपुर के सांसद अजय निषाद, वाल्मिकीनगर के सांसद सुनील कुमार, सीतामढ़ी के ' सांसद सुनील कुमार पिंटू, पूर्णिया के सांसद संतोष कुमार, अररिया के सांसद प्रदीप कुमार सिंह, झंझारपुर के सांसद रामप्रीत मंडल, सुपौल के सांसद दिलेश्वर कामैत, दरभंगा के सांसद गोपाल ठाकुर, मधुबनी के सांसद अशोक कुमार यादव, मधेपुरा के सांसद दिनेश चंद्र यादव, वैशाली की माननीया सांसद वीणा देवी तथा सांसद (राज्य सभा) रामनाथ ठाकुर उपस्थित थे। इनके अलावा माननीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री, भारत सरकार गिरिराज सिंह के प्रतिनिधि राजीव वर्मा, गृह राज्य मंत्री भारत सरकार नित्यानंद राय के प्रतिनिधि तरूण कुमार, सांसद राकेश सिन्हा के प्रतिनिधि कुंदन कानू, सांसद डॉ. फैयाज अहमद के प्रतिनिधि विष्णुदेव सिंह यादव एवं समस्तीपुर के सांसद प्रिंस राज के प्रतिनिधि विनय कुमार चौधरी उपस्थित थे। बैठक में सांसदगण ने रेल विकास व यात्री सुविधाओं में और वृद्धि एवं उसे सुदृढ़ करने के संबंध में बहुमूल्य सुझाव दिये। माननीय सांसदगण द्वारा आधारभूत संरचनाओं के विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने पर बल दिया गया। साथ ही बैठक में भविष्य की कार्य योजनाओं पर भी चर्चा हुई।

इसके पूर्व बैठक के प्रारंभ में महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने माननीय सांसदगण एवं माननीय सांसद के प्रतिनिधिगण का स्वागत किया। महाप्रबन्धक ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि समस्तीपुर मंडल द्वारा यात्री सुविधा की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। पर्व त्योहार एवं अत्यंत व्यस्त सीजन पर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करती रही है। इस वर्ष छठ के दौरान समस्तीपुर मंडल द्वारा 60 जोड़ी विशेष रेल गाड़ियों का परिचालन किया गया। साथ ही, समस्तीपुर मंडल में दरभंगा और आनंद विहार के मध्य एक नए ह्यअमृत भारत एक्सप्रेसह्न ट्रेन का परिचालन प्रारंभ किया गया है। वर्तमान मे समस्तीपुर मंडल के अंतर्गत 214 जोड़ी मेल/एक्सप्रेस एवं 100 जोड़ी पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। दैनिक रेलयात्रियों को अनारक्षित टिकट सुगमता से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 09 प्रमुख स्टेशनों पर ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीनें स्थापित की गई है। समस्तीपुर मंडल के कुल 16 प्रमुख स्टेशनों पर डल्ली र३ं३ङ्कल्ल डल्ली ढ१ङ्क४ू३ के स्टॉल लगाये गये हैं। इनसे एक ओर जहां इन क्षेत्रों का विकास होगा वहीं दूसरी ओर लोगों को रोजगार भी मिलेगा। साथ ही, समस्तीपुर, बेतिया एवं नरकटियागंज स्टेशन परिसर में ह्यरेल कोच रेस्टॉरेंटह्न जल्द ही चालू किया जाएगा, इससे यात्रियों के साथ-साथ आम लोग भी बेहतर खाने का अनुभव प्राप्त कर सकेंगे। महाप्रबन्धक ने सांसदों से प्राप्त बहुमूल्य सुझावों के लिये आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सुझाव हमें भविष्य में रेल विकास कार्यों की रूप-रेखा तय करने में काफी सहायक सिद्ध होगा।

कोशी आयुक्त ने उद्यान सह प्रदर्शनी प्रतियोगिता मेला का किया उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा।तीन दिवसीय आयोजित प्रमंडल स्तरीय उद्यान प्रदर्शनी-सह-प्रतियोगिता-2024 का उद्घाटन आज दिनांक 17.01.2024 को मुख्य अतिथि मनोज कुमार, आयुक्त, कोशी प्रमंडल, सहरसा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर वैभव कुमार चौधरी, जिलाधिकारी, सहरसा, संजय कुमार निराला, उप विकास आयुक्त, सहरसा, आदित्य नारायण राय, संयुक्त निदेशक (शष्य), सहरसा प्रमंडल, सहरसा, डा० अजय कुमार, उप निदेशक (उद्यान), सहरसा प्रमंडल, सहरसा, ज्ञानचन्द शर्मा, जिला कृषि पदाधिकारी, सहरसा, शैलेन्द्र कुमार, सहायक निदेशक (उद्यान), सहरसा, मो० जावेद, सहायक निदेशक (उद्यान), मधेपुरा, ब्रह्मदेव प्रसाद सिंह, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, सदर सहरसा, आनन्द कुमार चौधरी, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, सिमरी बख्तियारपुर, डॉ० मनोज सिंह, जिला परामर्शी, जिला कृषि कार्यालय, सहरसा, अमितेश कुमार, सहायक निदेशक (रसायन), मिथिलेश कुमार, सहायक निदेशक, (बीज विश्लेषण), सहरसा, नवीन कुमार नवनीत, सहायक निदेशक, (कृषि अभियंत्रण), सहरसा राजेश कुमार, उप परियोजना निदेशक, (आत्मा), सहरसा ऋषिरंजन, सहायक निदेशक, (शष्य), सहरसा उपस्थित हुए। संयुक्त निदेशक (शष्य), सहरसा प्रमंडल, सहरसा द्वारा प्रमंडल स्तरीय उद्यान प्रदर्शनी-सह-प्रतियोगिता-2024 के आयोजन के लिए सहायक निदेशक (उद्यान), सहरसा को धन्यवाद दिया गया एवं प्रदर्श लाये किसानों को और अच्छा प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर सहरसा प्रमंडल का नाम रौशन करने का आह्वान किया गया। उप निदेशक (उद्यान), सहरसा प्रमंडल, सहरसा द्वारा उद्यान निदेशालय द्वारा चलाए जा रहे उद्यान के विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई। विभिन्न उद्यानिक उत्पाद के आयुर्वेदिक गुणों के बारे में बताया गया। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि उद्यानिक अवयव मशरूम एवं मधुमक्खी पालन भूमिहीन कृषक के लिए वरदान है। उनके द्वारा किसानों से आवाहन किया गया कि अपनी आय बढ़ाने हेतु उद्यानिक फसलों को अपनाएँ एवं अधिक से अधिक योजना का लाभ उठाएँ। सहायक निदेशक (उद्यान), सहरसा द्वारा बिहार में चलायी जा रही राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत नये बगीचों की स्थापना केला क्षेत्र विस्तार एवं आम क्षेत्र विस्तार, मुख्यमंत्री बागवानी मिशन योजना अन्तर्गत केला, आम, अमरूद, प्लास्टिक कैरेट, लेनो बैग, मशरूम, अग्रपंक्ति प्रत्यक्षण, मखाना विकास योजना अन्तर्गत मखाना बीज वितरण, क्षेत्र विस्तार हेतु नये किसानों का चयन, मखाना भंडारण गृह, मखाना प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं मशरूम झोपड़ी के संबंध में व्यापक चर्चा की गयी एवं संबंधित किसानों से अनुरोध किया गया कि योजना का अधिक से अधिक लाभ उठायें।

श्रीबाबा कुशेश्वर क्रिकेट टूनामेंट के अंतिम क्वार्टर फाइनल मैच

- भोलका की टीम ने तरबन्ना को तीन विकेट से पराजित कर सेमीफाइनल में

प्रात : किरण संवाददाता

कुशेश्वरस्थान पूर्वी दरभंगा : श्री बाबा कुशेश्वर क्रिकेट टूनामेंट के अंतिम क्वार्टर फाइनल मैच में बुधवार को भोलका की टीम ने तरबन्ना को तीन विकेट से पराजित कर सेमीफाइनल में पहुंचने वाली अंतिम टीम बन गया। उच्च विद्यालय कुशेश्वरस्थन के मैदान में भोलका की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला कर तरबन्ना की टीम को बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए तरबन्ना की टीम ने 16 ओवर में 85 रन बनाकर आउट हो गया। लक्ष्य का पीछा करते हुए भोलका की टीम 11.2 ओवर में 7 विकेट पर 86 रन बनाकर 3 विकेट से मैच जीत लिया। विजेता टीम के मिन्नत को मैन ऑफ द मैच का ट्रॉफी दिया गया। उन्होंने 4 ओवर की गेंदबाजी में एक मेडन रखते हुए 14 रन देकर महत्वपूर्ण 3 विकेट लिए और अपने टीम के लिए 20 रनों का योगदान दिया। जिसमें तीन शानदार छक्का लगाया। इसके साथ ही टूनामेंट के सेमीफाइनल में घोड़दौड़, सलमगढ़, भदौल और भोलका की टीम पहुंचने में सफल रहे। अब सेमीफाइनल में 19 जनवरी को घोड़दौड़ और सलमगढ़ तथा 20 जनवरी को भदौल और भोलका के बीच मुकाबला होगा।

युवाओं की शारीरिक व मानसिक विकास के लिए खेल जरूरी

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली नेहरू युवा केंद्र मधुबनी युवा कार्यक्रम में खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वधान में मंगलवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक शंभुनाथ ठाकुर के अध्यक्षता में राष्ट्रीय युवा सप्ताह के अंतर्गत शारीरिक दक्षता दिवस के अवसर पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इसके तहत महात्मा गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय खजौली परिसर में बालिका कबड्डी एवं बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता राष्ट्रीय स्वयं सेवक मुकेश यादव के नेतृत्व में हुआ. कबड्डी प्रतियोगिता में सकरी एवं खजौली के बीच खेला गया. जिसमें सकरी की टीम ने 61पॉइंट से विजयी हुई.वही उप विजेता टीम खजौली 33 पॉइंट बनाकर दूसरे नंबर पर रहा.वही वॉलीबॉल प्रतियोगिता सकरी एवं पंडौल के बीच खेला गया. जिमसें सकरी टीम ने विजेताहुई. साथ ही पंडौल टीम ने दूसरे नंबर पर रहकर उपविजेता रहा. इस खेल के दौरान युवाओं ने खेल प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया. प्रतियोगिता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खेल प्रतियोगिता के स्वयं सेवी शंभूनाथ ठाकुर एवं संचालन समिति सदस्य कुंदन कुमार सिंह ने कहा कि खेल से युवाओं की मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है. उन्होंने कहा कि युवाओं को पढ़ाई के साथ खेल में भी बेहतर प्रदर्शन करना चाहिए. नेहरू युवा केंद्र से जुड़े युवा प्रखंड स्तर पर अपने प्रतिभा का प्रदर्शन कर राज्य, देश सहित अन्तर्गराष्ट्रीय पटल पर भी अपना नाम रोशन करता है. मौके पर स्वयं सेवी शंभुनाथ ठाकुर , नेहरू युवा केन्द्र मधुबनी के संचालन समिति के सदस्य कुंदन कुमार सिंह, सुमित कुमार, नितिन सिंह, अरुण यादव, दिनेश राय, अंकित कुमार, प्रमोद सिंह एवं सैकड़ो दर्शक उपस्थित थे।

रेंट देते-देते इश्क हो गया.. महिला सिपाही के पति को लेकर फुर्र हुई बीपीएससी टीचर

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा बिहार में बीपीएससी पास टीचर्स को अप्वाइंटमेंट लेटर मिलने के बाद स्कूल की अलॉटमेंट चल रही है। इस दौरान दरभंगा में अजब ही मामला सामने आया। यहां एक महिला सिपाही के घर किराये पर रहने वाली बीपीएससी पास टीचर ने खेल कर दिया। महिला सिपाही के पति को लेकर फरार हो गई। जैसे ही मामले का खुलासा हुआ तो हंगामा मच गया। सुनने में अजीब लगेगा लेकिन बिहार में अजब चौंकाने वाला मामला सामने आया है। बीपीएससी चयनित एक शिक्षिका जिस घर में किराये पर रुकी थी उसी महिला सिपाही के पति को लेकर फरार हो गई। मामला दरभंगा जिले का है। बताया जा रहा कि जिले की एक महिला सिपाही ने अपने किराये के घर में एक लड़की को रहने के लिए जगह दी थी। हालांकि,उसका ये कदम महिला सिपाही को ही महंगा पड़ गया। मौका देखते ही महिला सिपाही के पति को साथ लेकर शिक्षिका फरार हो गई। काफी खोजबीन के बाद भी जब पति का कोई सुराग नहीं मिला तो महिला सिपाही ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पूरा मामला लहेरियासराय थाना इलाके का है। महिला सिपाही के पति का यूं अचानक फुर्र होना इलाके में चर्चा का विषय बन गया है। महिला सिपाही ने पुलिस में दिए लिखित आवेदन में कहा कि वह अपने पति और दो साल की बेटी के साथ सैदनगर मोहल्ले में किराए के मकान में रहती थी। सब-कुछ ठीक-ठाक चल रहा था। इस बीच यूपी के वाराणसी जिला स्थित उसके गांव की एक लड़की बीपीएससी शिक्षिका भर्ती के लिए बिहार आई। महिला सिपाही के मुताबिक,अपने गांव की होने के चलते उन्होंने उस लड़की को अपने घर पर ही रहने की जगह दे दी। उधर,वाराणसी से आई लड़की ने बीपीएससी की परीक्षा पास कर ली। शिक्षिका के तौर पर उसका दरभंगा शहर के एमएल एकेडमी स्कूल में काउंसलिंग हुई। उसे जिले के ही एक मध्य विद्यालय में बतौर शिक्षिका तैनाती भी मिल गई। यहां तक तो सब ठीक था। करीब एक महीने रहने के बाद एक दिन अचानक वो लड़की कहीं चली गई। तभी से महिला सिपाही के पति का भी कोई सुराग नहीं मिल रहा। महिला सिपाही ने बताया कि अपने गांव की समझ हमने उस लड़की को अपने घर में रहने को जगह दी थी। वो करीब एक महीने तक हमारे साथ रही। अब अचानक लड़की और महिला सिपाही के पति गायब हुए तो बेचारी परेशान हो उठी। पहले तो उसने अपने करीबियों के यहां पति के बारे में जानकारी ली। कुछ पता नहीं चलने पर वो लगातार अपने पति का फोन मिलाने लगी। इसी दौरान एक बार उसकी पति से बात हुई। महिला सिपाही ने कहा कि उसके पति ने फोन पर बात करते हुए तलाक देने के लिए बोल दिया। अब वह उसी लड़की के साथ जिंदगी बिताने की बात कह रही जिसे महिला सिपाही ने अपने घर पर जगह दी थी। महिला सिपाही के पति ने जल्दी से जल्दी तलाक देने की बात कही है। महिला सिपाही का आरोप है कि शिक्षिका और उसका पिता उसे धमकी भी दे रहे हैं। ऐसी स्थिति में वह अपने दो साल की बेटी को साथ लेकर दर-दर भटक रही है। पुलिस शिकायत के बाद लहेरियासराय पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। थानाध्यक्ष कुमार कीर्ति ने बताया कि महिला सिपाही के दिए आवेदन की जांच की जा रही है। इस मामले उचित कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल दरभंगा में सामने आए इस मामले में महिला सिपाही का यही कहना है कि उसे अब किसी पर विश्वास नहीं रहा। जिस लड़की को उन्होंने अपने गांव का समझ घर पर रहने की जगह दी वही उसके पति को लेकर फरार हो गई।

क्रिकेट के बहाने एकजुटता का बेहतर संदेश देता है वीर शिवाजी टी 20 क्रिकेट आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी मंगलवार को कड़कती ठंड के बीच आरएनजे डिग्री कॉलेज ग्राउंड में खेले गए वीर शिवाजी टी 20 क्रिकेट टूनामेंट के फाइनल मुकाबले में हरिने ने मुरलिया की टीम को 30 रनों से हराकर इस वर्ष की ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए स्टार क्रिकेट क्लब हरिने ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 188 रन बनाए। जिसमें गोपाला ने 48, अंकुश राज ने 47 एवं आलम राजा ने 32 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी में मुरलिया की ओर से चार गेंदबाजों ने एक एक विकेट हासिल किया। जवाब में खेलने उतरी राज इलेवन मुरलिया की टीम 18.1 ओवर में 158 रन पर ऑल आउट हो गई। जिसमें अंकित ने 41, चंद्रप्रकाश ने 32, चिरंजीवी और विशाल ने 14-14 रनों का योगदान दिया। हरिने की ओर से गेंदबाजी में शशि शेखर और रणधीर दूबे ने 4-4 विकेट जबकि आदर्श और सुमन ने 1-1 विकेट हासिल किया। फाइनल मैच का मैन ऑफ द मैच हरिने के शशि शेखर को मिला जिन्होंने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 26 रन देकर 4 विकेट चटकाए। मैन ऑफ द सीरीज हरिने के आदर्श को मिला जिन्होंने टूनामेंट में 118 रन बनाए और 7 विकेट लिए। वहीं बेस्ट बैट्समैन हरिने के ही गोपाला बने जिन्होंने कुल 144 रन बनाए। टूनामेंट के बेस्ट बॉलर मुरलिया के कप्तान विशाल राज बने जिन्होंने पूरे टूनामेंट में 7 विकेट लिया। वहीं बेस्ट विकेट कीपर मुरलिया के अंकित और बेस्ट फील्डर मुरलिया के ही मोहित बने। मैच के बाद विजेता टीम हरिने को चैंपियन ट्रॉफी व 51 हजार रुपए, उपविजेता टीम मुरलिया को शील्ड व 31 हजार रुपए नकद पुरस्कार दिया गया। मैच के बाद टूनामेंट के अन्य पुरस्कारों की घोषणा की गयी और सभी को आगत अतिथियों के द्वारा शील्ड आदि प्रदान किए गए। इससे पूर्व टूनामेंट के बहुप्रतीक्षित फाइनल मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि हरलाखी विधायक सुधांशु शेखर, विशिष्ट अतिथि डॉ विजय कुमार यादव, कॉलेज के प्राचार्य प्रो जयमंत मिश्र, झंझारपुर भाजपा जिलाध्यक्ष ई राघव सहित अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मैच के बाद विधायक सुधांशु शेखर ने कहा कि इस सिसकती ठंड में एक अच्छी खेल भावना के साथ क्रिकेट प्रतियोगिता के बहाने यहाँ के लोगों ने एकजुटता का एक बेहतर संदेश दिया है। इसके लिए सभी आयोजन कमिटी और क्रिकेट प्रेमी धन्यवाद के पात्र हैं। वहीं विशिष्ट अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा ने कहा कि फाइनल मैच में दोनों टीमें बेहतर खेली लेकिन जिसने कम गलती की उसके सिर जीत का सेहरा बंधा। पूर्व प्रमुख रत्नेश्वर ठाकुर ने कहा कि युवकों के अथक प्रयास से आज मधवापुर का क्रिकेट इलाके में प्रसिद्ध हो गया है। आईरा के जिला संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार गांधी मिश्र गगन ने कहा कि इस आयोजन में भारत के विभिन्न प्रांतों और नेपाल की 16 टीमें आपस में भिड़ीं और अंत में फाइनल मुकाबला अगल बगल के मधुबनी और सीतामढ़ी जिले के टीमों में हुआ। इस खेल के बहाने दूरदराज की टीमों को एक दूसरे की संस्कृति में घुलने मिलने का मौका मिला जो अद्भुत है। मौके पर मधवापुर थानाध्यक्ष राजकुमार मंडल, सहित सभी कार्यकर्ता व लगभग 25 हजार से अधिक की संख्या में क्रिकेट प्रेमी मौजूद थे।

पूर्व केंद्रीय मंत्री अली अशरफ फातमी की मां का 91 वर्ष की आयु में निधन

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार मोहम्मद अली अशरफ फातमी की वालदह (अम्मी जान) उम्मतुल फातमा का 91 वर्ष की आयु में बुधवार दोपहर अचानक निधन हो गया। मरहुमा दरभंगा के मशहूर अधिवक्ता मोहम्मद इलियास साहब की पत्नी थीं। मरहुमा अपने पीछे दो बेटा और दो बेटी छोड़ गई हैं। जिसमें ऐक बेटा मोहम्मद अबु असरफ फातमी,उर्फ जुही और पति मोहम्मद इलियास पहले ही दुनिया से गुजर चुके हैं। मरहूमा के जनाजे की नमाज उनके आबाई गांव बाकीपुर में 19 जनवरी,(शुक्रवार) को दिन के 2:30 बजे अदा की जायगी। मरहूमा के देहांत की खबर मिलते ही पूरे मिथिलाँचल समेत देश भर के लोगों में शोक की लहर है। मरहूमा के इंतेकाल पर शोक व्यक्त करने वालों में ऑल इंडिया मुस्लिम बेदारी कारवाँ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नजरे आलम,दरभंगा लोक अभियोजक नसीरुद्दीन हैदर,मोहम्मद एहसान,अधिवक्ता इरफान अहमद बिसमिल,जफीर अहमद,सद्दाम हुसैन,अधिवक्ता सैफुल इस्लाम,अधिवक्ता अफरोज आलम खां,अजमतुल्लाह अबुसईद,अबु बशर रब्बानी,अशरफ अहमद,ईद मोहम्मद,मोहम्मद तालिब,कारी सईद जफर,जमीर खान,मास्टर नूर आलम,डाक्टर निजामुद्दीन खान,अजहर आलम,मोहम्मद इरफान,जकी अहमद,मोहम्मद नूरैन,मोहम्मद भोला,मोहम्मद चांद आदी के नाम शामिल है।

ज्योति बाबू के 15वें पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा कोऑर्डिनेशन कमिटी आफ ट्रेड यूनियंस एंड एसोसिएशन जिला कमेटी दरभंगा के द्वारा मार्क्सवादी चिंतक एवं पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री ज्योति बाबू के 15वी पुण्यतिथि पर कर्मचारी विश्रामगृह के प्रांगण में उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया गया। इस अवसर पर दिनेश झा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया कोऑर्डिनेशन कमेटी के जिला संयोजक फूल कुमार झा ने कहा कि ज्योति बाबू पश्चिम बंगाल सरकार के लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे। उनके द्वारा पश्चिम बंगाल में भूमि सुधार कर कृतिमान स्थापित किया गया, वे रेलवे एवं जूट मिल के मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष करते हुए संसदीय राजनीति में प्रवेश करते हुऐ कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य बने। वर्ष 1964 में सी पी एम के पोलित ब्यूरो का सदस्य बने। वर्ष 1977 में मुख्यमंत्री बनते ही राज्य कर्मियों को हड़ताल का अधिकार दिया, ज्योति बाबू वर्ष 2000 तक पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री थे। बिरले मुख्यमंत्री ही स्वेक्षा से मुख्यमंत्री का पद छोड़ते हैं ,जिसमें ज्योति बाबू का नाम अंकित है ।ज्योति बाबू केंद्रीय ट्रेड यूनियन सीटू के लंबे अवधि तक उपाध्यक्ष निर्वाचित होते रहे। वर्ष 1996 में लोकसभा निर्वाचन के बाद सर्वसम्मत से भारत के प्रधानमंत्री के पद के लिए निर्वाचित हुए परंतु सैद्धांतिक कारणों से उन्होंने प्रधानमंत्री बनने से इनकार कर दिया था। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप कुमार चौधरी ने कहा कि स्वर्गीय ज्योति बाबू वंचित गरीब बेसहारा किसान मजदूर एवं छात्र के अधिकारों का संरक्षण के लिए सदैव संघर्ष करते रहे। आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संघ के राज्य उपाध्यक्ष शमशाद बेगम ने कहा कि ज्योति बाबू महिलाओं के हितों की रक्षा की तथा महिला उत्थान पर कार्य किया। इस अवसर पर विजय कुमार सिंह अरविंद कुमार राय, पर्णव कुमार झा , मोबशशीर अल्ताफ, फकीरा पासवान, ताराकांत पाठक, अश्वनी कुमार झा, वीरेंद्र कुमार पासवान, बेचन राम एवं बैद्यनाथ झा, शिक्षक नेता राजकुमार पासवान, नंदन कुमार सिंह सी टू के नेता अजीत पासवान एवं गौतम कुमार आदि ने विचार रखते हुए कहा कि ज्योति बाबू हमारे लिए एक शिक्षक थे उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लेता हूं ताकि शोषित पीड़ित श्रमिकों का कल्याण हो सके।

एमआरएफ टायर्स की दुकान की उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली संतु स्मारक चौक से पुरव मनियरवा जाने वाली मुख्य सड़क के पास बुधवार को एमआरएफ कंपनी के शिव शक्ति टायर्स की हौलसेल दुकान की फीता काटकर संयुक्त रूप से मुख्य अतिथि विपिन लाल दास प्रोपराइटर अजित कुमार प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष उपेंद्र यादव, डा. प्रभात कुमार,डा. के.पी. सिंह, समाजसेवी कृष्णदेव मल्लिक,रंजीत कुमार लाल,गौरीशंकर मल्लिक द्वारा किया गया.इस उद्घाटन के बाद प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष उपेंद्र यादव ने कहा कि खजौली जैसे छोटी सी बाजार में एमआरएफ कंपनी की चार चक्का, ट्रक,बस, ट्रैक्टर, दो चक्का के सभी वाइक की हौलसेल दुकान खुल जाने से प्रखंड़ वासी को अब जयनगर,राजनगर एव मधुबनी शहर नही भटकना पड़ेगा.उन्होंने कहा कि शवशक्ति टायर्स की हौलसेल एव खुदरा दुकान में कंपनी की सभी प्रकार मोटर वाहन एव वाइक की टायर्स उचित मूल्य पर उपलब्ध होगा.वही शवशक्ति टायर्स के प्रोपराइटर अजित कुमार ने कहा कि एमआरएफ कंपनी की टायर्स सभी मोटर वाहन में प्रयोग करने से भारी वाहन तेज रफ्तार में दौड़ती है. उन्होंने कहा कि इस कंपनी की सभी प्रकार की वाहन में टायर लगाने से अधिक दिनों तक सर्विस देती है.वही शवशक्ति टायर्स हौलसेल दुकान के डायरेक्टर विपिन लाल दास ने कहा कि एमआरएफ कंपनी भरोसेमंद कंपनी में एक है. उन्होंने सभी वाहन मालिक एव चालक से अपील की है कि शवशक्ति टायर्स की दुकान पर पहुच कर भारत की नंबर वन टायर्स खरीददारी करने की अपील की है.इस उद्घाटन के मौके पर धर्म प्रकाश,सतीश प्रकाश,अभिषेक कुमार मोनू,रामनाथ प्रसाद सिंह,मनोज सिंह,विजय चौधरी,शिवनाथ मंडल,विपिन सिंह,रामसागर सिंह,रमित कुमार,विवेक कुमार,प्रकाश कुमार,सतीश कुमार भास्कर सहित दर्जनों ग्राहक मौजूद थे.

शिक्षा संवाद कार्यक्रम के माध्यम से बीडीओ ने दिया मुख्यमंत्री द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखण्ड के जगतारणी उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खम्हार में शिक्षा विभ

संक्षिप्त खबरें

हथियार के साथ बाप-बेटा गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर । पुलिस में एक बाप -बेटा को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। बेटा हाल ही में जेल से निकला था और पुलिस उसपर टेक्निकल सर्विलांस के माध्यम से नजर रख रही थी। इसी के तहत अहियापुर थाने की पुलिस को सूचना मिली की सहबाजपुर चकगाजी स्थित एक मकान में हथियार रखी हुआ है। सहायक पुलिस अधीक्षक ,नगर अवधेश सरोज दीक्षित के नेतृत्व में थानाध्यक्ष रोहन कुमार ने एक टीम बनाकर मौके पर छापेमारी की। इस दौरान मौके से बाप और बेटा को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों की पहचान सूरज कुमार, और उसके पिता लालबाबू महतो के रूप में हुई है ।पुलिस ने इनके पास से एक रिवाल्वर, दो कारतूस, 13 लीटर विदेशी शराब, और एक बाईक बरामद किया है। ए एस पी टाउन अवधेश दीक्षित ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सूरज पहले भी हथियार के साथ जेल जा चुका है। और जेल से निकालने के बाद वह शराब की तस्करी कर रहा था।

एसडीओ ने आधी रात को गरीबों में बांटे कम्बल

मुजफ्फरपुर । कंपकंपाती ठंड और बदन पर एक चिथडा तक मयस्सर नहीं । ऐसे बेबसों के बीच बीती रात अनुमंडलाधिकारी पश्चिमी बृजेश कुमार एक फरिश्ता बन कर पहुंचे और उन सबों को एक -एक कम्बल लेकर ठंढ से राहत दिलाई। मकर संक्रांति की आधी रात को एसडीओ पश्चिमी बृजेश कुमार ने शीतलहर प्रकोप से सुरक्षा हेतु विभिन्न स्थानों पर घूम घूम कर जरूरतमंदो के बीच कंबल का वितारण किया । भीषण कंपकंपाती ठंड में कम्उबल मिलते ही बेबस गरीबों के चेहरे खिल पड़े और अचानक उनके हाथ इस अधिकारी के लिए दुआ में उठ गये। जिला प्रशासन से जुड़े इस संवेदनशील पदाधिकारी की इलाके में खूब सराहना हो रही है।

फरार अभियुक्त गिरफ्तार,भेजा जेल

आलमनगर,मधेपुरा आलमनगर थाना पुलिस द्वारा दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। इस बाबत आलमनगर थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार ने बताया कि दो अलग अलग मामले के अभियुक्त थे और बहुत दिनों से फरार चल रहा था। गुप्त सुचना के आधार पर छापामारी कर आलमनगर नवगछिया टोला निवासी श्याम यादव पिता स्व लटुरन यादव एवं अरुण यादव पिता छबु यादव को गिरफ्तार किया गया। जिसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

नया इतिहास रचेंगे विश्वकर्मा के पांचों पुत्र : मुकुल आनंद

प्रात : किरण, संवाददाता

सहरसा : जिला स्थित सुपर मार्केट के कला भवन सभागार में भारतीय विश्वकर्मा महासंघ की एक दिवसीय जिला सम्मेलन संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासंघ के डॉक्टर रघुनन्दन शर्मा तथा संचालन रामफल पंडित ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वकर्मा समाज के इष्टदेव भगवान विश्वकर्मा के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलन कर किया गया। भारतीय विश्वकर्मा महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल आनंद ने कहा कि आज विश्वकर्मा समाज के बुनियादी मुद्दों का समाधान करने की आवश्यकता है। विश्वकर्मा समाज के नौजवानों को अब नौकरी और रोजगार चाहिए। विश्वकर्मा समाज के युवा डॉक्टर, इंजीनियर और आईएएस बनना चाहते हैं। समाज के लोग जब तक एमपी,एमएलए नहीं बनेंगे तब तक विश्वकर्मा समाज के अधिकार का हनन होते रहेगा। सरकार में भागीदारी से ही समाज के विकास का रास्ता खुलता है। आनंद ने कहा जिसकी २ प्रतिशत आबादी है उन्हें सत्ता में आजादी से लेकर अब तक सम्मान मिल रहा है। जबकि हम विश्वकर्मा वंशज सोनार,लोहार,कुम्हार,कसेरा, ठठेरा बढ़ई किसी का भेदभाव नहीं करते है सबका सम्मान करते है और इन सभी विश्वकर्मा वंशियो की आबादी 10 से १२ प्रतिशत है फिर भी सत्ता से वंचित है। अब विश्वकर्मा समाज इस अपमान को बर्दास्त नहीं करेगा। राजनीतिक भागीदारी नहीं अब सत्ता का संघर्ष होगा। वही मौके पर सुजाता शर्मा ने समाज की एकता पर बल देते हुए कहा किसी भी समाज की शक्ति उस समाज की संगठन पर निर्भर करती है। युवाओ एवम महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा मिलर हाई स्कूल के मैदान में भागीदारी सुनिश्चित कराने की प्राथमिकता बनाए। सहरसा जिला अध्यक्ष रघुनन्दन शर्मा ने कहा कि विश्वकर्मा समाज आजादी से अब तक सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं राजनीतिक हर क्षेत्र में उपेक्षित है। एक संगठित समाज ही परिवर्तन और विकास का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। सभी लोगों से अपील करता हूँ की भारतीय विश्वकर्मा महासंघ से जुड़कर पटना में होने वाली विश्वकर्मा अधिकार रैली में भाग लें। सम्मलेन में रामवतार पंडित, पप्पू स्वर्णकार विश्वकर्मा, रिंकू शर्मा, डॉ. रवीन्द्र कुमार शर्मा, मीना शर्मा, सुधीर शर्मा, सुपौल जिलाध्यक्ष संजय शर्मा, राज शर्मा, डॉ. अंजेश मनी, विजय शर्मा , श्यामल शर्मा, वेदानन्द शर्मा, नरेश शर्मा, पंकज शर्मा, प्रणव शर्मा आदि वक्ताओं ने भी अपने - अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में हजारों लोगों की उपस्थिति रही।

महा विष्णुयज्ञ को लेकर भूमि पूजन

प्रात : किरण, संवाददाता

सौरबाजार/सहरसा- प्रखंड क्षेत्र के चन्दौर पुर्वी पंचायत स्थित रामजानकी ठाकुरवारी परिसर में महंथ हनुमान दास त्यागी जी महाराज के अगुवाई में आगामी 18 फरवरी से आयोजित होने वाले नौ दिवसीय विष्णुयज्ञ महायज्ञ को लेकर बुधवार को भूमि पूजन व ध्वजारोहण कार्यक्रम पंचायत के पूर्व मुखिया सह यज्ञ के अध्यक्ष अवधेश कुमार एवं ग्रामीणों के द्वारा किया गया। इस अवसर पर बनारस के आचार्य राम बिहारी द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ भूमि पूजन एवं ध्वजारोहण कराया गया। त्यागी जी महाराज के सूक्ष्म संरक्षण में समस्त प्राणियों के कल्याण एवं विश्व शांति हेतू विष्णु महायज्ञ का आयोजन किया जाना है। इस महायज्ञ के तहत 18 फरवरी को कलश शोभा यात्रा एवं 19 फरवरी को अग्नि प्रचलित की जाएगी। इस अवसर पर भूमि पूजन कर ग्रामीणों ने यज्ञ संपन्न करने के लिए संकल्प लिया। जबकि राम अवतार श्री कृष्ण रासलीला एवं रामलीला मंडली के द्वारा नौ दिनों तक रात्रि में कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर महा विष्णु यज्ञ समिति के लोग उपस्थित थें।

चार श्रम कोड बिल मजदूरों को गुलाम बनाने वाले काला कानून है : कुंदन

प्रात : किरण, संवाददाता

सहरसा। मोदी शासन में मजदूर वर्ग पर बढ़ते हमले के खिलाफ मजदूर अधिकारों की रक्षा के लिए जिले के कचहरी चौक पर मजदूर जागरूकता अभियान चलाया गया। ऐक्टू जिला सचिव मुकेश कुमार के नेतृत्व में जागरूकता अभियान में लेबर कानून को रद्द करने, सामाजिक सुरक्षा, मजदूर हित के कानून को खत्म करने पर रोक लगाने, निर्माण मजदूर सहित सभी असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का निबंध करने, नियमित काम और मजदूरी की गारंटी, महंगाई रोकने आदि सवालों को उठाते हुए उन्हें जागरूक किया गया। मौके पर उपस्थित दर्जनों महिला-पुरुष मजदूरों को संबोधित करते हुए के माले युवा नेता सह जिला 20सूत्री सदस्य कुंदन यादव ने कहा कि विनाशकारी मोदी सरकार के शासन काल में मजदूर के अधिकारों में लगातार कटौती किया जा रहा है चार श्रम कोड बिल मजदूरों को गुलाम बनाने वाले काला कानून है जो मजदूर वर्ग के लिए विनाशकारी साबित होगा। उन्होंने मजदूरों से इसके खिलाफ संघर्ष तेज करने की अपील की। माले नेता सह 20सूत्री सदस्य विक्की राम ने कहा सामाजिक सुरक्षा कोड बिल मजदूर विरोधी है लंबे संघर्ष से हासिल निर्माण मजदूरों के लिये केंद्रीय कानून-1996 के तहत बने राज्य स्तरीय कल्याण बोर्डों को खत्म करने के लिये मोदी सरकार ह्यसामाजिक सुरक्षा कोडह्ल ले आई है जिसके तहत कल्याण बोर्डों से निर्माण मजदूरों ने अपने लिये अलग, एक सामाजिक सुरक्षा हासिल की थी जिसे इस कोड के माध्यम से उलटा जा रहा है जो निर्माण मजदूर के साथ नाइंसाफी है मौके पर माले नेता सागर कुमार, सीताराम यादव, अजय यादव, बेचनी देवी, सती देवी, ऐक्टू जिलाध्यक्ष वीणा देवी, मीरा देवी, मनीष कुमार, मनसरिया देवी, पूनम देवी सहित दर्जनों महिला-पुरुष मजदूर मौजूद थे।

अधिकतम तापमान हुआ सामान्य से 6डिग्री कम

प्रात : किरण, संवाददाता

मुजफ्फरपुर। आज भी जिले में कोल्ड -डे की स्थिति पूर्ववत बनी रही। लोग घरों में दुबके रहे। पछिया हवा के कारण कनकनी बनी रही।जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केंद्र डॉ० राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा ने आज के मौसम की जानकारी देतेथे हुए बताया है कि आज का अधिकतम तापमान 15.9डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 6.3डिग्री सेल्सियस कम है। वहीं आज का न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री रहा जो सामान्य से 2.3डिग्री अधिक था। सुबह में सापेक्ष आर्द्रता 95 प्रतिशत और दूसरे पहर बाद घटकर 75प्रतिशतहो गई। पछिया हवा की गति 3.6किमी प्रति घंटा रही।

प्रखंड प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव, बैठक निर्धारित

प्रात : किरण, संवाददाता

घैलाढ़ प्रखंड प्रमुख के खिलाफ पंचायत समिति सदस्यों द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर बहस व वोटिंग के लिए विशेष बैठक की तिथि 19 जनवरी मुकर्रर कर दी गई है क बैठक की तिथि प्रखंड प्रमुख रंजू देवी ने दिनांक 5 जनवरी 2024 के आलोक में निर्धारित करते हुए पंचायत समिति के कार्यपालक अधिकारी सह बीडीओ अशोक कुमार से 19 जनवरी को बैठक बुलाने का अनुरोध किया है प्रखंड प्रमुख के पत्र के आलोक में बीडीओ ने अपने पत्रांक 35 दिनांक 6 जनवरी 2024 के आलोक में पंचायत समिति सदस्यों की विशेष बैठक 19 जनवरी 2024 को सूचना एवं प्रौद्योगिकी भवन के द्वितीय तल के सभा भवन में दोपहर 11:00 बुलाई है कबीडीओ ने कहा कि विशेष बैठक में ही अविश्वास प्रस्ताव पर सदस्यों का मत विभाजन होगा कबिहार पंचायती राज अधिनियम की धारा (44) (3) (1) के तहत सभी पंचायत समिति सदस्यों को पत्र भेजकर इस आशय से अवगत कराया है कउल्लेखनीय है कि विगत दिन 5 जनवरी को प्रखंड के कुल 12 पंचायत समिति सदस्यों में से सात सदस्यों ने प्रखंड प्रमुख रंजू देवी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव से संबंधित आवेदन प्रमुख की अनुपस्थिति में वीडियो को सौप था कप्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने वाले पंचायत समिति सदस्यों में से मंजू सुमन, गायत्री देवी, बिंदेश्वरी मंडल, भवेश कुमार नयन, संगीता कुमारी, मीना देवी, नगिया देवी शामिल है विशेष बैठक में मत विभाजन के दौरान अविश्वास प्रस्ताव पारित करवाने के लिए 7 मतों की जरूरत होगी कइधर 12 पंचायत समिति सदस्यों में से सात सदस्यों के द्वारा प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाए जाने से प्रखंड की राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है।अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष व विपक्ष में पंचायत समिति सदस्य गोलबंद होने लगे हैं।

घर में सो रही अकेली महिला से पड़ोसी ने की छेड़छाड़, जांच में जुटी पुलिस

प्रात : किरण संवादाता

बोचहा । घर में सो रही महिला को अकेली देख पड़ोसी उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा। विरोध व शोर मचाने पर आरोपी महिला को मारने-पीटने के बाद कपड़े फाड़ कर फरार हो गया। पीड़िता ने बुधवार को थाना में आवेदन देकर करवाई की मांग की है। घटना बोचहा थाना क्षेत्र के एक गांव का है। जहां महिला अकेले घर में रहती है।अकेली महिला को देख आरोपी की उसपर गंदी नजर थी।आए दिन उस पर फब्तियां कसता था। महिला लोक लाज के डर से उत्पीड़न सहती गई। इससे आरोपी का मनोबल बढ़ गया। पुलिस को दिए गए बयान में पीड़िता ने बताया कि पति परदेशी है। मैं मंगलवार की रात घर में अकेले सोई हुई थी। आधी रात को आरोपी दरवाजा तोड़ कर घर में घुस गया और मेरे साथ अश्लील हरकत करने लगा। नींद खुलने पर विरोध करते हुए शोर मचाने लगी। पकड़े जाने के डर से आरोपी पीड़िता को पीटने लगा। बाद में जाते समय महिला के कपड़े फाड़ दिए। थोड़ी देर बाद अपने परिजनों के साथ आया और गाली गलौज करते हुए महिला के साथ मारपीट करने लगा। अपर थाना अध्यक्ष रंजीत कुमार गुप्ता ने बताया कि पीड़िता के द्वारा छेड़छाड़ व मारपीट का आवेदन दिया गया है, पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

मधेपुरा के नीतीश कुमार बने छात्र राजद के प्रदेश महासचिव,कार्यकताओं में खुशी

प्रात : किरण संवाददाता

छात्र राजद के प्रदेश अध्यक्ष गगन यादव के द्वारा मधेपुरा तमौट परसा निवासी नीतीश कुमार उर्फ जपानी यादव को छात्र राजद बिहार का प्रदेश महासचिव बनाया गया। छात्र राजद कार्यकताओं ने ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय के प्रांगण में जापानी यादव का भव्य स्वागत किया और खुब मिठाई लड्डू एक दूसरे को खुशी में खिलाते नजर आए। जपानी यादव ने कहा हमें जो प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा जिम्मेदारी मिली है उसे सच्चे इमानदारी पूर्वक निर्वाहन करेंगे और आदरणीय लालू प्रसाद यादव जी और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव जी के राह पर चल कर पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। लगातार कई वर्षों से हम छात्र छात्राएं की जनसमस्याएं को लेकर सक्रीय रहें हैं और आगे भी रहेंगे। बीएनएमयू अध्यक्ष सोनू यादव और प्रदेश महासचिव सचिव माधव कुमार ने प्रदेश अध्यक्ष गगन यादव को धन्यवाद देते हुए कहा कि इनके नेतृत्व में छात्रों का संगठन व्यापक तौर पर मजबूत हो रहा है और लगातार हमलोगों के साथ उजार्वान तरीके से छात्रों के हित में काम कर रहें हैं। ब्रजेश यादव और नीतीश यदुवंशी ने कहा जपानी यादव बड़े ही मृदुल स्वाभाव मिलनसार हैं। छात्रों के बीच में काफी पोपुलर है आशा है समाजहीत में काम करते दिख रहें है। बधाई देने वालों में बृजेश यादव,सोनू यादव विश्वविद्यालय अध्यक्ष राजद, दीपक कुमार, महाकाल यादव, सुमन कुमार, माधव कुमार, निखील यादव,केशव यादव किशोर राज, प्रहलाद कुमार, सरकार द्वारा, हिमांशु यादव, आर्यन यादव, दीपक कुमार, सोनू कुमार, नितिन कुमार, संजीत कुमार, राजा कुमार, मनीष कुमार, छोटू यादव, सूरज यादव, मृत्युंजय यादव, विजय जी, हिमांशु जी समेत सैकड़ों छात्र और युवाओं ने दिया बधाइयां ।

मानवाधिकार रक्षकों द्वारा समीक्षा बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।स्विथानीय कास मंडल परिसर में मानवाधिकार रक्षकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुजफ्फरपुर विकास मंडल के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने की। बैठक में मुसहरी प्रखंड में हुए 11 दिवसीय जयप्रकाश - प्रभावती मुसहरी प्रवास स्वर्ण जयंती संवाद पदयात्रा के क्रम में जिन समस्याओं का सामना पदयात्री दल के सामने संवाद स्थापित करने व अवलोकन के दौरान करना पड़ा ,उसकी समीक्षा की गई। आगे आने वाले दिनों के लिए सर्वसम्मति से कुछ कार्यक्रम तय किए गए तथा कुछ वैसी समस्याओं को चिन्हित किया गया जिसे जिलाधिकारी को ज्ञापन के माध्यम से प्रतिनिधिमंडल द्वारा सौंपने का निर्णय लिया गया। मुख्यतया भूमिहीनता, उर्वर भूमि पर जलजमाव, शिक्षा, पलायन, आम आदमी पर ऋण का बोझ आदि तथा इनसे उबरने के उपाय पर भी चर्चा की गई। बैठक में अरविन्द कुमार ने यात्रा रिपोर्ट प्रस्तुत किया। उसके बाद मानव अधिकार रक्षकों ने अपने विचार उस परिप्रेक्ष्य में रखा। मुख्य रूप से प्रोफेसर अरुण कुमार, प्रोफेसर विकास नारायण उपाध्याय, पूर्व जिला पार्षद मुक्तेश्वर प्रसाद सिंह मुकेश, रमेश गुप्ता, सामाजिक कार्यकर्ता हरेंद्र कुमार, शरद कुमारी, विकास मंडल की मंत्री वंदना शर्मा, सह मंत्री संजीव कुमार, विपिन शाही, तेतर मांझी, अनिता देवी ने अपने विचार रखे।

नाटक सुरक्षा कवच के जरिए रंगकर्मियों ने सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

वाद-विवाद प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

प्रात : किरण संवादाता

मधेपुरा । बुधवार को जिला मुख्यालय के वेद व्यास महाविद्यालय में प्रधानाचार्य डॉ. आलोक कुमार के अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सामाजिक सांस्कृतिक और साहित्यिक संस्था सृजन दर्पण के ओर से जन जागरूकता हेतु सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित किया था जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी को महाविद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया। कलाकारों ने अपने गीत और नाटक के जरिए लोगों को जागरूकता किया। सृजन दर्पण के इस अभियान का उद्देश्य था व्यक्तियों, समुदायों और छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना। कार्यक्रम में युवा रणकर्मी निदेशक बिकास कुमार द्वारा लिखित और निर्देशित नाटक सुरक्षा कवच के माध्यम से सड़क सुरक्षा के प्रति संदेश देने का प्रयास किया। इस दौरान सुरक्षित ड्राइविंग की आदतें अपनाने, गति सीमा का पालन करने, ध्यान भटकने से बचाव और यातायात नियमों का पालन करने के बारे में बताया गया। यह भी बताया गया कि रोड़ पर गाड़ी चलाते समय किसी प्रकार के नशीली पदार्थ का सेवन न करें। बाइक चलाते समय हेलमेट का उपयोग करें, कार चलाते वक्त सीट बेल्ट पहने और एक बात का जरूर ध्यान रखें गाड़ी चलाते समय संदेश भेजने या अपने फोन का उपयोग करने से परहेज करें। इसमें रंगकर्मी विकास कुमार, निखिल कुमार, सौरभ सुमन, शशि कुमार, हिमांशु कुमार, मौसम कुमारी और रेशम कुमारी ने मंचन किया। युवा गायक भवेश कुमार ने सड़क सुरक्षा जीवन के लिए होती बेहतरीन गीत से लोगों को जागरूक किया। जबकि तबला पर संगत अमित कुमार ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि 11 से 17 जनवरी तक सृजन दर्पण संस्था सचिव विकास कुमार और टीम के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा के प्रति गांव जाकर लोगों बीच गीत संगीत और नाटक के माध्यम से जानकारी दी जो काबिले तारीफ है। जिसका आज अंतिम दिन है। सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत चलने वाला यह विशेष मुहिम है उन्होंने कहा व्यक्तिगत विकास और सकारात्मक बदलाव के लिए समर्पित विशेष सप्ताह है। कार्यक्रम में प्रो. फुलेश्वर पंडित, प्रो. अनंत कुमार, प्रो. भुपेन्द्र मंडल, प्रो. अंजनी कुमारी, प्रो. अरूण कुमार सहित हेड क्लर्क दिपनारण यादव आदि मौजूद थे।

श्रीराम लक्ष्मण जानकी के दिव्य प्रतिमाओं के साथ निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

मुरलीगंज बाजार के विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए ठाकुरबाड़ी पहुंची श्रीराम जानकी शोभा रथ

प्रात : किरण संवादाता

मुरलीगंज नगर पंचायत वार्ड चार स्थित श्रीराम जानकी ठाकुरबाड़ी में प्रतिमा स्थापना प्राण प्रतिष्ठान को लेकर बुधवार को शहर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर से भक्तिभजन के साथ श्रीराम जामकी, लक्ष्मण और हनुमान की प्रतिमाओ को रथ पर लेकर भव्य शोभायात्रा कर नगर भ्रमण किया गया। जय श्रीराम के जयघोष से नगर क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण कायम रहा है। श्रीराम के शोभा यात्रा में प्रतिमाओ और रथ आकर्षण का केंद्र बना रहा। विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर जनप्रतिनिधि और पुलिस बल भी शोभा यात्रा मे शामिल रहे। शोभा यात्रा श्रीराम जानकी ठाकुरबाड़ी से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ निकल कर गौशाला चौक, मस्जिद चौक, हरिद्वार चौक, गोल बाजार, हाट बाजार रोड, मिडिल चौक, दुर्गा स्थान चौक, महावीर चौक होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। कड़ाके की ठंड में भी श्रद्धालुओ का भक्ति चरम पर रहा। भक्तिभजन में डूबे सैंकड़ों श्रद्धालुओ की भीड़ शोभा यात्रा की भव्यता को बढ़ा रही थी। बता दें की बीते 14 जनवरी को प्रतिमा स्थापना को लेकर नगर में कलश शोभा यात्रा के साथ यज्ञारंभ हुआ। बुधवार को प्रतिमा स्थापना प्राण प्रतिष्ठान हवन-पूजन को लेकर श्रीराम की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई है। ठाकुरबाड़ी के महंत श्रीगीरधर दास जी महाराज ने कहा कि मठ मंदिर में प्रतिमा स्थापना को लेकर श्रीराम की शोभा यात्रा निकाली गई है। पंडित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठान हुआ है। भक्ति का माहौल कायम है। नगरवासियों के सहयोग से भव्य आयोजन हुआ है। पूर्व में मठ मंदिर से प्रतिमाओ की चोरी हुई थी। पुनः प्रतिमा स्थापित कराने के लिए भव्य आयोजन किया गया है। वही नगर पंचायत मुख्य पार्षद सर्जना सिद्धि ने कहा कि शोभा यात्रा को सफल बनाने मे सबका सहयोग सराहनीय रहा है। इस आयोजन से भक्तिमय वातावरण बनी है।

मारपीट और छीनतई को लेकर कुमारखंड थाना में 6 नामजद व्यक्ति पर मामला दर्ज

प्रात : किरण संवादाता

कुमारखंड,मधेपुरा कुमारखंड थाना क्षेत्र के इसराइन खुर्द पंचायत स्थित यदुआपट्टी गांव निवासी नवनीत देवी ने कुमारखंड थाने में आवेदन देकर आरोप लगाया मेरे ही गांव के राजेश शाह, मनोज शाह, रौनक राज, आनंद कुमार, मीरा देवी, चनिया देवी, यदुआ पट्टी वार्ड नंबर एक निवासी हथियार का भय दिखाकर गाली गलौज करते हुए कहा महिला का बहुत मन बढ़ा हुआ है। जान से मार कर खत्म कर दो इतना कहते ही उक्त सभी नामित व्यक्ति गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। मारपीट की घटना में नवनीत देवी घायल हो गई। परिजनों ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक द्वारा उपचार किया गया। उन्होंने आरोप लगाते हुए बताया जान से मारने की नीयत से मेरे सर पर दबिया से वार कर जख्मी कर दिया था।

मुखिया ने पंचायत क्षेत्र में की अलाव की व्यवस्था

प्रात : किरण संवादाता

घैलाढ़ पंचायत के मुखिया विमल कुमार ने कड़ाके की ठंड से बचने के लिए मंगलवार को पंचायत क्षेत्र में एक दर्जन स्थानों पर अपने निजी फंड से अलाव की व्यवस्था किया कबढ़ते भीषण शीतलहर से हार कांपने वाली ठंड से लोग बेहाल थे कखासकर बाजार और चौक चौराहे पर जहां दुकानदार और राहगीर खासे परेशान थे कलगभग एक सप्ताह से कड़ाके की ठंड से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है कऐसे में मुखिया श्री विमल कुमार ने मानवता का परिचय देते हुए पंचायत के विभिन्न जगहों पर अलाव की व्यवस्था की कअलाव की व्यवस्था हो जाने से पंचायत क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है और मुखिया के इस नेक कार्य की प्रशंसा की है कलोगों ने कहा कि इतनी हार कांपने वाली ठंड पड़ रही है लेकिन सरकार की तरफ से अब तक कोई व्यवस्था नहीं की गई है क ऐसे में मुखिया श्री कुमार द्वारा अपने निजी फंड से अलाव की व्यवस्था कर मानवता का परिचय दिया गया है लोगों ने उन्हें इसके लिए बधाई दिया है।

पीजी विभागों में शिक्षक और कर्मियों की कमी, पठन पाठन प्रभावित

- कुछ विषयों में नव नामांकित छात्रों के बैठने की नहीं है समुचित व्यवस्था

प्रात : किरण संवादाता

मधेपुरा । बी एन एम यू में राज्य सरकार द्वारा पीजी स्तर पर नौ विषयों में पढ़ाई की स्वीकृति प्रदान करने के बाद विश्वविद्यालय में पीजी के नए विषयों की पढ़ाई तो शुरू हो चुकी है लेकिन विभाग में शिक्षकों और कर्मचारियों की कमी के कारण छात्रों का सिलेबस पूरा होने में परेशानी हो रही है। इतना ही नहीं नए विषयों के कुछ विभागों के छात्रों के लिए वर्ग कक्ष की समुचित व्यवस्था भी नहीं की गई है। जबकि विवि ने पर्शियन, मैथिली, संस्कृत, सांख्यिकी, ग्रामीण अर्थशास्त्र, एआईएच, एंथ्रोपोलॉजी, जियोलॉजी और पीएमआईआर विषय के लिए नामांकन भी लिया गया है। इतना ही नहीं विवि ने विभाग के अध्यक्ष की नियुक्ति भी कर दी है। लेकिन अभी तक एचओडी के लिए कमरे की व्यवस्था भी नहीं हो पाया है। वही बताया गया कि पीएमआईआर और एंथ्रोपोलॉजी के छात्रों को कमरे में बैंच डेस्क आदि की व्यवस्था तो कर दी गई है। लेकिन अन्य विभागों को अब तक पर्याप्त सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है। जबकि नॉर्थ कैंपस के परीक्षा भवन के ऊपरी तल पर सभी नए विषयों को अलॉट किया गया है। कई विषयों में शिक्षक की है कमी बीएनएमयू के पीजी विभागों में शिक्षक की कमी से पाठ्यक्रम पूरा होने में काफी परेशानी हो रही है। पीजी के मैथमेटिक्स, जियोलॉजी, एंथ्रोपोलॉजी, पीएमआईआर, अंग्रेजी, जियोग्राफी, संगीत, उर्दू सहित कई विषयों में शिक्षकों की संख्या कम होने के कारण पठन पाठन का कार्य प्रभावित है। हद तो ये है कि कुछ विषयों में एक शिक्षक से पढ़ाई हो रही है। बताया जा रहा की जब तक विश्विद्यालय में स्थाई कुलपति का योगदान नही हो जाता तब तक कोई वैकल्पिक व्यवस्था होने की संभावना नजर नहीं आता है। कई छात्र नेताओं का कहना है कि विवि सहित कॉलेजों में चार सौ से अधिक शिक्षकों की कमी है। विवि को गेस्ट फैकल्टी की बहाली कर पठन पाठन की व्यवस्था सुदृढ़ करनी चाहिए । बीएनएमयू के कुलसचिव डॉ. मिहिर कुमार ठाकुर ने बताया कि शिक्षकों और कर्मियों की कमी को दूर करने के लिए कुलपति से विचार विमर्श कर आगे की प्रक्रिया की जाएगी। प्रयास किया जा रहा है जल्द ही सभी समस्या का समाधान हो जाए।

सम्पादकीय

बसपा चलेगी एकला

बसपा लोकसभा का चुनाव अकेले ही लड़ेगी। अपने 68वें जन्मदिन पर मायावती ने यह घोषणा की, लेकिन यह चौंकाने वाली खबर नहीं है। कांग्रेस की इच्छा जरूर थी कि बसपा भी इंडिया गठबंधन का हिस्सा बने, लेकिन प्रयास अनमने से थे, क्योंकि समाजवादी पार्टी का दबाव और धमकी थी कि बसपा को शामिल किया गया, तो वह इंडिया से अलग हो जाएगी। सपा सबसे बड़े राज्य उप्र में प्रमुख विपक्षी दल है और अखिलेश यादव नेता प्रतिपक्ष हैं। हालांकि उप्र विधानसभा में बसपा का एक ही विधायक है, लेकिन लोकसभा में 10 सांसद हैं। 2014 में पार्टी का एक भी सांसद लोकसभा में नहीं था। इस आधार पर आकलन करें, तो बसपा किसी भी गठबंधन का हिस्सा रहती है, तो उसे चुनावी फायदा होता है। 2019 के आम चुनाव में बसपा ने सपा के गठबंधन में चुनाव लड़ा था, तो उसे करीब 19 फीसदी वोट मिले थे और 10 सांसद चुनकर संसद तक पहुंचे थे, लेकिन सपा का मत-प्रतिशत भी कम रहा और 5 सांसद ही चुने गए। एक विश्लेषण स्पष्ट है कि बसपा के समर्थक मतदाताओं ने सपा के उम्मीदवारों को वोट नहीं दिए। 2019 के चुनाव के बाद मायावती ने सपा से गठबंधन भी तोड़ लिया और अब वह सपा प्रमुख अखिलेश यादव के लिए गिरगिट जैसे शब्द का इस्तेमाल कर रही है। लोकसभा में बसपा संसदीय दल के नेता श्याम सिंह यादव ने मायावती के एकला चलो के निर्णय पर निराशा व्यक्त की है। इंडिया गठबंधन का हिस्सा नहीं बन सकी, लिहाजा बसपा के सामने रास्ता ही क्या था? भाजपा के साथ सामाजिकता और विचारधारा के स्तर पर बसपा की तल्खी बनी रही है, हालांकि मायावती भाजपा के समर्थन से उप्र की मुख्यमंत्री बनती रही हैं। बहरहाल बसपा की ताकत उप्र तक ही सीमित नहीं है। मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा और पंजाब आदि राज्यों में बसपा के विधायक चुने जाते रहे हैं। यह अलग और दलबदल की राजनीति है कि वे विधायक टूट कर सत्तारूढ़ पक्ष में विलय करते रहे हैं, लेकिन दलितों और मुसलमानों के एक तबके में बसपा के लिए जबरदस्त समर्थन आज भी है। बसपा के संस्थापक नेता कांशीराम ने जातीय समीकरणों के आधार पर जो राजनीति 1984 में शुरू की थी, उसके कट्टर समर्थक आज भी बसपा का ही समर्थन करते हैं, लिहाजा पार्टी का अकेले ही लोकसभा चुनाव में उतरना महत्त्वपूर्ण राजनीतिक घटना है। उससे कमोबेश चुनाव भाजपा, कांग्रेस और बसपा में विभाजित हो सकता है।

बिन सत्ता के नेता कैसे रहे कांग्रेस में?

अजीत द्विवेदी

जब भी कांग्रेस का कोई नेता पार्टी छोड़ता है तो उसे नए और पुराने की बाइनरी में देखा जाता है। इसके अलावा दूसरे पहलुओं पर देखने की जहमत नहीं उठाई जाती है। पीढ़ियों के संघर्ष की बाइनरी चूंकि बहुत सुविधाजनक है इसलिए इस पहलू से देख कर मामले को हर बार रफा-दफा कर दिया जाता है। इसमें एक फायदा यह भी है कि इस पहलू से देखने पर राहुल गांधी के ऊपर निशाना साधना आसान हो जाता है, जो भारतीय जनता पार्टी की राजनीति के बहुत अनुकूल होता है। ऐसे नेता, जिनका कांग्रेस से मोहभंग नहीं हुआ है या वैचारिक-राजनीतिक कारणों से भाजपा में नहीं जाना चाहते हैं, लेकिन राहुल गांधी को पसंद नहीं करते हैं या उनको लगता है कि उनका राजनीतिक करियर राहुल की वजह से खत्म हो रहा है वे कांग्रेस की कमजोरी या किसी नेता के पार्टी छोडे की घटना को नए और पुराने के परिप्रेक्ष्य में व्याख्यायित करते हैं और मीडिया व सोशल मीडिया को राहुल पर हमला करने का मौका मुहैया कराते हैं। तभी जब मिलिंद देवड़ा ने कांग्रेस छोड़ी तो निशाने पर राहुल गांधी आए। समूचा सोशल मीडिया ऐसी पोस्ट से भरा है, जिसमें राहुल पर हमला किया गया है। एक पुरानी तस्वीर शेयर की जा रही हैं, जिसमें मिलिंद देवड़ा के साथ जितिन प्रसाद, ज्योतिरादित्य सिंधिया, आरपीएन सिंह और सचिन पायलट खड़े हैं। इनमें से पायलट के अलावा बाकी चार कांग्रेस छोड़ चुके हैं। तीन अभी भाजपा के साथ हैं और मिलिंद देवड़ा भाजपा की सहयोगी शिव सेना में शामिल हुए हैं। सचिन पायलट ने भी बगावत कर ही दी थी लेकिन उनको सिंधिया की तरह कामयाबी नहीं मिली तो वे कांग्रेस में ही रह गए और अब उसी में अपनी जगह तलाश रहे हैं। कहा जा रहा है कि राहुल गांधी की गलती थी कि उन्होंने ऐसे युवराजों को आगे बढ़ाया और उन्हें केंद्र में मंत्री बनवाया। तथ्यात्मक रूप से यह सही है कि राहुल की तरह ही ये सभी युवराज थे और इनको बहुत कम उम्र में केंद्र में मंत्री बना दिया गया था। लेकिन इन तथ्यों की अभी जो व्याख्या हो रही है वह व्याख्या 2009 में नहीं हो रही थी। तब इसे राहुल गांधी का मास्टरस्ट्रोक कहा जा रहा था कि उन्होंने चुपचाप कांग्रेस के अंदर नेताओं की दूसरी लाइन तैयार कर दी। इसके लिए राहुल गांधी की तारीफ हो रही थी कि उन्होंने नए और युवा नेताओं को आगे किया है। अलग अलग समय की कसौटी पर दोनों व्याख्याएं सही प्रतीत होंगी। लेकिन उस समय जो मास्टरस्ट्रोक था आज वह ऐतिहासिक भूल है। सर्वकालिक सही साबित होने वाले फैसले आमतौर पर राजनीति में कम होते हैं और व्यक्तियों के मामले में तो और भी कम होते हैं। बहरहाल, अगर कांग्रेस नेताओं के पार्टी छोडे के घटनाक्रम को नए और पुराने की बाइनरी में देखेंगे तो सवाल उठेगा कि अगर पार्टी के भीतर नए और पुराने का विवाद चल रहा है और राहुल गांधी पुराने नेताओं को किनारे कर रहे हैं तो फिर नए नेताओं के पार्टी छोडे की बात को कैसे जस्टिफाई करेंगे? दूसरी ओर अगर यह कहा जाता है कि पुराने नेताओं ने पार्टी पर कब्जा रखा है, जिससे नए नेताओं को अवसर नहीं मिल रहा है तो फिर पुराने नेताओं के पार्टी छोडे का क्या तर्क होगा? ध्यान रहे पार्टी छोडे वालों में अगर ज्योतिरादित्य सिंधिया, जितिन प्रसाद, आरपीएन सिंह और मिलिंद देवड़ा जैसे नए नेता हैं तो कैप्टेन अमरिंदर सिंह, गुलाम नबी आजाद, सुनील जाखड़ जैसे पुराने नेता भी हैं। इसलिए यह सिर्फ नए और पुराने का संघर्ष या पार्टी के आंतरिक मतभेद का मामला नहीं है। ये सिर्फ सतह पर दिखने वाली चीजें हैं। असली कारण कुछ और है। असल में कांग्रेस को एकजुट रखने और नेताओं को जोड़े रखने वाली सत्ता की गोंद सूख रही है। कांग्रेस इससे पहले कभी लगातार 10 साल तक केंद्र की सत्ता से बाहर नहीं रही और न राज्यों की सत्ता से इतने लंबे समय तक बेदखल रही है। इसका नतीजा यह हुआ है कि नेताओं का धैर्य खत्म हो रहा है। कांग्रेस को न विपक्ष में रहने की आदत है और न विपक्ष की राजनीति करने का तरीका आता है। कांग्रेस छोड़ कर तृणमूल कांग्रेस में जाने से कई साल पहले सुष्मिता देब ने एक दिन कहा था कि कांग्रेस सत्ता में रहती है या सत्ता के इंतजार में रहती है। चूंकि इस बार सत्ता का इंतजार लंबा हो गया इसलिए कांग्रेस के नेताओं का धीरज खत्म हो गया। पहले पांच साल तक तो कांग्रेस नेता सहज रूप से विपक्ष में रहे और इंतजार करते रहे कि अगली बार अपने आप सत्ता में आ जाएंगे। जब दूसरी बार भी कांग्रेस बुरी तरह से हारी तब नेताओं की उम्मीदें टूटने लगीं और वे दूसरी तरफ संभावना तलाशने लगे। अभी स्थिति यह है कि लगातार तीसरे चुनाव में कांग्रेस के लिए अच्छी संभावना नहीं दिख रही है और ऊपर से हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में कांग्रेस चुनाव हार गई। अगर वहां भी जीती होती तो कुछ हासिल होने की उम्मीद में नेताओं का पलायन रुका रह सकता था। दूसरा अहम कारण वैचारिक क्षरण है। राहुल गांधी देश की मौजूदा राजनीति को विचारधारा की लड़ाई के तौर पर परिभाषित करते हैं। वे बार बार कहते हैं कि भाजपा और आरएसएस के खिलाफ वे विचारधारा की लड़ाई लड़ रहे हैं। वे नफरत की विचारधारा के खिलाफ मोहब्बत की दुकान लगाने की बात करते हैं। लेकिन असलियत यह है कि कांग्रेस अपना मध्यमार्ग और समावेशी राजनीति का रास्ता छोड़ कर भाजपा के बरक्स दूसरे किस्म की कट्टरपंथी राजनीति में उतर गई है। कई नेताओं ने यह बात अलग अलग तरीके से कही है कि कांग्रेस को गैर सरकारी संगठनों यानी एनजीओ की तरह या जेएनयू के छात्र संगठन की तरह राजनीति नहीं करनी चाहिए। उस तरह की राजनीति थोड़े समय के लिए युवाओं को आकर्षित तो करती है लेकिन चुनाव में सफल नहीं हो पाती है। कांग्रेस एक समय हर तरह की विचारधारा को साथ लेकर चलने वाली पार्टी थी। वह पहले भी भाजपा का विरोध करती थी लेकिन वह वैयक्तिक और एकपक्षीय नहीं था। हालांकि पहले भी विचारधारा कभी भी कांग्रेस को बांधे रखने वाली गोंद नहीं रही है, जैसा कि भाजपा और वामपंथी पार्टियों में है। फिर भी कांग्रेस में जब हर विचार के लोगों के लिए जगह थी और उनकी बात सुनी जाती थी तब फिर भी साथ चलते रहने की गुंजाइश होती थी। अब वह गुंजाइश कम होती जा रही है। हालांकि कांग्रेस से अलग होकर जो लोग भाजपा में जा रहे हैं वहां अलग विचार रखने की तो और भी गुंजाइश नहीं है लेकिन वहां सत्ता का चुम्बक है, जो उनको खींच रहा है। तीसरा कारण यह है कि कांग्रेस की अपनी राजनीति में बहुत स्पष्टता नहीं है। भाजपा पर नफरत फैलाने के आरोप लगाने और उसकी आलोचना करने के अलावा कांग्रेस की कोई स्पष्ट राजनीतिक दृष्टि नहीं दिखाई देती है। कूटनीति से लेकर आर्थिकी तक कोई वैकल्पिक विचार कांग्रेस ने पेश नहीं किया है।

भारतीय नागरिकों के बीच कम हो रही है आय की असमानता

आर्थिक दृष्टि से के आकार के विकास से आश्य यह है कि देश की अर्थव्यवस्था में गरीब अधिक गरीब हो रहा है और अमीर और अधिक अमीर हो रहा है। हालांकि हाल ही के समय में भारत में आय, बचत, उपभोग एवं खर्च आदि के सम्बंध में इस प्रकार की नीतियां बनाई जाती रही हैं कि देश के गरीब वर्ग को अधिकतम लाभ मिले। इसके लिए कई विशेष योजनाएं, जैसे- गरीब अन्न कल्याण योजना, उज्जवला योजना, आयुषमान भारत योजना, आवास योजना एवं प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजना आदि चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं के अंतर्गत सब्सिडी आदि की राशि लाभार्थियों के खातों में सीधे ही हस्तांतरित कर दी जाती है। इससे गरीब वर्ग के लाभार्थियों को सहायता की राशि 100 प्रतिशत तक मिल जाती है और इसमें भ्रष्टाचार की सम्भावना लगभग शून्य हो जाती है। भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग द्वारा भारत के आयकर विभाग द्वारा जारी किए गए आयकर विवरणियों सम्बंधी आंकड़ों का गहराई से विश्लेषण करते हुए यह बताया है कि भारत में नागरिकों के बीच आय की असमानता कम हो रही है। देश में वित्तीय वर्ष 2014 में व्यक्तिगत आयकर रिटर्न फाइल करने वाली कुल संख्या में 36.3 प्रतिशत संख्या निम्न आय वर्ग की श्रेणी के नागरिकों की थी, और यह वर्ग अब वित्तीय वर्ष 2021 में मध्यम आय वर्ग की श्रेणी में आ गया है तथा इस बीच इस वर्ग की आय 21.1 प्रतिशत बढ़ी है।

प्रहलाद सबनानी
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

भारत के बारे में अक्सर यह कहा जाता है कि विशेष रूप से कोरोना महामारी के बाद से भारत के आर्थिक क्षेत्र में के आकार का विकास हो रहा है। आर्थिक दृष्टि से के आकार के विकास से आश्य यह है कि देश की अर्थव्यवस्था में गरीब अधिक गरीब हो रहा है और अमीर और अधिक अमीर हो रहा है। हालांकि हाल ही के समय में भारत में आय, बचत, उपभोग एवं खर्च आदि के सम्बंध में इस प्रकार की नीतियां बनाई जाती रही हैं कि देश के गरीब वर्ग को अधिकतम लाभ मिले। इसके लिए कई विशेष योजनाएं, जैसे- गरीब अन्न कल्याण योजना, उज्जवला योजना, आयुषमान भारत योजना, आवास योजना एवं प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजना आदि चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं के अंतर्गत सब्सिडी आदि की राशि लाभार्थियों के खातों में सीधे ही हस्तांतरित कर दी जाती है। इससे गरीब वर्ग के लाभार्थियों को सहायता की राशि 100 प्रतिशत तक मिल जाती है और इसमें भ्रष्टाचार की सम्भावना लगभग शून्य हो जाती है।

भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग द्वारा भारत के आयकर विभाग द्वारा जारी किए गए आयकर विवरणियों सम्बंधी आंकड़ों का गहराई से विश्लेषण करते हुए यह बताया है कि भारत में नागरिकों के बीच आय की असमानता कम हो रही है। देश में वित्तीय वर्ष 2014 में व्यक्तिगत आयकर रिटर्न फाइल करने वाली कुल संख्या में 36.3 प्रतिशत संख्या निम्न आय वर्ग की श्रेणी के नागरिकों की थी, और यह वर्ग अब वित्तीय वर्ष 2021 में मध्यम आय वर्ग की श्रेणी में आ गया है तथा इस बीच इस वर्ग की आय 21.1 प्रतिशत बढ़ी है। इस कारण के चलते 3.5 लाख रुपए वार्षिक आय वाले नागरिकों की संख्या वित्तीय वर्ष 2014 में 31.8 प्रतिशत से घटकर वित्तीय वर्ष 2021 में 15.8 प्रतिशत रह गई है। इसी प्रकार, सबसे अधिक आयकर अदा करने वाले 2.5 प्रतिशत नागरिकों का कुल आय में योगदान 2.81 प्रतिशत से घटाकर 2.28 प्रतिशत हो गया है। अतः देश में मध्यम आय वर्ग के नागरिकों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। आय कर दाखिल करने वाले नागरिकों की प्रति व्यक्ति औसत आय वित्तीय वर्ष 2014 में 3.1 लाख रुपए से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2021 में 11.6 लाख रुपए हो गई है और वित्तीय वर्ष 2022 में यह 12.5 से 13 लाख रुपए के बीच रहने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। भारत के आर्थिक विकास में भारतीय महिलाओं की भागीदारी भी बढ़ रही है। कुल श्रमिक तंत्र में महिलाओं की संख्या 2017-18 में 23.3 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2022-23 में 37 प्रतिशत हो गई है। महिलाएं आज कृषि के क्षेत्र में भी अपना योगदान लगातार बढ़ाती जा रही हैं। आयकर विवरणियां फाइल करने में भी महिलाओं की संख्या अब 15 प्रतिशत हो गई है। भारत में लगातार तेज गति से हो रही आर्थिक प्रगति के चलते आज भारत में दोपहिया वाहनों की तुलना में चार पहिया वाहनों के बिक्री में अधिक वृद्धि दर हासिल हो रही है। वित्तीय वर्ष 2019 में 2.12 करोड़ दोपहिया वाहनो बिक्री हुई थी, जबकि उस वर्ष कृषि क्षेत्र में सकल घरेलू उत्पाद में केवल 2.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई थी और मानसून में भी लगभग 14 प्रतिशत की कमी रही थी। वर्तमान वित्तीय वर्ष में दोपहिया वाहनों की बिक्री 1.8 करोड़ की रही है। इसके पीछे मुख्य कारण यह बताया जा रहा है कि एक तो मध्यम वर्ग अपने लिए मकानों की खरीद अधिक मात्रा में कर रहा है और दूसरे मध्यम वर्ग आज दोपहिया वाहनों के स्थान पर चार पहिया वाहन खरीदने की ओर आकर्षित हुआ है। इसी प्रकार, आज अर्द्धशहरी क्षेत्रों में लगभग 2 करोड़ परिवार खाद्य पदार्थों को खरीदेने हेतु जोमटो ऐप का उपयोग कर रहे हैं। अतः आज भारत के मध्यम वर्ग का टेस्ट बदल रहा है।

भारतीय अर्थव्यवस्था में नागरिकों का उक्त व्यवहार यदि आगे आने वाले समय में भी जारी रहता है तो एक अनुमान के अनुसार, अगले दशक की समाप्ति पर 50 प्रतिशत उत्पादों का उपभोग (लगभग 16 लाख करोड़ रुपए) गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिकों में से 90 प्रतिशत नागरिको द्वारा किया जाने लगेगा। आज गरीब वर्ग को केंद्र सरकार द्वारा बहुत बड़े स्तर पर मुफ्त अनाज, मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं एवं मकान आदि उपलब्ध कराए जा रहे हैं (अभी तक 4 करोड़ परिवारों को रहने के लिए मकान उपलब्ध कराए जा चुके हैं), जिसके कारण इस वर्ग की 8.2 लाख करोड़ रुपए के अतिरिक्त उपभोग कर सकने की क्षमता बढ़ी है।

वित्तीय वर्ष 2013-14 से वित्तीय वर्ष 2021-22 के बीच 5 लाख से 10 लाख रुपए की आय वाले वर्ग में आय कर विवरणियां फाइल करने वाले नागरिकों की संख्या 295 प्रतिशत से बढ़ी है। इसी प्रकार, 10 लाख रुपए से 15 लाख रुपए की आय वाले वर्ग में आय कर विवरणियां फाइल करने वाले नागरिकों की संख्या 291 प्रतिशत से बढ़ी है। वित्तीय वर्ष 2022 में 7 करोड़ नागरिकों द्वारा आय कर विवरणियां फाइल की गई थी, यह संख्या वित्तीय वर्ष 2023 में बढ़कर 7.4 करोड़ हो गई और अब वित्तीय वर्ष 2024 में 8.5 करोड़ हो जाने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। यह संख्या देश में औपचारिक क्षेत्र में कुल श्रमिकों की संख्या का 37 प्रतिशत है।

पारम्परिक रूप से महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली एवं कर्नाटक राज्यों से आयकर विवरणियां फाइल करने वाले नागरिकों की संख्या अधिक रहा करती थी परंतु अब कुछ नए राज्य तेजी से इन राज्यों को पीछे छोड़ने के प्रयास में आगे बढ़ रहे हैं। इनमे प्रथम स्थान पर उत्तर प्रदेश राज्य है। इसके बाद आंध्र प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, मध्य प्रदेश एवं हरियाणा राज्य आते हैं। अब इन राज्यों से भी आय कर विवरणियां फाइल करने वाले नागरिकों की संख्या बहुत तेजी से बढ़ रही है। व्यक्तिगत आय कर अदा करने वाले नागरिकों के अतिरिक्त सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम श्रेणी की इकाईयों में भी लगभग इसी प्रकार के परिवर्तन दिखाई दिए हैं। वित्तीय वर्ष 2014 से वित्तीय वर्ष 2021 के बीच सूक्ष्म आकार की 19.5 प्रतिशत इकाईयों की आय बहुत तेज गति से बढ़ी है और अब सूक्ष्म आकार की ये इकाईयां छोटी, मध्यम एवं बड़ी श्रेणी की इकाईयों में परिवर्तित हो गई हैं।

धर्म-अध्यात्म व परम्पराओं को चुनौती देती स्वार्थपूर्ण राजनीति

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ व उसके सहयोगी संगठन तथा भारतीय जनता पार्टी व उसकी केंद्र व राज्य की सरकारें इस आयोजन को न केवल राष्ट्रीय अपितु अभूतपूर्व व भव्य बनाने के लिये दिन रात काम कर रही हैं। इस आयोजन में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर केंद्र सरकार द्वारा बनाये गये 15 सदस्यीय ट्रस्ट, विशेषकर इस ट्रस्ट के भी निर्णय लेने की क्षमता रखने वाले कुछ गिने चुने मंदिर ट्रस्ट के सदस्य सक्रिय हैं या फिर स्वयं प्रधानमंत्री व उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री कार्यालय इस आयोजन की सीधी निगरानी कर रहा है। इस आयोजन में अरबों रुपये खर्च होने का अनुमान है। उधर ह्यधार्मिक अनुष्ठानह्ल कहे जाने वाले इस पूरे आयोजन में हमारे देश के चार प्रमुख शंकराचार्यों इस ऐतिहासिक व धार्मिक आयोजन पर अपनी असहमति दर्ज कराते हुये इसमें शामिल न होने का निर्णय लिया है। वैसे तो ओडिशा के पुरी में गोवर्धन मठ के शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती, गुजरात में द्वारकाधाम में शारदा मठ के शंकराचार्य सदानंद सरस्वती, उत्तराखंड के बद्रिकाश्रम में ज्योतिर्मठ, के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद तथा दक्षिण भारत के रामेश्वरम्में श्रृंगेरी मठ, के शंकराचार्य जगद्गुरु भारती तीर्थ सभी शंकराचार्यों ने सार्वजनिक तौर पर अपनी अपनी नाराजगी जाहिर करते हुये इसके कई अलग अलग कारण बताये हैं। परन्तु इनमें सबसे महत्वपूर्ण व विस्तृत साक्षात्कार बद्रिकाश्रम में ज्योतिर्मठ, के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद द्वारा सुप्रतिष्ठित पत्रकार करण थापर को दिया गया।

निर्मल रानी
लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को होना प्रस्तावित है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ व उसके सहयोगी संगठन तथा भारतीय जनता पार्टी व उसकी केंद्र व राज्य की सरकारें इस आयोजन को न केवल राष्ट्रीय अपितु अभूतपूर्व व भव्य बनाने के लिये दिन रात काम कर रही हैं। इस आयोजन में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर केंद्र सरकार द्वारा बनाये गये 15 सदस्यीय ट्रस्ट, विशेषकर इस ट्रस्ट के भी निर्णय लेने की क्षमता रखने वाले कुछ गिने चुने मंदिर ट्रस्ट के सदस्य सक्रिय हैं या फिर स्वयं प्रधानमंत्री व उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री कार्यालय इस आयोजन की सीधी निगरानी कर रहा है। इस आयोजन में अरबों रुपये खर्च होने का अनुमान है। उधर ह्यधार्मिक अनुष्ठानह्ल कहे जाने वाले इस पूरे आयोजन में हमारे देश के चार प्रमुख शंकराचार्यों इस ऐतिहासिक व धार्मिक आयोजन पर अपनी असहमति दर्ज कराते हुये इसमें शामिल न होने का निर्णय लिया है। वैसे तो ओडिशा के पुरी में गोवर्धन मठ के शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती, गुजरात में द्वारकाधाम में शारदा मठ के शंकराचार्य सदानंद सरस्वती, उत्तराखंड के बद्रिकाश्रम में ज्योतिर्मठ, के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद तथा दक्षिण भारत के रामेश्वरम्में श्रृंगेरी मठ, के शंकराचार्य जगद्गुरु भारती तीर्थ सभी शंकराचार्यों ने सार्वजनिक तौर पर अपनी अपनी नाराजगी जाहिर करते हुये इसके कई अलग अलग कारण बताये हैं। परन्तु इनमें सबसे महत्वपूर्ण व विस्तृत साक्षात्कार बद्रिकाश्रम में ज्योतिर्मठ, के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद द्वारा सुप्रतिष्ठित पत्रकार करण थापर को दिया गया।

काबिले गौर है कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ व उसके सहयोगी संगठन व भारतीय जनता पार्टी राम जन्मभूमि मंदिर आंदोलन के दौरान प्रायः कुंभ मेलों के दौरान या अन्य अवसरों पर देश के साधु संतों द्वारा आयोजित विशाल धर्म संसद को अपने मंदिर आंदोलन का न केवल अगुआकार बल्कि मंदिर निर्माण व आंदोलन सम्बन्धी सभी निर्णय लेने वाला संगठन बताती थी। मंदिर आंदोलन के दौरान अक्सर यह सुनाई देता था कि मंदिर या आंदोलन सम्बन्धी फैसले संत समाज ही करेगा। परन्तु नरेंद्र मोदी के 2014 में सत्ता में आने के बाद तो गोया भाजपा व संघ ही न केवल देश बल्कि धर्म सम्बन्धी भी निर्णय अपनी इच्छा व राजनैतिक नफे नुक़्सान के अनुसार लेने लगा। यहाँ तक कि चारों शंकराचार्यों के अनुसार संतों से हिन्दू धर्म के सबसे प्रमुख आराध्य भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा सम्बन्धी किसी भी तरह की परिचर्चा करना तक मुनासिब नहीं समझा गया? और जब इन्हीं शंकराचार्यों ने प्राण प्रतिष्ठा के मुहूर्त के समय को लेकर और अधूरे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा किये जाने को लेकर तमाम सवाल खड़े किये तो पेशेवर ट्रोलर्स व दरबारी मीडिया द्वारा इन्हीं सम्मानित शंकराचार्यों पर तरह तरह के लांछन लगाये जाने लगे? यहाँ तक कि भगवान राम को लेकर संतों के सम्प्रदाय तक पर बहस छेड़ दी गयी? उनकी कारगुजारियों पर सवाल खड़े होने लगे? उन्हें कांग्रेसी बताया जाने लगा? यहां तक कि चारों पीठों के वास्तविक शंकराचार्यों के जवाब में फर्जी शंकराचार्य व पीठाधीश्वर तक बयानबाजी के लिये उतार दिए गये? किसी के पास शंकराचार्यों के इस सवाल का जवाब नहीं कि अधूरे मंदिर में मूर्ति स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा कैसे हो सकती है? शंकराचार्यों के अनुसार केवल मंदिर का गर्भगृह तैय्यार होने मात्र पर ही मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा बिल्कुल नहीं की जा सकती।

ज्योतिर्मठ, के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद तो 22 जनवरी की तिथि का मुहूर्त निकालने को ही चुनौती देते हुये कहते हैं कि देश में जितने भी पंचांग प्रकाशित होते हैं जिनमें पूरे वर्ष के शुभ मुहूर्त का उल्लेख होता है उनमें किसी ने भी 22 जनवरी की तिथि को विशिष्ट मुहूर्त के रूप में प्रकाशित नहीं किया है। उन्होंने यह भी बताया की काशी के एक प्रतिष्ठित ज्योतिषी से यह कहा गया कि जनवरी माह में ही कोई शुभ मुहूर्त देखकर तिथि बतायें लिहाजा ज्योतिषी जी ने आज्ञा पालन किया। अब सवाल यह है कि मंदिर भी अधूरा, शुभ मुहूर्त भी ऐसा नहीं जिसे कहा जाये कि यह पांच सदियों से प्रतीक्षारत भगवन राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का अति विशिष्ट मुहूर्त हो? फिर आखिर यह आयोजन पूर्णतः राजनैतिक आयोजन नहीं तो इसे क्या कहा जाये? और जब शंकराचार्य जिन्हें बुलाया गया वे जा नहीं रहे और कुछ को बुलाया ही नहीं गया, कोई कह रहे हम ताली बजाने के लिए नहीं जायेंगे, ऐसे में कांग्रेस, सोनिया गाँधी, खड़गे, अखिलेश या कम्युनिस्टों अथवा अन्य नेताओं के पीछे पड़ना या उन्हें राम विरोधी बताकर बिकाऊ मीडिया के हाथों उनके विरुद्ध मीडिया ट्रायल छेड़ना यह आखिर कैसा लोकतंत्र कैसी राजनीति तो कैसा धर्म?

भगवान राम के मंदिर का आयोजन वास्तव में ऐसा होना चाहिये कि न केवल सभी साधु संत बल्कि सभी धर्मों व समुदायों के लोग, सभी राजनैतिक व सामाजिक दलों के लोग भी खुशी खुशी इस पावन क्षण के साक्षी बनें उसके भागीदार बनें। बजाये इसके बहुमत के नशे में मदमस्त वर्तमान सत्ता ने इस ऐतिहासिक अवसर पर शंकराचार्यों तक को आदर सम्मान व अहमियत कुछ भी नहीं दिया।

यदि राजनीति के चाणक्य इस बात पर खुश होंगे कि इतिहास में यह लिखा जायेगा कि राम लला को कौन लाया था तो उसी इतिहास में साथ ही यह भी दर्ज होगा कि सत्ता के अहंकार व स्वार्थपूर्ण राजनैतिक परिस्थितियों में ही जब रामलला विराजमान हो रहे थे तो उनका भवन (मंदिर) अधूरा था। और यह भी कि उनके आगमन के समय फिल्मी दुनिया के लोग, उद्योगपति, खिलाड़ी, नेता आदि तो उपस्थित थे परन्तु चारों शंकराचार्य विरोध स्वरूप अनुपस्थित थे। और यह भी कि अनेक राजनैतिक सामाजिक दलों ने इस आयोजन का बहिष्कार केवल इसलिए किया था कि इस धार्मिक आयोजन को पूरी तरह राजनैतिक आयोजन बना दिया गया था। स्वयं शंकराचार्यों का अनुमान है कि अभी मंदिर को पूर्ण रूप से तैयार होने में एक वर्ष और लग सकता है। और यह भी कि भगवान राम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के लिये रामनवमी से अच्छा दिन व मुहूर्त और कौन सा हो सकता है? परन्तु शंकराचार्यों की किसी आपत्ति या सुझाव पर विचार करने वाला कोई नहीं। उसके बाद भी राम राज स्थापना के दावे हास्यास्पद नहीं तो और क्या? इस तरह की सत्तापरक व स्वार्थपूर्ण राजनीति भविष्य में धर्म, धमार्चार्यों, अध्यात्म व परम्पराओं को चुनौती भी दे सकती है।

अधिकारों की जरूरत भुला बैठे देश में राहुल की न्याय यात्रा

डॉ. दीपक पाचपोर

पिछली यात्रा के दौरान जो विमर्श बना, वह इस बात का निष्कर्ष था कि जनता को आर्थिक, राजनैतिक व सामाजिक न्याय चाहिये जो 10 वर्षीय मोदी काल में उनसे छीन लिया गया है। यह यात्रा शुरू होने के पहले ही कांग्रेस के मीडिया प्रमुख जयराम रमेश ने बताया था कि इसके जरिये तीन तरह के न्याय की मांग की जा रही है- पहला है राजनीतिक न्याय क्योंकि देश में राजनैतिक तानाशाही है, सामाजिक न्याय क्योंकि ध्रुवीकरण किया गया है और तीसरे, आर्थिक न्याय। राहुल गांधी एक बार फिर से भारत को नाप रहे हैं। साल 2022 की 7 सितम्बर को कन्याकुमारी से प्रारम्भ कर पिछले वर्ष की 30 जनवरी, को श्रीनगर के ऐतिहासिक लाल चौक पर तिरंगा फहराते हुए उन्होंने पहली यात्रा को पूरा किया था। उनके पहले वाले मार्च से, जिसे ह्यभारत जोड़ो यात्राह्ल कहा गया था और जो ह्यनफरत के बाजार में मोहब्बत की दूकानह्ल भी कही गई थी, इस बार की यात्रा ज्यादा लम्बी दूरी की है और उसके उद्देश्य जोड़ने से बढ़कर लोगों को न्याय दिलाने के हैं। पिछली बार वे 4 हजार किलोमीटर चले थे, अब यह दूरी 6700 किमी की रहेगी। अबकी यात्रा हाई ब्रीड है, यानी वे चलने के साथ अपने वाहन का भी इस्तेमाल करेंगे। पिछले वक्त दक्षिण से उत्तर की ओर बढ़े थे, अब पूर्वोत्तर के हिंसाग्रस्त मणिपुर से निकलकर पश्चिमी छोर में अरब सागर के तट पर बसी देश की आर्थिक राजधानी मुम्बई को 20 मार्च को छुएंगे। पहले राहुल हिन्द महासागर, अरब सागर और बंगाल की खाड़ी के मिलन स्थल पर बसे कन्याकुमारी से निकले थे और उन्होंने अपनी यात्रा का समापन हिमालय की गोद में बसे कश्मीर में किया था, तो अब की वे पहाड़ों वाले पूर्वोत्तर भारत के एक प्रदेश से निकलकर अरब सागर के किनारे बसे महानगर में उसे समेटेंगे।

फर्क केवल इतना ही नहीं है, बड़ा अंतर है तब की और अब की यात्रा की पार्श्वभूमि तथा उद्देश्यों में। पहले लोगों के मन में बसी घृणा को मिटाकर प्रेम का संदेश देना था, तो अब सामाजिक सौहार्द्र के आगे बढ़ते हुए न्याय की मांग करना है। दरअसल पिछली यात्रा के दौरान जो विमर्श बना, वह इस बात का निष्कर्ष था कि जनता को आर्थिक, राजनैतिक व सामाजिक न्याय चाहिये जो 10 वर्षीय मोदी काल में उनसे छीन लिया गया है। यह यात्रा शुरू होने के पहले ही कांग्रेस के मीडिया प्रमुख जयराम रमेश ने बताया था कि इसके जरिये तीन तरह के न्याय की मांग की जा रही है- पहला है राजनीतिक न्याय क्योंकि देश में राजनैतिक तानाशाही है, सामाजिक न्याय क्योंकि ध्रुवीकरण किया गया है और तीसरे, आर्थिक न्याय। वह इसलिये कि अमीर और अमीर होता जा रहा है तथा गरीब अधिक गरीब। मणिपुर इसलिये इस यात्रा का श्रेष्ठ

संक्षिप्त खबरें

सांसद रूडी के सहयोग से इलाज के लिए मिली सहायता राशि

दिघवारा नगर। छपरा सांसद राजीव प्रताप रूडी के प्रयास से दरियापुर प्रखण्ड के अकबरपुर गांव निवासी वीरेंद्र सहनी को किडनी रोग सम्बंधित इलाज के लिए मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से चालीस हजार रुपये की स्वीकृति मिली है।जिसका स्वीकृति पत्र भाजपा नेता बबलू सिंह,राहुल पासवान,महामंत्री मुस्कान सिंह आदि ने परिजनों को प्रदान किया।इस कार्य के लिए पीड़ित परिवार ने सांसद रूडी का आभार जताया।मौके पर सुबोध सिंह,व्यास राम, बाबू सहनी उपस्थित थे।

दुकान की ताला तोड़ समान सहित नगद की हुई चोरी

गरखा (सारण) गरखा थाना क्षेत्र के साधपुर चौक स्थित एक दुकान की ताला तोड़ चोर ने समान सहित हजारो रूपए नगद की चोरी कर फरार हो गय। इस संबंध मे पिडित दुकानदार साधपुर गाँव निवासी विनय सिंह ने थाने के दिये आवेदन मे कहा है की वे साधपुर चौक पर आर के अटो पार्ट्स की दुकान चलाते है और उसी मे लाउडस्पीकर सेट भी रखते थे मंगलवार को दुकान बंद कर घर चले गय बुधवार को जब वे दुकान खोलने आय तो देखा की दुकान की ताला टूटा हुआ है जब अन्दर जाकर देखा तो सभी समान गायब है जिसमे डीजे सेट के चार मशीन और 25 हजार नगद चोरो द्वारा चोरी कर लिया गया है।

धंधेबाज गिरफ्तार

डोरीगंज स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र के चिरांद दिग्घी से 20 लीटर देशी शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष सुरज कुमार ने बताया कि गिरफ्तार धंधेबाज चिरांद दिग्घी निवासी काशी मांझी है। जिसे जेल भेज दिया गया है। उधर डोरीगंज पुलिस ने मारपीट के अभियुक्त डुमरी टिकुलिया टोला निवासी शुभम कुमार सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष सुरज कुमार ने बताया कि वह चाकूबाजी कर घायल करने के मामले में फरार चल रहा था।

भीषण ठंढ में भी भाजपा कार्यकताओं ने बाटा पूजित अक्षत

माँझी। प्रखंड के घोरहट पंचायत में बुधवार को गाँव के हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना के बाद राम भक्तों ने घर-घर जाकर अक्षत के साथ पत्रक भी वितरण अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने सभी से घर घर जाकर 22 जनवरी को उत्सव मनाने की अपील की। अक्षत वितरण कर रहे भाजपा नेता प्रो0 शिवाजी सिंह, भाजपा नेता अमरजीत सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि मांझी प्रखंड में पिछले दस दिनों से अक्षत बांटने के बाद अब मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में महज पांच दिन शेष रह गए हैं। इस भीषण ठंढ में भी राम भक्तो के उत्साह में कोई कमी नही है। अक्षत वितरण कार्यक्रम में मौजूद सभी राम भक्तों ने एक स्वर से 22 जनवरी को सभी लोगों से उत्सव मनाने की अपील की। उन्होंने निवेदन भी किया कि आने वाले 22 जनवरी को सभी मठ मंदिरों में एक साथ उत्सव मनाएं।

सूर्य मंदिर समिति द्वारा 22 जनवरी को होगा भव्य दीपोत्सव, विधायक ने लिए जायजा

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। भगवान श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या धाम मे बन रहे विशाल नवनिर्मित मंदिर मे रामलाला की अलौकिक दिव्य मूर्ति का प्राण-प्रतिष्ठा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर-कमलों द्वारा होने की उत्सव को पूरे देश मे दिपावली महोत्सव के रूप मे मनाया जा रहा है। जिसके मद्देनजर सूर्य मंदिर समिति के पदेन अध्यक्ष सह विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा ने सूर्य मंदिर व परिसर का अवलोकन करते हुए सूर्य मंदिर समिति के सदस्यों एवं प्रशासनिक अधिकारियों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि 22 जनवरी को सूर्य मंदिर व परिसर मे भव्य साज-सज्जा के साथ दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें भजन-कीर्तन के साथ साथ सुबह से ही स्थानीय लोगों के लिए भव्य स्क्रीन पर अयोध्या नगरी मे प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जाएगा। साथ ही महाप्रसाद भी भक्तजनों के लिए उपलब्ध होगा। विधायक श्री सिन्हा ने सूर्य मंदिर परिसर व तालाब की साफ-सफाई के लिए नगरपरिषद् कार्यपालक पदाधिकारी एवं थानाध्यक्ष को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि रक्सौल की धरोहर सूर्य मंदिर की अलौकिक एवं भव्य दीपोत्सव का संदेश देश स्तर पर प्रसारित हो इसके लिए ससमय समुचित व्यवस्था के साथ कार्यों का निष्पादन अत्यावश्यक है। वहीं सूर्य मंदिर समिति के सचिव सह लायंस क्लब अध्यक्ष शम्भु प्रसाद चौरसिया ने स्थानीय जनमानस व धर्मावलंबियों से उपरोक्त दीप प्रज्वलन कार्यक्रम मे अधिक से अधिक संख्या मे सम्मिलित होकर पुण्य के भागी बनने का आह्वान किया तथा जानकारी देते हुए कहा कि विधायक जी के मार्गदर्शन व स्थानीय गणमान्य लोगों के आकांक्षाओं अनुरूप सूर्य मंदिर का साज-सज्जा, दीप प्रज्वलन, भजन-कीर्तन व महाप्रसाद का आयोजन अविस्मरणीय होगा। मौके पर प्रभारी थानाध्यक्ष, सूर्य मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष गणेश धनोठिया, राकेश कुशवाहा, पंकज वर्णवाल, मोहम्मद निजामुद्दीन आदि के साथ साथ अन्य समाजसेवी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

आपार जनाधार के साथ उभर रही जन अधिकार पार्टी : दिलीप यादव

प्रात : किरण संवाददाता

बनियापुर (सारण) बनियापुर विधान सभा क्षेत्र मे जन अधिकार पार्टी (लो) का सदस्यता अभियान पार्टी के जिलाध्यक्ष व भावी बनियापुर विधान सभा के प्रत्याशी के द्वारा चलाया जा रहा है, जहा क्षेत्र के भ्रमण के क्रम मे मशरख बनियापुर के दर्जनों गांवो का भ्रमण के दौरान मिल रही आपार समर्थन,युवाओं,बुजुर्गो का प्रेम को देखते जन अधिकार पार्टी (लो) के जिलाध्यक्ष एव धवरी पंचायत के मुखिया पति व धवरी पैक्स अध्यक्ष दिलीप यादव ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन सरोकार से जुड़े मुद्दे ,संघर्ष, उनके समाज के प्रति समर्पण और नीतियों से प्रभावित आम जन मानस का जनाधार जाप के साथ है।

जो आने वाले समय मे व्यापक रूप मे उभर कर सामने आएगा।

उन्होंने बनियापुर विधान सभा क्षेत्र के मशरख के चांद कुदरिया,डुमरसन बंगरा सहित कई पंचायतो मे सघन सदस्यता अभियान के माध्यम से हजारों हजार मतदाताओं,युवाओं महिला ,युवाओं को जोड़ने का काम किया,तथा पार्टी सुप्रीमो पप्पू यादव के नीतियों ,उदेश्यों व संदेशो से अवगत कराया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि यह सदस्यता अभियान, जनसम्पर्क अभियान अनवरत,निरंतर जारी रहेगा,वही उन्होंने क्षेत्र के समाजसेवी युवाओं का एक बड़ा नेटवर्क को पार्टी से जोड़कर बनियापुर सम्पूर्ण विधान मे एक अलग समा बाधने का काम कर रहे है।मौके पर कलामुद्दीन भारती हरेराम माझी राजेश कुशवाहा सोनू यादव विजय पाल रामशंकर शर्मा हरेराम यादव महेश माझी साहित दर्जनों जाप कार्यकर्ता शामिल थे।

अभाविप के द्वारा स्वामी विवेकानंद प्रतिभा खोज प्रतियोगिता मे2145 विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सोनपुर (छपरा) के द्वारा स्वामी विवेकानंद प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन राष्ट्रीय युवा दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत हुआ! सोनपुर के पूर्वोत्तर रेलवे महाविद्यालय में परीक्षा का आयोजन दो पालियों में किया गया जिसमें विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से पहले पाली में 967 जबकि दूसरी पाली में 1178 कुल 2145 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। यह परीक्षा का आयोजन राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद जयंती पखवाड़ा के अंतर्गत किया गया इसका परिणाम प्रकाशित 24 जनवरी 2024 को किया जाएगा इसमें अच्छे प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा जिसमें मुख्य रूप विश्वविद्यालय संगठन मंत्री पुरुषोत्तम कुमार, जिला संयोजक रविशंकर चौबे प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य यशवंत कुमार नगर मंत्री टूनटून कुमार, प्रान्त संयोजक धर्म जागरण डॉ अवधेश कुमार ,युवा मोर्चा के क्षेत्रिय प्रभारी डॉ. आशुतोष कुमार , अभयआनंद, चंदन कुमार ,अभय कुमार, चंदन कुमार ,नीरज यादव अमर कुमार पाण्डे, सतीश कुमार रौशन कुमार ,अभिनाष कुमार रिंकु कुमार ,गुड्डू कुमार ,नवीन कुमार बिहार कुमार ,रितिक कुमार जितेंद्र कुमार ,विपिन कुमार,आदि उपस्थित थे।

निगम चुनाव को ले ईवीएम कमिसिनिंग का कार्य आज से

बेल अभियंताओं के निर्देशन में दक्ष कर्मियों की बनी है टीम

- दो दिनों में करना है आर ओ सीलिंग कार्य पूर्ण

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा नगर. नगर निगम छपरा के उप मुख्य पार्षद पद के लिए होने वाले उप चुनाव में उपयोग में लाए जाने वाले ईवीएम को निवार्ची पदाधिकारी के स्तर पर तैयार करने (कमीसिनिंग) का कार्य गुरुवार को प्रारंभ होगा. दो दिनों तक चलने वाले इस कार्य को बेल अभियंताओं की 5 सदस्यीय टीम के निर्देशन में दक्ष कर्मियों की टीम पूरा करेगी. इसके लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

24 टेबल बनाए गए हैं और प्रत्येक टेबल पर तीन कर्मियों तथा प्रत्येक दो टेबल पर एक मास्टर ट्रेनर सहित कुल 96 लोगों की प्रतिनियुक्ति की गई है. कुछ कर्मी रिजर्व में लगाए गए हैं. प्रतिनियुक्ति कर्मियों को निवार्ची पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त प्रियंका रानी ने निर्वाचन अधिनियम का हवाला देते हुए कार्य की गंभीरता को समझ अनिवार्य रूप से कमिसिनिंग स्थल जिला स्कूल छपरा में गुरुवार को 9: 30 बजे पूर्वाह्न में उपस्थित हों योगदान देने के आदेश दिए हैं। इस कार्य के लिए पर्याप्त संख्या में मजदूर लगाए गए हैं, साथ ही सभी के लिए दोपहर के भोजन,अल्पाहार,पेयजल, चाय आदि की भी व्यवस्था की गई है. बूथवार तैयार मशीनों को बज्र गृह में बने निर्धारित स्थल पर रखा जाएगा, जिन्हे 21 जनवरी रविवार को पीसीसीपी को संबंधित बूथ पर ले जाने के लिए वितरित किया जाएगा।

ज्ञात हो कि नगर निगम छपरा के 45 वार्ड में कुल 196 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां वोटिंग होनी है. इन बूथों पर भेजी जाने वाले मशीनों की तैयारी का कार्य ही जिला स्कूल में किया जाएगा. प्रत्याशी अधिक होने की दशा में प्रत्येक बूथ पर एक कंट्रोल यूनिट के साथ दो बैलेट यूनिट लगाए जायेंगे. इसके लिए एक में जहां 16 तो दूसरे में 1 कैंडिडेट मुद्रित मतपत्र लगाए जायेंगे. मतपत्र मुद्रण का कार्य अभ्यर्थिता फाइनल होने के बाद ही किया जा चुका है। पीसीसीएपी को ईवीएम वितरण का कार्य 21 जनवरी को तो मतदान 22 जनवरी को होना है।

आरओ सीलिंग कार्य को ससमय त्रुटि रहित और गुणवत्तापूर्ण संपन्न करने के लिए वरीय पदाधिकारियों को भी लगाया गया है, जिनकी देखरेख में कार्य होना है. जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह जिला पदाधिकारी अमन समीर ने दो बार बज्रगृह और मतगणना कक्ष का निरीक्षण कर आवश्यक निदेश दिए हैं। निवार्ची पदाधिकारी श्रीमती रानी स्वयं उपस्थित हो कमीसिनिंग कार्य का मॉनिटरिंग करेंगी. सहायक निवार्ची पदाधिकारी अपनी जवाबदेही के अनुसार जिम्मेदारियों का समय निर्वहन करेंगे।

सांसद रुंडी के पहल पर विद्युत उपभोक्ताओं को मिली राहत

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। सोनपुर प्रखंड के चतुरपुर पंचायत के पंचायत भवन के पास बिजली का लगभग 10 पोल जर्जर हों गया था जो पोल गिर गया था और एक दो नए जगह पर भी पोल कि जरुरत है जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी होती थी सांसद राजीव प्रताप रूडी के द्वारा पंचायत भवन पर आयुष्मान कार्ड और विश्वकर्मा योजना का कैंप लगा था जिसमे लोगो ने रूडी जी से अपनी समस्या बताये थी जिसके बाद रूडी जी ने गंभीरता से लेते हुए बिजली विभाग के स्कूटीब इंजीनियर से बात कर अविलम्ब कार्य करवाने की बात की थी जिसके बाद बुधवार को रूडी के निर्देश पर पहुंचे सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह कार्यपालक अभियंता मदन जी सांसद निजी सचिव रमाकांत बिजली विभाग जैई का ग्रामीणों ने अंग वस्त्र से स्वागत किया और पहुंचे लोगो ने पूरी जानकारी ली और उसके बाद स्कूटीब इंजीनियर ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर जितने पोल लगेगा वह लग जायेगा और केबल भी ठीक हों जायेगा और पहले जैसे हों जायेगा इस अवसर पर अरबिंद सिंह संतोष सिंह दिनेश सिंह बालेश्वर साह चितरंजन सिंह वार्ड चंदन सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित थे सभी लोगो ने इस पहल के लिए सांसद राजीव प्रताप रूडी को धन्यवाद दिया।

भाजपा नेताओं ने किया पूजित अक्षत का वितरण

प्रात : किरण संवाददाता

रिविलगंज। रिविलगंज के इनई पंचायत में अयोध्या से आया पूजित अक्षत घर घर कई दिनों से लगातार वितरण किया जा रहा । भाजपा जिला के मुख्य प्रवक्ता के नेतृत्व में लगातार मुहिम को किया जा रहा है। मुख्य प्रवक्ता धर्मेंद्र सिंहः कि चौहान ने बताया कि रिविलगंज के सभी गांवों में कड़ाके के ठंड के बाद भी रामभक्तो में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है महिलाएं सुबह सुबह अक्षत के इंतजार में ठंड में भी स्नान करके अक्षत अपने आँचल में ले रही है। गांव ,मुहल्ले में लोग एक ही नारा एक ही नाम जय श्रीराम का नारा लगा रहे है। गांव में 22 जनवरी के तैयारी जोरों पर है , मनोकामना सिध्य महावीर मन्दिर में सूंदर पाठ ,कृतन , पूरे गांव में प्रसाद वितरण होगी तो वही महारानी मंदिर के कार्यकर्ता सुकेश चौहान, सन्नी कुमार, गणेश कुमार, विवेक कुमार ,भोला सोनी एवं युवाओ का टोली अष्टयाम , भंडारा करने में जुटे है, वही सुरवार पट्टी शिव मंदिर का सफाई कई दिनों से युवा लगे हुए है। पूरा माहौल भक्तिमय होने लगा है। इस कार्य मे ओम प्रकाश सिंह, संजीव सिंह ,अजय सिंह, धर्मेंद्र सिंह कृष्णा कुमार, पवन सिंह प्रमोद सिंह आदि दर्जनों युवा एवं खासकर महिला बढ़, चढ़ कर भाग ले रही है। पूरे गांव में दीपोत्सव एवं गांव - गांव में पूजा में जुटे है।

माधोपुर गांव में सैकड़ों वरिष्ठ ग्रामीण किसानों को सम्मानित कर बांटे कंबल चादर

प्रात : किरण संवाददाता

रसूलपुर। थाना क्षेत्र के माधोपुर गांव में सैकड़ों वरिष्ठ ग्रामीण किसानों को सम्मानित किया गया।मौके पर माधोपुर सहित रसूलपुर ,मोहब्बतनाथ मठिया आदि गांवों के सैकड़ों महिला पुरूषों के बीच कंबल चादर भी वितरित किये गये।शशिभूषण उपाध्याय ट्रस्ट द्वारा आयोजित गैर राजनैतिक सम्मान समारोह में समाजसेवी भ्राताद्वय हृदयानंद उपाध्याय व अवधेश उपाध्याय ने कहा कि गांव परिवार में वरिष्ठ और वृद्धजनों का सम्मान देना हम सबका कर्तव्य है।इसी उद्देश्य से यह सम्मारोह आयोजित है।उन्होंने बताया कि एक बार पुरे गांव के हर जाति समुदाय के हमारे वरिष्ठ ग्रामीण एक जगह जूटते हैं और प्रेम भाईचारा बांटते हैं।कार्यक्रम में पूर्व मुखिया विजय उपाध्याय ,उपेन्द्र उपाध्याय , फौजी श्यामदेव ,धनेजर ठाकुर,नरोतम उपाध्याय ,रवीन्द्र उपाध्याय आदि मुख्य रूप से उपस्थिति रहे और सम्मान समारोह की प्रशंसा की।

शोभायात्रा के लिए भाजपा कार्यकताओं की हुई बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

आदापुर। नकरदेई थाना क्षेत्र के भवानीपुर पंचायत अंतर्गत कटकेनवा में किशोरी पटेल के आवास पर बुधवार को आगामी 20 जनवरी को प्रस्तावित अक्षत वितरण सह शोभायात्रा के लिए भाजपा कार्यकताओं की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता शक्ति केन्द्र प्रमुख अमृतलाल कुशवाहा ने की। बता दें कि बैठक में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा हेतु अक्षत वितरण सह शोभायात्रा , बूथ कमिटी, जाति-समीकरण सत्यापन, मठ-मंदिर में स्वच्छता अभियान आदि के लिए व्यापक चर्चा हुई। बैठक में वयोवृद्ध कार्यकर्ता व कार्यक्रम प्रभारी शत्रुध्न सिंह ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा चिर-प्रतिक्षा के बाद आगामी 22 जनवरी को रामलला अपने दिव्य-भव्य मंदिर में विराजमान होंगे।सभी लोगों के लिए यह हर्ष का क्षण होगा।उक्त हर्षोल्लास के क्षण हेतु जन-जन को आमंत्रित करना भाजपा का परम कर्तव्य है। इधर भवानीपुर मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार कुशवाहा ने बताया कि प्रस्तावित शोभायात्रा में गाजे-बाजे के साथ हजारों कार्यकर्ता घर-घर अक्षत वितरण करेंगे। बैठक में शिवपूजन प्रसाद गुप्ता, रमाकांत प्रसाद चौरसिया, सुभाष प्रसाद चौरसिया, हरि किशोर प्रसाद, कमलदेव बैठा, महेश पटेल, संजीव सागर, कृष्णा पासवान, आत्मा पासवान, सुरेश कुशवाहा,हरेंद्र पटेल आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

सारण की अंजलि ने 58वीं नेशनल क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में रजत पदक जीता

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा सारण के एकमा प्रखंड के रसूलपुर अन्तर्गत नवादा गांव की अंजलि कुमारी 58वीं राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में रजत पदक जीता है. बिहार के बोधगया में आयोजित हुए मुकाबले में उन्होंने सेकेंड प्लेस लगा कर जिले का नाम देश स्तर पर स्थापित किया. महिला वर्ग की 10 किलोमीटर क्रॉस कंट्री दौड़ में समूचे भारत के 29 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों, सेना, रेलवे, ऑल इंडिया पुलिस व अन्य बोर्डों की लगभग 38 टीमों के 150 धावकों ने हिस्सा लिया. अंजलि ने इस प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीत कर आने वाली एफ्रो एशियाई व एशियन क्रॉस कंट्री के लिए अपना स्थान पक्का कर लिया. अंजलि की इस उपलब्धि पर पिता उमेश सिंह और माता मनोरमा देवी ने खुशी जताई है. इससे पहले अंजलि धावक के रूप में कई पदक जीत चुकी हैं. वह बिहार पुलिस में सिपाही के पद पर कार्यरत हैं. इस समय उनकी पोस्टिंग पटना जिला में है. अपनी इस सफलता पर उनके हौसले बुलंद हैं. वह अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता में परचम लहराने और देश का नाम रोशन करने का इरादा रखती हैं. उनकी उपलब्धी पर जिला के एथलीटों और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है. अंजलि को बधाई देने का तांता लग गया है. जिसमें बिहार एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष सह बिहार मदरसा एजुकेशन बोर्ड के चेयरमैन सलीम परवेज, सारण जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव गजेंद्र सिंह, अमित सौरभ, डॉ मुकेश सोनू, नीतीश पांडेय, मेराज खान, सुजीत कुमार, श्यामदेव सिंह, मुकेश सिंह, संजय सिंह, राजकिशोर तिवारी, चंदन शाही, पंकज कश्यप, विनय कुमार, राज सिंह, कमलजीत कुमार आदि शामिल हैं।

पुण्यतिथि पर असहायों व गरीबों के बीच हुआ कम्बल वितरण

प्रात : किरण संवाददाता

डोरीगंज । सदर प्रखंड के मुसेपुर में सूर्य नारायण सिंह एजुकेशनल मेमोरियल ट्रस्ट के तत्वावधान में बी एन एस एस मंदिर विद्यालय द्वारा दुर्गावती देवी की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर आगत अतिथियों ने उनके उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर सैकड़ों असहायों के बीच कंबल का वितरण भी किया गया । वहीं इस अवसर पर आयोजित दुर्गावती देवी स्मृति शेष बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें आठ टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन जेपीयू के सीनेट सदस्य नवलेश कुमार सिंह, दिवाकर कुमार सिंह, जिला संयोजक, स्वदेशी जागरण मंच, अंकित कुमार सिंह,छात्र नेता जेपीयू, एवीबीपी,मुखिया बबलू कुमार यादव, बीडीसी सदस्य अधिवक्ता ओमप्रकाश राय, सरपंच जयशंकर प्रसाद यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए फीता काट कर किया। प्रथम लीग मैच मुसेपुर और फुलचक के बीच हुआ। जिसमें मुसेपुर की टीम 3-0 से विजयी रहा। दुसरा लीग मैच डुमरी बुजुर्ग और धनौरा टीम के बीच हुआ। जिसमें डुमरी बुजुर्ग की टीम 2-0 से विजयी रही। तीसरा लीग मैच डोरीगंज और राघवपुर के बीच हुआ। जिसमें राघवपुर की टीम 2-0 से विजयी रहा। वहीं चौथा लीग मैच बी एन एस एस मंदिर और रसलपुरा के बीच हुआ। जिसमें रसलपुरा की टीम 2-1 से विजयी रही। वहीं प्रथम सेमीफाइनल मैच राघवपुर और मुसेपुर के बीच हुआ। जिसमें राघवपुर की टीम 2-1 से विजय प्राप्त कर फाइनल में अपनी जगह बना ली। वहीं दुसरा सेमीफाइनल मैच डुमरी बुजुर्ग एवं रसलपुरा के बीच हुआ। जिसमें डुमरी बुजुर्ग की टीम 2-1 से विजयी रही। वहीं फाइनल मुकाबला डुमरी बुजुर्ग और राघवपुर की टीम के बीच हुआ। जिसमें डुमरी बुजुर्ग की टीम 2-1 से विजयी होकर खिताब पर अपना कब्जा जमाया। विजेता बनी डुमरी बुजुर्ग की टीम को पूर्व मुखिया मुन्ना कुमार और उपविजेता रही राघवपुर की टीम को पैक्स अध्यक्ष अनिल पैक्स अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने शील्ड,मैडल प्रदान किया। वहीं बेस्ट प्लेयर का अवार्ड सौरभ कुमार को दिया गया। इस अवसर पर राम अनुग्रह सिंह, राजेश कुमार सिंह, समाजसेवी अजय कुमार राय, शिक्षक कमलेश कुमार, सुरेश सिंह, संदीप कुमार, अभिजीत कुमार,दीपक कुमार सिंह, मनोरंजन कुमार, नीतीश कुमार,शुभम कुमार, सन्नी कुमार समेत दर्जनों गणमान्य उपस्थित थे।

आदापुर का युवक डीएसपी बन किया क्षेत्र का नाम रौशन

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। अगर हौसला बुलंद हो और इरादे मजबूत हो तो कोई भी मंजिल छोटी पड़ ही जाती है। कुछ ऐसा ही किया रक्सौल अनुमंडल के आदापुर निवासी नुरुल हक ने। बीपीएससी द्वारा आयोजित 68 वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में 15 वां स्थान लाकर प्रखंड के बड़हड़वा बिशुनपुरवा ग्राम निवासी नूरुल हक ने अपना लोहा मनवाते हुए डीएसपी बनकर पूरे क्षेत्र का नाम रौशन किया है। इस शानदार उपलब्धि से जहां उनके परिजनों में हर्ष है। वहीं स्थानीय क्षेत्र के लोगों के द्वारा उन्हें लगातार बधाइयां और शुभकामना दी जा रही है। इस सफलता के बाद नुरुल हक ने बताया कि उनके पिता ऐनुल हक रेलवे के डीआरएम ऑफिस में बतौर जीप चालक के पद पर कार्यरत हैं, जो अभी दानापुर में कार्यरत हैं। इसके पहले नूरूल हक ने 67 वीं बीपीएससी परीक्षा में भी 399 रैंक हासिल किया था, जिसमे उनका चयन राजस्व पदाधिकारी के रूप में हुआ था, परंतु उनकी मंजिल यहीं थमने वाली नही थी। बता दें कि नूरूल की प्रारंभिक शिक्षा खगौल में सेंट जोसेफ प्राइमरी स्कूल में हुई, फिर वो देहरादून के ओक ग्रोव बोर्डिंग स्कूल में पढ़े। दसवीं मे 90% और बारवी में 92% अंक हासिल कर पानी वाले नूरूल, बचपन से ही पढ़ने में मेधावी थे। उन्होंने 2015 में मरीन इंजीनियरिंग की डिग्री कर उन्होंने 6 साल बतौर मरीन इंजीनियर जॉब किया। नूरूल का विवाह हो चुका है और उन्हें 5 साल का एक बेटा भी है। इनकी पत्नी डॉक्टर हैं, जिनका नूरूल की सफलता में काफी महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

कोल्ड वेव से जन-जीवन हुआ अस्त-व्यस्त, आम लोगों को घरों से निकलना हुआ मुश्किल

लंबी दूरी की गाड़ियों के परिचालन पर हो रहा है असर, कई घंटा विलम्ब से चल रही है ट्रेनें

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। लगातार कई दिनों से चल रहे कोल्ड वेव के कारण जन-जीवन अस्त व्यस्त हो गया है, आम लोगों को घर से निकलना मुश्किल हो रहा है, सरकारी दफ्तर वाले को भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जबकि मजदूरों के समक्ष रोजी-रोटी के लाले पड़ने लगे है। मौसम का पारा लुढ़कने से ठंड में बढ़ोतरी हो गई है, लोग अपने घरों में दुबके हुए हैं, घरों से निकलना उन्हें गवारा नहीं दे रहा है। अत्यधिक ठंड होने के कारण इसका असर व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर भी पड़ा है, सड़कों पर भी परिचालन आशिक हो रहा है। कोल्ड वेव को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा भी शिक्षण संस्थानों के संचालन में परिवर्तन कर दिया गया है।

जबकि प्राईमरी स्कूल को पूरी तरह बंद कर दिया गया है। ठंड में बढ़ोतरी होने के कारण आम लोगों को घर से निकलने में घोर कठिनाइयां हो रही है, जरूरी काम वाले ही घर से बाहर निकल रहे हैं। ठंड के कारण ट्रेनों की रफ्तार पर भी ब्रेक लग गई है, लंबी दूरी की ट्रेनों पर इसका सीधा असर पड़ रहा है, कई - कई घंटा लेट-लतीफ ट्रेन चल रही है। इससे ट्रेन से सफर करने वाले यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कोल्ड वेब का असर से आम लोगों के दिनचर्या प्रभावित हो रहा है। कई दिनों से चल रहे मौसम के बदले मिजाज ने ठंड में इजाफा कर दिया है। लेकिन गर्म कपड़ा करने वाले व्यवसाईयों की बिक्री तेज हो गई है, ठण्ड को लेकर गर्म कपड़ों की मांग बढ़ गई है। ठंड का पारा लुढ़कने से मजदूर वर्गों के समक्ष परेशानी जरूर बढ़ गई है, मेहनत मजदूरी करके रोज खाने - कमाने वाले मजदूरों की आर्थिक मुश्किलें बढ़ गई है।

अत्यधिक ठंड के कारण मजदूरों को काम मिलने में भी परेशानियां आ रही है। बता दें कि ठंड के इस मौसम में पहली बार आम लोगों को ठंड का असर दिख रहा है। हालांकि कुछ लोगों का कहना है कि ठंड भी पढ़ना जरूरी है, नहीं तो फसल का भारी नुकसान होगा। फिलहाल ठंड का सितम जारी है, आम लोगों को ठंड का असर दिख रहा है, और ठंड से जनजीवन भी अस्त व्यस्त है।

भाजपा नेताओं ने की मंदिर कि सफाई

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय।स्थानीय प्रभुनाथ नगर स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर की साफ सफाई की गई।भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर पूरे देश में 14 से 22 जनवरी तक मंदिरों के साफ सफाई एवं देशभर के मंदिरों में 22 जनवरी को भव्य राम मंदिर के उद्घाटन समारोह के अवसर पर मंदिरों में पूजा एवं प्रसाद वितरण किया जाना है,जिससे पूरे देश के लोग अपने विरासत पर गर्व कर सकें और 500 वर्षों के बाद बन रहे इस भव्य राम मंदिर के उद्घाटन में देशभर के लोग जुड़ें। देश के करोड़ों लोगों के आस्था के प्रतीक प्रभु श्री राम के मंदिर उद्घाटन को एक उत्सव के रूप में लोगों के द्वारा मनाया जा रहा है देश का प्रत्येक नागरिक राम मंदिर के निर्माण से आह्लादित है। आज सफाई अभियान में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह, छपरा के विधायक डॉ सी एन गुप्ता, किसान मोर्चा के प्रदेश प्रभारी ब्रजेश सिंह रमन, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, पूर्व प्रत्याशी एमएलसी डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार सिंह, जयप्रकाश विश्वविद्यालय के पूर्व कुलसचिव डॉ० विजय प्रताप कुमार, जिला महामंत्री धर्मेंद्र शाह, जिला मंत्री सत्यानंद सिंह, सांसद कार्यालय प्रभारी कमलेश सिंह, मंडल अध्यक्ष रिंकू सिंह, राकेश कुमार सिंह, अंकुर श्रीवास्तव, उमाशंकर सिंह, पप्पू कुमार सिंह, अजीत कुमार, चंदन कुमार, रोहित कुमार सिंह आदि शामिल थे।

संक्षिप्त खबरें

छापेमारी कर खनन विभाग ने 9 अवैध बालू लदे ट्रकों को किया जब्त

बिक्रमगंज (रोहतास) जिला खनन विभाग टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ संयुक्त रूप से अभियान चला काराकाट, कछवां और नासरीगंज थाना क्षेत्रों से ओभर लोडेड 9 बालू लदे ट्रकों को जब्त किया हैं। इस संबंध में खनन निरीक्षक ने बताया कि ओभर लोडिंग के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत स्थानीय पुलिस के सहयोग से काराकाट थाना क्षेत्र से 5, कछवां थाना क्षेत्र से 2 और नासरीगंज थाना क्षेत्र से दो ओवर लोडेड बालू लदे ट्रकों को जब्त किया गया है। सभी जब्त ट्रकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया तथा जब्त ट्रकों को पुलिस की निगरानी में रखा गया है।

दो घरों में घुस चोरों ने उड़ाया लाखों की संपति

करगहर (रोहतास) थाना क्षेत्र के धरहरा गांव में बुधवार चोरी की नीयत से गांव में घुसे चोरों को ग्रामीणों ने खदेड़ दिया। जहां चोरों ने बचाव के लिए ग्रामीण पर दो चक्र गोलियां चलाईं। इस घटना में किसी की हताहत होने की खबर नहीं है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि धरहरा के ग्रामीण चोरों के आतंक से विगत तीन दिनों से परेशान हैं। जिसकी सूचना कई बार थाना को दी गई। मंगलवार की रात एक दर्जन की संख्या में आए चोरों ने गांव में घुसकर चोरी का प्रयास किया। इस बीच रातजगा कर रहे किसानों ने उन्हें खदेड़ लिया। इस बीच ग्रामीणों में दहशत पैदा करने के लिए चोरों ने दो चक्र गोलियां चलाई और अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। चोरों ने उसी रात समीप के लड्डुई गांव में किसान जितेंद्र राय के घर में लगे ताला को तोड़ हजारों रुपए मूल्य की संपत्ति चुराकर फरार हो गए। जबकि भगवानपुर गांव में बांस के सिढ़ी के माध्यम से चोर उदय चौधरी के मकान में प्रवेश कर गए और घर में रखें सात लाख रुपये के आभूषण, कपड़ा व अन्य सामग्रियों को चुरा कर फरार हो गए। उन्होंने बताया कि बक्सा व ब्रीफकेस तोड़कर उन्होंने गांव के बधार में फेंक दिया। इस संबंध में पीड़ित किसान ने थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के लिए आवेदन पत्र दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि धरहरा, लड्डूई और भगवानपुर गांवों में चोरी की घटनाओं की जांच की जा रही है।

दो पक्षों में हुई तनाव को जनप्रतिनिधियों ने सुलह कराया

करगहर (रोहतास) बुधवार को खराड़ी बाजार में छात्रों के विवाद को लेकर अभिभावकों के दो पक्ष आपस में उलझ गए। दोनों पक्षों के लोग लाठी डंडे से लैस होकर आमने-सामने आ गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा बूझकर अलग किया तथा तनाव पर विराम लगाने के लिए दोनों पक्षों के साथ बैठक की। घटना के संबंध में सरपंच से सुनीता देवी ने बताया कि मंगलवार को उच्च विद्यालय खड़ारी में शिक्षा संवाद के दौरान मिठाई वितरण को लेकर दो छात्रों के बीच मारपीट हुई। जिसे लेकर उनके अभिभावकों में तनाव उत्पन्न हो गया और सोमवार को दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए। इस बीच मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के अभिभावकों को समझा बूझकर अलग किया तथा उनके साथ बैठक की। बैठक में उपस्थित दोनों पक्षों के अभिभावकों ने विद्यालय के शैक्षणिक व्यवस्था सहयोग करने तथा आपसी तनाव को समाप्त करने का संकल्प लिया।

शराब के धंधेबाज गिरफ्तार

बिक्रमगंज (रोहतास) कछवां पुलिस ने शराब बिक्री, निर्माण और सेवन के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कछवां और पहरमा गांव में छापेमारी कर दो शराब धंधेबाजों को देशी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि कछवां गांव से राहुल राम को 16.6 लीटर तथा पहरमा गांव से बिहारी राम को 7 लीटर देसी महुआ शराब के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। दोनों गिरफ्तार धंधेबाजों को मेडिकल जांच के बाद जेल भेज दिया गया है।

भाजपा कार्यकताओं ने मंदिर में की सफाई

बिक्रमगंज (रोहतास) बिक्रमगंज प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत बिक्रमगंज नगर परिषद क्षेत्र में स्वच्छ मोहल्ला - स्वच्छ ग्राम अयोध्या धाम नारे के साथ भाजपा कार्यकताओं ने पूर्व विधायक राजेश्वर राज के नेतृत्व में बिक्रमगंज शहर के काली मंदिर तेंदुनी की साफ-सफाई की। पूर्व विधायक ने कहा कि रामलला के प्राण प्रतिष्ठा से पहले देश भर के मंदिरों और तीर्थस्थलों की साफ-सफाई का काम जारी है। इसी कड़ी में काराकाट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बिक्रमगंज नगर परिषद के विभिन्न मंदिरों में चल रहे सफाई अभियान के तहत बुधवार को काली मंदिर तेंदुनी की साफ-सफाई की गई। इस कार्यक्रम में भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश महासचिव रितेश राज, नगर अध्यक्ष नागेश्वर कुशवाहा, रवि कुमार भास्कर, सहित कई लोगों ने भाग लेकर के स्वक्षता कायकर्म को सफल बनाया।

30 जनवरी को आरा में जनसंकल्प सभा में पार्टी महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य भाग लेंगे

24 से 30 जनवरी तक भाकपा-माले का संविधान बचाओ - लोकतंत्र बचाओ जन अभियान

- संयुक्त किसान मोर्चा और केंद्रीय ट्रेड यूनियनों द्वारा 16 फरवरी के चक्का जाम को हमारा समर्थन : सुदामा प्रसाद

प्रात : किरण संवाददाता

आरा : भाकपा माले जिला कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी केंद्रीय कमेटी व जिला सचिव जवाहरलाल सिंह, केन्द्रीय कमेटी सदस्य व अंगिआव विधायक मनोज मंजिल, राज्य स्थाई समिति सदस्य व तरारी विधायक सुदामा प्रसाद, राज्य कमेटी सदस्य इंदू सिंह, आरा नगर सचिव दिलराज प्रीतम, जिला कमेटी सदस्य अमित कुमार बंटी शामिल थे!

प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित भाकपा-माले केंद्रीय कमेटी सदस्य व भोजपुर जिला सचिव जवाहरलाल सिंह ने कहा कि 75 वें वर्ष में प्रवेश करते हुए भारतीय गणतंत्र को अब तक की सबसे बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है !राम मंदिर उद्घाटन की आड़ में भाजपा न केवल पूरे देश में सांप्रदायिक उन्माद फैलाने की साजिश रच रही है बल्कि 22 जनवरी को हिंदू राष्ट्र के स्थापना दिवस के बतौर स्थापित कर 26 जनवरी के ऐतिहासिक महत्व को ही धूमिल करना चाहती है !इसके जरिए भाजपा देश के लोकतांत्रिक व धर्मनिपरेक्ष चरित्र को ही बदल देना चाहती है !राममंदिर के उद्घाटन को भाजपा ने अपने चुनावी अभियान का हथियार बना लिया है !विभिन्न कोनों से इसका प्रतिवाद भी शुरू हो चुका है. भाकपा-माले ने देश के गणतंत्र और धर्मनिरपेक्षता के मूल्यों को बचाने के लिए पूरे बिहार में ह्यसंविधान बचाओ-लोकतंत्र बचाओ जनअभियानह्न चलाने का निर्णय किया है !इसके तहत 24 से 30 जनवरी तक गांव-गांव पदयात्रा होगी !विदित हो कि यह साल बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कपूर्री ठाकुर का जन्मशती वर्ष है!

उनके जन्म दिन यानी 24 जनवरी से उनके गृह जिला से इस अभियान की शुरूआत होगी, जिसमें भाकपा-माले महासचिव का.दीपंकर भट्टाचार्य शामिल होंगे! 26 जनवरी को आरा में तिरंगा मार्च निकाला जाएगा और संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया जाएगा !30 जनवरी को गांधी जी के शहादत दिवस पर आरा में संकल्प सभा होगी, जिसमें भी माले महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य भाग लेंगे! अपने इस अभियान के जरिए भाकपा-माले भाजपा के सांप्रदायिक उन्माद फैलाने की साजिशों का भंडाफोड़ करेगी और लोकतंत्र व संविधान को बचाने के अभियान को जन-जन तक पहुंचाएगी! आगे माले नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 2022 तक सब को पक्का मकान देने का वादा पूरी तरह फेल हुआ है !मनरेगा मजदूरों के पेट पर मोदी सरकार लात मार रही है.18 जनवरी को दलित-गरीबों और मजदूरों के सवालों के प्रति मोदी सरकार की उपेक्षापूर्ण नीतियों के खिलाफ खेग्रामस की ओर से राज्य के सभी अंचल-प्रखंडों पर प्रदर्शन आयोजित है. अक्षत-भभूत नहीं, रोजी-रोटी-आवास चाहिए, आजादी-लोकतंत्र और संविधान चाहिए-नारे के तहत गांव-टोले में अभियान चलाते हुए यह प्रदर्शन किया जाएगा

विश्व हिंदू परिषद कार्यकताओं के द्वारा अक्षत कलश कार्यक्रम आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

आरा : बड़हरा प्रखंड में बजरंग दल के कार्यकताओं द्वारा घर-घर अक्षत निमंत्रण कलश कार्यक्रम किया गया और लोगों को अयोध्या जाने के लिए निमंत्रण दिया गया बजरंग दल के उपाध्यक्ष छोटन सिंह विश्व हिंदू परिषद के पर करता हूं तुम्हारा भी अक्षत कलश निमंत्रण गांव का जाकर लोगों आग्रह किया अयोध्या जाने के लिए विश्व हिंदू परिषद के कर्तव्यों ने कहा कि हमें बड़हरा प्रखंड में लोगों का भरपूर सहयोग मिल रहा है और लोग निमंत्रण अक्षत स्वीकार कर रहे हैं बड़हरा प्रखंड के नथमलपुर पंचायत ज्ञानपुर सिमरिया अक्षत कलश कार्यक्रम आयोजित विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल उपाध्यक्ष छोटन सिंह द्वारा किए गए अखिलेश मिश्रा गोलू लकी ददन कुंदन पांडे झमरु राजा आदर्श सूरज रफ्तार सिंह छोटन सिंह बजरंगदल उपाध्यक्ष बड़हराः ज्ञानपुर नथमलपुर सिमरिया बालू चौक बाजार तुलसी छपरा फरहाद गजियापुर अक्षत वितरण किए गए।

ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय आरा के नन्हे वैज्ञानिक बच्चों ने आयोजित इंटर स्कूल विज्ञान प्रदर्शनी में किया शानदार प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा : पाटलिपुत्र सहोदया स्कूल कम्प्लेक्स द्वारा आर्टिफिशल इंटेलीजेंस फॉर सस्टेनेबल फ्यूचर शीर्षक पर एक इंटर स्कूल साइंस एकजिबिशन सह प्रतियोगिता का आयोजन पटना स्थित रेडियंट इंटरनेशनल स्कूल में किया गया जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों से आये करीब चालीस स्कूलों ने अपने अपने विद्यार्थियों के साथ विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों के साथ भाग लिया। इस इंटर स्कूल विज्ञान प्रदर्शनी में आरा के बामपाली स्थित ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय की टीम ने भी शिरकत किया। सिर्फ जूनियर केटेगरी में ही ज्ञान ज्योति के बच्चों ने भाग लिया और विजयी हुए। इस टीम के तीन द्वितीय स्थान पर रहे। राज्य स्तरीय इस प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर ज्ञान ज्योति के ये तीन विद्यार्थी कक्षा आठ (ए) के छात्र हैं जिनके नाम हैं हर्ष सिंह, हर्षित और कृषांक। चन्दन कुमार इस टीम के मेंटर थे जिन्होंने इन बच्चों को इस प्रतियोगिता के लिए तैयार किया। ज्ञान ज्योति के इन नन्हे वैज्ञानिकों के द्वारा प्रदर्शित इस अद्भुत कौशल और द्वितीय स्थान पर चयनित होने पर पूरे विद्यालय में हर्ष व्याप्त है। विद्यालय के नन्हे बच्चों के इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यालय की प्रिंसिपल डॉ. सीपी जैन ने सम्पूर्ण विद्यालय परिवार को बधाई दी है और बच्चों की इस उपलब्धी को अन्य सभी बच्चों के लिये प्रेरणादायी बताया है।

गोड़ारी बाजार से चोरों ने उड़ाया पिकअप वैन, लोगों में रोष

प्रात : किरण संवाददाता

काराकाट (रोहतास) थाना क्षेत्र के नगर पंचायत गोड़ारी स्थित मंगलवार की रात चोरों ने टाटा एस गोल्ड पिकअप वाहन उड़ाया। जो गोड़ारी निवासी विकास कुमार प्रसाद ने एक नया फोर व्हीलर बीआर 24 जीसी 6797 को चोर गिरोह द्वारा उड़ा दिया गया। वही काराकाट पुलिस द्वारा केवल जांच करने के नाम पर मामला को दबा दिया जाता है। आज तक चोरी का एक भी मामला प्रकाश में नहीं आया चाहे वह बाइक की चोरी हो कार की चोरी हो पिकअप वैन की चोरी हो गोड़ारी बाजार में ऐसा ही कोई माह होगा, जिस माह में गाड़ी के चोरी नहीं होती होगी। कभी गोड़ारी बाजार में दुकान की चोरी होती है, कभी गाड़ी की चोरी होती है जब जहां थाना है थाना के बगल में ही चोरों का हौसला बुलंद है तो और जगह का भगवान हीं मालिक है। वैसा ही घटना आज घटी गोड़ारी स्टेट बैंक के पास खड़ी एक पिकअप वैन गाड़ी को रात्रि के समय में चोरों ने चुरा करके लेकर भाग गया। सीसीटीवी कैमरा आम जनों ने खंगाला तो पता चला कि कुछ अपराधी पिकअप वैन लेकर के भाग रहे हैं उस वैन में जीपीएस चालू था। जिस कारण से कोईलवर तक भागते हुए चोरों को देखा गया है। उसके बाद जीपीएस का तार काट दिया गया। पुलिस को आवेदन मिला है पुलिस तो हर बार वही बात करती है कि जांच जारी है आज भी थाना प्रभारी आदित्य कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जो अब देखना यह होगा कि जांच के नाम पर इस मामला को रफ्ता दफा कर दिया जाता है या ऐसे शातिर चोरों को पकड़ करके जेल भेजा जाता है यह तो आने वाले समय ही बताएगा। गोड़ारी बाजार में चोरी रुकने के नाम ही नहीं ले रही है।

राष्ट्रीय चौहान महासंघ ने समाजसेवी के हत्या पर पीड़ित परिजन से मिले

प्रात : किरण संवाददाता

सासाराम (रोहतास) विगत दिन औरंगाबाद जिला में अपराधियों द्वारा समाजसेवी रामशरण चौहान की हत्या कर दी थी। बताया जाता है कि हथियार बंद अपराधियों ने बाजार में लगे मेला के समय गोली चलाई थी। जिस घटना में रामशरण चौहान की मृत्यु हो गई। जिस घटना के बाद से अबतक स्थानीय पुलिस आरोपियों की कार्रवाई के प्रति सुस्त दिख रही है। वही घटना के बाद से ही उनके परिवार में कोहराम मचा हुआ है। जिस घटना को लेकर राष्ट्रीय चौहान महासंघ के कार्यकताओं ने औरंगाबाद आवास पहुंच पीड़ित परिवार से मिल उन्हें संत्वना दिया। इस मौके पर राष्ट्रीय चौहान दलन के प्रदेश प्रभारी शिवानंद चौहान सहित भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ओबीसी गांधी चौहान ने परिजनों से मिलते उनके दुःख के घड़ी में हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। साथ ही साथ अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए सरकार से मिल पीड़ित परिवार को इंसाफ दिलाने की बातें कहीं। मौके पर बेचू महतो, पूर्व पैक्स गौतम चौहान, डा० दुर्गा प्रसाद, डा० सरोज कुमार चौहान, लाल बहादुर पासवान, अरवल विधायक महानंदा सिंह सहित ग्रामीण लोग उपस्थित थें।

बिजली चोरी में जुमार्ना सहित पांच पर प्राथमिकी दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता

दिनारा (रोहतास) प्रखंड क्षेत्रीय कनीय विद्युत अभियंता विकाश कुमार शर्मा ने बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाया। इसको लेकर कनीय अभियंता ने बिजली के कम खपत और बिल बकाया उपभोक्ताओं की जांच हेतु एक टीम गठन कर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विद्युत ऊर्जा चोरी के खिलाफ छापेमारी की गई। जिसमें मीटर बाईपास कर अवैध रूप से विद्युत चोरी में असिया गांव निवासी हरिशंकर चौधरी पर 50509 रुपए, गीता देवी 24010 रुपए, शंकर चौधरी 34739 रुपए सहित बिरउया खुर्द गांव निवासी सरोज पासवान पर 41956 रुपये व धनकुमार पासवान पर 10172 रुपए का जुमार्ना लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिस जांच मामलें सभी उपभोक्ताओं द्वारा मीटर बाईपास कर एक अलग से तार खींचकर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी। जिसके कारण वास्तविक विद्युत मान पठन अवरुद्ध हो रहा था। आगे बताते चलें कि बिना कोई विद्युत कनेक्शन लिए अवैध रूप से बिजली जलाने को लेकर बिरउआ खुर्द के ही रुपये राजस्व की क्षति लगाई गई है। जो सभी दोषी लोगों के खिलाफ स्थानीय नटवार थाना में विद्युत अधिनियम धारा 135 के तहत कनीय अभियंता ने प्राथमिकी दर्ज करा दी है। दूसरी तरफ बिक्रमगंज अनुमंडलीय सहायक विद्युत अभियंता राज कुमार ने बताया कि बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान निरंतर चलाते हुए उपभोक्ताओं के परिसर में लगे सर्विस तार, मीटर, बिलिंग, बिल भुगतान की सघन जांच जारी रहेंगी। साथ ही मीटर की सील तोड़ टेम्परिंग या बाईपास बिजली चोरी में पकड़े जाने पर दोषियों के खिलाफ तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर जुमार्ना वसूला जायेगा। इस जांच अभियान में मनावबल कर्मी जितेंद्र शर्मा, रवि कुमार, राजेश कुमार सिंह अन्य लोग शामिल थे।

नवनिर्मित राजपुर पंचायत सरकार भवन का होगा उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

राजपुर (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र के राजपुर पंचायत सरकार भवन का उद्घाटन समारोह 20 को रखा गया है। इसकी जानकारी देते हुए राजपुर पंचायत मुखिया रंजू देवी ने बताया कि इसका उद्घाटन तहत पंचायती राज मंत्री बिहार सरकार मुरारी प्रसाद गौतम, मुख्य अतिथि पिछड़ा अति पिछड़ा, कल्याण मंत्री बिहार सरकार अनीता चौधरी, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बिहार सरकार मो० जम्मा खान, विशिष्ट अतिथि काराकाट सांसद माननीय महाबली सिंह, औरंगाबाद सांसद सुशील कुमार सिंह, बिहार विधान परिषद सदस्य कैमूर रोहतास माननीय संतोष कुमार सिंह, विधान परिषद सदस्य निवेदिता सिंह समस्त वार्ड एवं ग्राम पंचायत वासी राजपुर के इस उद्घाटन समारोह में उपस्थित रहेंगे।

आरवाईए ने हैदराबाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी के शोधार्थी रोहित वेमूला की शहादत दिवस पर न्याय मार्च निकाला

प्रात : किरण संवाददाता

आरा : इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए) ने हैदराबाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी के शोधार्थी रोहित वेमूला की शहादत दिवस पर अपने देशव्यापी कार्यक्रम के तहत आरा (भोजपुर) में न्याय मार्च निकाला। मार्च आरा पार्टी कार्यालय से निकल बस स्टेंड पहुंच सभा में तब्दील हो गया। सभा को संबोधित करते हुए अरवाईए के बिहार राज्य सचिव शिवप्रकाश रंजन ने कहा की आज पूरा देश भयंकर महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रहा है.केन्द्र सरकार, साल में 2 करोड़ लोगों को रोजगार देने का वादा किया था आज 10 साल के शासन काल मे देश के 20 करोड़ लोगों को रोजगार देने के बजाय करोड़ों लोगों की नौकरी छिन ली. मोदी सरकार ने रोजगार के अवसर प्रदान करने वाले तमाम संसाधनों, राष्ट्रीय संपत्ति से लेकर प्राकृतिक संसाधनों को भी अडानी जैसे कॉरपोरेट के हाथों बेच दिया गया है। अब मोदी सरकार नफरत फैला कर 2024 में पुनः सत्ता हासिल करना चाहती है। आरवाईए पुरे देश में नौजवानो को संगठित करते हुए मोदी सरकार के दस साल पूरे होने पर इनके तबाही-बबार्दी-विनाश का हिसाब कि ताब करते हुए आने वाले लोकसभा चुनाव में देश का नौजवान भाजपा सरकार को उखाड़ फेकेगी। जिला अध्यक्ष निरंजन केशरी ने कहा कि बीजेपी- आरएसएस हर दिन व हर स्तर पर संविधान और लोकतंत्र को कुचल रही है, उन्होंने कहा कि आज हिंदुस्तान में उन्माद-उत्पात कोई अपवाद की घटना नहीं बल्कि एक नियम बन गया है. पूरे देश में आतंक का शासन चल रहा है. इसलिए, जरूरत इस बात की है कि शिक्षा, रोजगार के साथ - साथ देश के संपदा को बचाने एवं संविधान व लोकतंत्र की रक्षा के पक्ष में नौजवानों की एक बड़ी एकता कायम हो रही है. जो भाजपा सरकार के ताबूत में आखिरी कील साबित होगी। आज के इस कार्यक्रम में शामिल थे राज्य सचिव शिवप्रकाश रंजन, जिला अध्यक्ष निरंजन केशरी, नगर सचिव दिलराज प्रितम, उपाध्यक्ष विशाल कुमार, आईलाज नेता अमित कुमार बंटी, किसान नेता अभय सिंह, पंकज कुमार, मनीष यादव, संजय साजन, हरिनारायण, राजेश कुमार, राहुल कुमार, धनंजय कुमार, रौशन कुशवाहा, राहुल कुमार।

विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया वर्तमान आईजी विकास वैभव ने, बच्चे हुए प्रेरित

प्रात : किरण संवाददाता

आरा : डीपीएस इंटरनेशनल स्कूल, में विज्ञान प्रदर्शनी कराई गई जिसमें नमस्ते बिहार तथा लेट्स इंस्पायर बिहार मुख्य संयोजक विकास वैभव आईपीएस (आईजी) का भव्य स्वागत बच्चों ने परेड बैंड के साथ तथा स्वागत नृत्य की प्रस्तुति देकर किया। विद्यालय में लेट इंस्पायर बिहार के तहत बच्चों ने विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन वर्तमान आईजी ने किया तथा बच्चों को प्रेरित किया स्वयं आईआईटी कानपुर से 2001 में इंजीनियरिंग करके बगहा एसपी रहकर मिनी चंबल रोहतास तथा दिनारा को यूनिवर्सिटी आफ क्राइम कहे जाने वाले गढ़ को आतंक से मुक्त कराया एवं रोहतासगढ़ किले को मुक्त कराया वहां पहली बार तिरंगा फहराया गया। विद्यालय के निदेशक अंकुर आनंद वर्मा ने उनका स्वागत वीर कुंवर सिंह की प्रतीक चिन्ह तलवार देकर तथा अंग वस्त्र देकर किया। विद्यालय के सभी शिक्षकों तथा बच्चों ने उनको विज्ञान प्रदर्शनी की झांकियां दिखलाई। विज्ञान प्रदर्शनी में दिखाया गया कि रोड एक्सीडेंट को कैसे बचाया जा सकता है और वेस्ट मटेरियल से बिजली कैसे उत्पन्न की जा सकती है तथा वाटर रीसाइकिल के बारे में बच्चों ने बताया इसी कड़ी में भू से आए मिस्टर मनोहर कुमार ने साइंस शो किया जिसमें कई तरह के साइंस की कलाओं को उन्होंने प्रदर्शित किया।श्री विकास वैभव ने कहा कि भोजपुर योद्धाओं का भूमि है। यहां वीर कुंवर सिंह श्री वशिष्ठ नारायण सिंह गणितज्ञ जैसे महान वीर सपूत जन्म लिए और बिहार की भूमि को अब और भी विकसित करने का लक्ष्य लेकर मैं लेट इंस्पायर बिहार को लेकर चला हूं जिसमें युवाओं की भूमिका अहम है और 21 तारीख को महाराजा कॉलेज में होने वाले बृहद संवाद में मैं सभी आरा वासियों को युवाओं को प्रेरित करना चाहता हूं। आप सभी 21 तारीख को आए और इस कार्यक्रम को सफल बनाएं। विद्यालय के संस्थापक श्री सच्चिदानंद वर्मा ने सभी आगत अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत

गणतंत्र दिवस तैयारी को लेकर एसडीएम ने की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) अनुमंडल पदाधिकारी आवास परिसर में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस तैयारी को लेकर बुधवार को एसडीएम अनिल बसाक ने एक बैठक की। बैठक में अनुमंडलस्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह तैयारी के संबंध में उन्होंने गोपनीय में विभिन्न विभागीय के अधिकारियों, विद्यालय संचालकों के साथ विशेष चर्चा की। साथ ही निर्देश देते हुए कहा कि मार्च पास्ट में शामिल टुकड़ियों की रिहर्सल 22 से 24 जनवरी तक आयोजित रिहर्सल पर विशेष फोकस दें। इस अवसर पर रिहर्सल के समय भी एम्बुलेंस व डॉक्टर तथा बच्चों के लिए पेयजल की व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे इंटर कॉलेज स्टेडियम में साफ-सफाई का कार्य शुरू करवा दें। भवन निर्माण विभाग मंच एवं झंडोत्तोलन के चबूतरे की मरम्मत का काम शुरू करें। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय पर्व है। ऐसे में हरेक विभाग से संबंधित झांकियां को पूरे उत्साह के साथ निकालेंगे। एडीएसओ राहुल कुमार एवं एमओ दिनारा प्रदीप पटेल को मार्च पास्ट एवं झांकी का नोडल पदाधिकारी बनाया गया। बैठक में एसडीपीओ कुमार संजय, नगर परिषद ईओ मनोज कुमार प्राइवेट स्कूल्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मो.अय्यूब खान, बीडीओ अमित प्रताप सिंह, सीओ आलोकचंद्र रंजन, सीडीपीओ शशि कुमारी, एडीएसओ राहुल कुमार, एसएचओ मनोज कुमार, , प्राचार्य अमरेन्द्र मिश्र, जेल उपाधीक्षक निर्मल कुमार, शमसाद अली सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

न्यायाधीश बृजेश कुमार मालवी के द्वारा आरा जंक्शन पर कंबल वितरण का किया गया आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

आराः कड़ाके ठंड देखते हुए आरा रेलवे परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकार व्यवहार न्यायालय आरा भोजपुर के तत्वधान में माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश ब्रजेश कुमार मालवीय के अध्यक्षता में सभी न्यायिक पदाधिकारी के सहयोग से गरीब एवं असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण का कार्यक्रम आरा रेलवे स्टेशन परिसर एवं आसपास के जगह पर गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्ति को कंबल वितरण किया गया जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार , अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम ऋषि कुमार सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अखिलेश कुमार सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय सत्येंद्र सिंह, रेलवे मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी डॉक्टर शैल के साथ अन्य न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

गुरुवार को अयोध्या के लिए निकली लव कुश यात्रा का आगमन भोजपुर जिला मे होगा

कार्यक्रम को लेकर भाजपा भोजपुर की भव्य तैयारी

प्रात : किरण संवाददाता

आराः भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश द्वारा 22 जनवरी को अयोध्या के लिए लव कुश यात्रा निकाली गई है यह यात्रा बिहार के सभी जिलो मे हो रहा है।यात्रा का गुरुवार को भोजपुर जिला मे आगमन होगा। जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि गुरुवार को लव-कुश यात्रा भोजपुर जिला के दक्षिणी प्रवेश द्वार हसनबाजार पहुंचेगी। उसके बाद यात्रा आगे बढते हुए पीरो, जगदीशपुर पहुंचेगी।जगदीशपुर के दांवा मे लव कुश यात्रा मे सम्मिलत कार्यकताओं का रात्री प्रवास होगा।उसके बाद शुक्रवार को यात्रा आरा महावीर मंदिर परिसर मे पहुंचेगी, जहाँ यात्रा का भव्य स्वागत और कार्यक्रम किया जाएगा। आरा के बाद यात्रा फोर लेन होते हुए बिहिया शाहपुर के बाद बक्सर के लिए प्रस्थान करेंगी। उक्त लव-कुश यात्रा कार्यक्रम के लिए जिला मंत्री राजकुमार कुशवाहा को प्रभारी बनाया गया है। यात्रा के सफल कार्यक्रम के लिए जिलाध्यक्ष दुर्गा राज, दक्षिणी बिहार प्रांत सह संयोजक मिथिलेश कुशवाहा, कार्यक्रम प्रभारी राजकुमार कुशवाहा, जिला मंत्री संतोष चंद्रवंशी द्वारा हसनबाजार, पीरो नगर, जितौरा, जगदीशपुर नगर, ग्रामीण मंडल अध्यक्षो और पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक के बाद जिला कार्यालय मे प्रदेश महामंत्री सह जोनल प्रभारी राजेश वर्मा द्वारा कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा की गई। बैठक मे तय हुआ कि लव कुश यात्रा कार्यक्रम मे सभी कार्यकताओं सहित आम जनता की सहभागिता सुनिश्चित हो। उक्त आशय की जानकारी जिला मीडिया प्रमुख संजय कुमार सिंह द्वारा दिया गया।

संक्षिप्त खबरें

मेंटेनेंस को लेकर गुरुवार विधुत आपूर्ति बंद रहेगा

शेरघाटी ।मेंटेनेंस कार्य को लेकर गुरुवार के सुबह 8:00 बजे से 9:45 बजे तक शेरघाटी शहर एवं आसपास के इलाकों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी. बुधवार को इसकी जानकारी सहायक कार्यपालक अभियंता नीलम कुमारी ने दिया है. उन्होंने बताया कि ग्रिड में मेंटेनेंस का कार्य किया जाना है जिसको लेकर करीब 40 मिनट तक शहर में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी.

मेंटेनेंस को लेकर गुरुवार विधुत आपूर्ति बंद रहेगा

शेरघाटी ।मेंटेनेंस कार्य को लेकर गुरुवार के सुबह 8:00 बजे से 9:45 बजे तक शेरघाटी शहर एवं आसपास के इलाकों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी. बुधवार को इसकी जानकारी सहायक कार्यपालक अभियंता नीलम कुमारी ने दिया है. उन्होंने बताया कि ग्रिड में मेंटेनेंस का कार्य किया जाना है जिसको लेकर करीब 40 मिनट तक शहर में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी.

टोका फसाकर बिजली चोरी के आरोप में मुकदमा दर्ज

शेरघाटी ।बिजली विभाग की टीम ने प्रखंड के पेचाढी गांव में छापेमारी कर टोका लगाकर चोरी से बिजली का उपयोग करते हुए रंगे हाथ दबोच है. इस मामले को लेकर कनीय अभियंता ने बिजली चोरी के आरोप में एक किसान के विरुद्ध जुमार्ने के साथ थाने में मुकदमा दर्ज किया है. पुलिस से की गई शिकायत में उन्होंने कहा है कि रोहन यादव के द्वारा बिजली की चोरी की जा रही थी जिससे हजारों रुपए महीना सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा था. इधर शिकायत के बाद पुलिस ने प्राथमिक की दर्ज कर मामले की छानबीन में शुरु कर दिया है.

पुलिस ने शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

शेरघाटी ।पुलिस ने थाना क्षेत्र के नया बाजार से दस लीटर देशी शराब के एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है. थानाध्यक्ष विमल कुमार ने बताया कि पुलिस ने शहर के नई बाजार इलाके से शराब के साथ धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस की हत्या चढ़ा कारोबारी संजीत कुमार मगध मेडिकल थाना क्षेत्र अंतर्गत दुभल गांव का रहने वाला है. पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया.

पुलिस ने अवैध बालू लदा ट्रक्टर को किया जब्त

शेरघाटी। पुलिस ने अवैध बालू लदा हुआ एक ट्रैक्टर को जब्त किया है, थानाध्यक्ष विमल कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के बार भरारी गांव से बालू चोरी कर बेचने जा रहा ट्रैक्टर को जब्त किया है। वहीं पुलिस को आते देख चालक एवं बालू माफिया घटनास्थल से फरार हो गए पुलिस ने ट्रैक्टर व मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

मंगलागौरी मे सफाई अभियान करते पूर्व जिलाध्यक्ष

गया ।अयोध्या में श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले भाजपा ने देश भर के मंदिरों की सफाई अभियान चलाया हैं आज उसी अभियान के तहत भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष धनराज शर्मा के द्वारा मां मंगला गौरी मंदिर में सफाई अभियान चलाया गया इस अवसर पर युवा मोर्चा के अध्यक्ष आकाश जयदेव गिरी,जिला मंत्री बंदना कुमारी सहित युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित होकर सफाई अभियान में भाग लिया है।

मनिष पंकज मिश्रा द्वारा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को सम्मानित किया गया

गया ।भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी के गया जी आगमन पर भाजपा नेता डा.मनीष पंकज मिश्रा द्वारा सम्मानित किया गया है । इस अवसर पर 22 जनवरी को आयोजित प्राण प्रतिष्ठा समारोह के सफलता एवं आगामी लोकसभा चुनाव के तैयारी कि समीक्षा किया गया है । प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 22 जनवरी को लेकर कई घोषणा की गई है जिसके लिए हम सभी को कोई कसर नही छोड़ना है। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सभी कार्यकताओं को अभी से ही लग जाने का आह्वान किया है । इस अवसर पर भाजपा के संतोष ठाकुर, सुनिल सिन्हा, दिपक पाण्डेय, वीक्की वर्णवाल, राजेन्द्र प्रसाद अधिवक्ता मौजूद थे।

युवाओं में राष्ट्र के प्रति जागरूकता कैसे लाया जाए इसके लिए काम करेंगे- कार्यक्रम पदाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता

गया, राष्ट्रीय सेवा योजना, गया कॉलेज, गया में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत आज दूसरे दिन सुबह में 8 बजे दौड़ फिर योगा और व्यायाम कराया गया हू ।राष्ट्रीय सेवा योजना गया कॉलेज के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार मिश्र ने शिविर के दूसरे दिन बताया कि राष्ट्र निर्माण के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक दृढ़ निश्चय के साथ संकल्पित होकर राष्ट्र हित और समाज हित के लिए सदैव तत्पर रहे हैं ।आज के युवाओं में राष्ट्र के प्रति जागरूकता कैसे लाया जाए इसके लिए काम करेंगे। वहीं दूसरे दिन राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित धर्मेंद्र कुमार की उपस्थिति रही है। स्वयंसेवको को बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ कर हम सब युवा समाज और राष्ट्र के लिए कार्य कर सकते उन्होंने बताया कि अगर सभी स्वयंसेवक मिल कर काम करे और राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से कॉलेज से लेकर कर्त्तव्य पथ और राष्ट्रपति भवन तक का सफर तय करते हैं । इसके बाद कार्यक्रम पदाधिकारी के नेतृत्व में स्वयंसेवको ने गोद लिए हुए स्लम बस्ती का भ्रमण किया और वहां के लोगो से संवाद कर कैम्प में होने वाली गतिविधियों के बारे में चर्चा की है ।इस मौके पर उपस्थित रहे स्वयंसेवक राष्ट्रपति अवार्डी विशाल राज, सौरभ कुमार, बिपिन कुमार, धीरज ,सावन अभिषेक, अभिजीत कुमार, विनायक कुमार,ऋषभ कुमार, आरव , राहुल , राहुल सिसोदिया, हर्ष कुमार, आर्यन, कुंदन,सत्यम, अंकित, आशुतोष , आशीष, सचिन, शानू, रौशनी, रिया,रानी, मधु, आदि सैकड़ों स्वयंसेवक उपस्थित रहे हैं !

अग्रवाल भवन में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

शेरघाटी। शहर के गोला बाजार रोड स्थित नारायण कॉलोनी के समीप नारनौलीय अग्रवाल भवन में बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. जिसका उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी आमस अवतुल्य आर्य, बीडीओ शेरघाटी स्नेहिल आनंद, रक्तदाता बमेंद्र कुमार सिंह, इनर व्हील क्लब के अध्यक्ष रेनू अग्रवाल आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. शिविर में 15 महिला, युवक एवं युवतियों ने रक्तदान किया. बीडीओ स्नेहिल आनंद, अवतुल आर्य ने कहा कि युवा वर्ग को यह समझना होगा कि किसी भी खुशी के मौके पर फिजूल खर्ची करने की बजाए रक्तदान जैसे समाजहित के कार्य करनी चाहिए. जिससे अन्य लोगों का भला हो सके. इसे कर्तव्य समझ कर युवा वर्ग को समाजहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदार बनने के लिए प्रेरित हम सबों को प्रेरित करना चाहिए. उन्होंने कहा कि रक्तदान से किसी की जान बचायी जा सकती है, साथ में कुछ व्यक्ति के जीवन से जुड़े अन्य परिवारजनों की आशाओं को भी जीवित रखा जा सकता है. क्योंकि यह किसी भी रक्तदाता को पता नहीं होता कि उसके द्वारा किए गए रक्तदान से कितने लोगों की जान बचाई जा सकती है. रक्तवीर कवि मुकेश, नीरज कुमार एवं आबिद इमाम ने कहा कि एक यूनिट रक्त से तीन व्यक्तियों की जान बचाया सकता है. इससे ज्यादा पुण्य का कार्य नहीं हो सकता. उन्होंने कहा कि कई बार गर्भवती महिलाओं में रक्त की कमी होती है. डिलीवरी के समय उन्हें रक्त की आवश्यकता होती है. ऐसे में एक-एक रक्तदाता महत्वपूर्ण हो जाता है. इस अवसर पर रमिया ब्लड बैंक को इंचार्ज डा. राकेश रंजन, बबलू कुमार, श्रीधर शर्मा, रवि अग्रवाल, इनर व्हील क्लब की दीपशिखा, सोनी अग्रवाल, वीना अग्रवाल, पूनम अग्रवाल आदि मौजूद थे.

जिला कोंग्रेस अध्यक्ष ने गरीबों को कंबल वितरण किए : डॉ. गगन मिश्र

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ गगन कुमार मिश्र ने अपनी पत्नी डॉ देविका सरयार के साथ किया गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया है ।इस बढ़ती हुई ठंड से जनमानस बेहाल है इस दौरान सबसे ज्यादा ज्यादा परेशान गरीब लोग हैं ।इसी को देखते हुए गया जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष ने अपने परिवार के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर गरीब असहायों के बीच लगभग सौ कंबल का वितरण किया गया है ।इसके साथ हीं उन्होंने शहर के अन्य लोगों से भी आग्रह किया की जो भी लोग समर्थ हैं वो गरीबों को ठंड में गरम कपड़े अवस्था दें ।समाज के कमजोर लोगों के मदन करना हीं जीवन का उद्देश्य होना चाहिए।

मेयर-डिप्टी मेयर सहित स्टैडिंग कमेटी सदस्य ने बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा से लिया आशीर्वाद

प्रात : किरण संवाददाता

गया। बोधगया स्थित तिब्बती मॉनेस्ट्री में बुधवार को तिब्बती आध्यात्मिक बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा से गया नगर निगम के मेयर डॉ. वीरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान, डिप्टी मेयर चिंता देवी एवं पूर्व डिप्टी मेयर सह स्टैडिंग कमेटी के सदस्य डॉ. अखौरी ओंकारनाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव ने मुलाकात कर उनसे आशीर्वाद लिया है। उस दौरान उन्होंने उनसे कहा कि काफी दिनों से आपसे मिलने और आशीर्वाद लेने की चाहत थी, जो आज पूरा हुआ है। यह हमारा सौभाग्य है ।मुलाकात के बाद मेयर गणेश पासवान व स्टैडिंग कमेटी के सदस्य मोहन श्रीवास्तव ने संयुक्त कहा कि दलाई लामा अहिंसा, करुणा और भाईचारे का प्रतीक हैं तथा दुनियाभर में प्रेम, शांति और भाईचारे के अग्रदूत के रूप में जाने जाते हैं। यही कारण है कि आध्यात्मिक गुरु के संदेश का विश्वभर में अनुसरण किया जाता है। वैश्विक स्तर पर उनकी शिक्षाओं को लोगों का अपार स्नेह और समर्थन मिला है। आज उनसे मिलना और आशीर्वाद प्राप्त होना यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है।



यातायात जागरूकता रैली को रवाना किए एस एसपी

प्रात : किरण संवाददाता

गया जिले में सडक हादसा रोकने के लिए सडक सुरक्षा सप्ताह के तहत यातायात थाना से नियमो को पालन कराने के लिए जागरूकता रैली निकाली गई जिसका वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया इस अवसर पर एस एसपी ने बताया कि जितनी मोत गंभीर बीमारी से होती है उससे कही ज्यादा मौतें सड़क दुर्घटना में हो रही है ।इसे आम जनता में जागरूकता पैदा करने के लिए यह रैली निकाली गई है । यातायात नियम पालन करने वाले लोग की जीवन सुरक्षित रहता है परिवार का कोई भी व्यक्ति खो नही सकते हैं ।सभी गया जिला वासियों से अपील किया कि यातायात नियमों का पालन करे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आगे कहा कि सभी लोगों का यह मानव शरीर अनमोल है इस जीवन को बचाने के लिए यातायात नियमों का पालन करे ।इस रैली में शामिल पुलिस पदाधिकारी,जवान, स्काउट गाइड के बच्चों ने शपथ ली है ।जो अपने घर, परिवार और आम लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करेंगे।

राजद कार्यकर्ता जन संवाद में जुटे कई दिग्गज, जन विरोधी केन्द्र के नीतियों से अवगत हुऐ कार्यकत्त

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। राष्ट्रीय जनता दल का कार्यकर्ता जन संवाद सम्मेलन जिलाध्यक्ष अमरेंद्र कुशवाहा की अध्यक्षता में नगर भवन में संपन्न हुआ। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता बिहार सरकार में भूमि राजस्व एवं गन्ना उद्योग मंत्री अलोक मेहता ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के निदेर्शानुसार, देश के युथ आईकॉन उपमुख्यमंत्री तेजस्वी एवं प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के मार्गदर्शन में बिहार के प्रत्येक जिले में कार्यकर्ता जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। श्री मेहता ने कहा कि चुनाव पूर्व हमारे नेता तेजस्वी यादव ने वादा किया था कि सरकार बनते ही 10 लाख नौकरी और 10 लाख रोजगार देंगे जो की महागठबंधन सरकार में शामिल होते ही उन्होंने पूरा किया। उन्होंने जातीय जनगणना करवा करके अत्यंत पिछड़ा वर्ग में आरक्षण का दायरा बढ़ाकर के पिछड़ा एवं अति पिछड़े वर्ग अनुसूचित जाति के समाज को सम्मानित करने का काम किया हैं। गोह विधायक भीम सिंह यादव ने युवा पार्टीजनों में ऊर्जा भरी और उन्हें पार्टीहित में काम करने को प्रेरित किया। उन्होने कहा कि किसी भी दल का रीढ़ कार्यकर्ता ही होते हैं। आप दल के संगठन को मजबूत करने के साथ समाज को एक सूत्र में बांधने का प्रयास करिये। धर्म की राजनीति से हमें हमेशा बचना चाहिए। रफीगंज विधायक मो. नेहालुद्दीन ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने दायित्वों का निवर्हन पूरी इमानदारी से करें। उन्होने कहा कि हर क्षेत्र में युवाओं की भूमिका अहम होती है। आपको दल ने जो जिम्मेवारी दी है आप सही ढंग से उसका पालन करें। इसके साथ ही समाज में व्याप्त बुराइयों पर भी नजर रखें। हमें विश्वास है कि आप सभी नौजवान साथी अनुशासित होकर दल के संगठन को मजबूत करेंगे। विधान पार्षद सदस्य निरंजन राय ने कहा कि आगामी चुनाव में नेता तेजस्वी यादव के नेतृत्व में आप कार्यकताओं के बल पर हम निश्चित ही चुनाव जीतेंगे। नवीनगर विधायक विजय कुमार उर्फ डब्लू सिंह ने कहा कि पार्टी और नेता ताकतवर तब बनते हैं, जब युवा पूरे जोश-ओ-खरोश के साथ गांव- टोलों में पार्टी के नीति सिद्धांत को प्रचारित-प्रसारित करें और नए लोगों को पार्टी से जोड़ें। उन्होंने राजद के लोकसभा प्रत्याशी को जीता कर सदन भेजने पर जोर दिया। रोजगार के मामले में उपमुख्यमंत्री तेजस्वी ने दुनिया के सामने एक लकीर खींची हैं, उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में मुद्दा नरेंद्र मोदी के 10 वर्ष बनाम तेजस्वी यादव के 15 माह का कार्यकाल होगा। ओबरा विधायक ऋषि कुमार ने कहा कि तेजस्वी जी ने मात्र अपने 15 महीने के कार्यकाल में सिंचाई कमाई दवाई करवाई और सुनवाई की नीति को लागू करके दुनिया के सामने एक लकीर खींचे हैं। बिहार में आज दिन प्रतिदिन नौकरियां बांटे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रभु राम जी हमारे दिल में बसते हैं। भगवान राम हमारे आराध्य हैं। राजनीति के मुद्दे नहीं। विधायक मोहम्मद अली ने कहा कि जातीय जनगणना करवा करके अत्यंत पिछड़ा वर्ग में आरक्षण का दायरा बढ़ाकर के पिछड़ा एवं अति पिछड़े वर्ग अनुसूचित जाति के समाज को सम्मानित करने का काम किया हैं। पूर्व लोकसभा सदस्य राजेश मांझी कहा कि भारत सरकार की कोई ऐसी पॉलिसी नहीं जिससे नौजवानों को लाभ मिल सकें। कहा कि आशा की एक किरण युवाओं के मान सम्मान के प्रतीक तेजस्वी यादव हैं। तेजस्वी यादव ने 10 लाख नौजवानों को नौकरी देने की घोषणा अपने चुनाव प्रचार के लिए की थी। विधायक मोहम्मद अली अशरफ सिद्दीकी ने कहा कि अकेले तेजस्वी यादव नौजवानों, दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यक और किसान-मजदूरों के लिए दिन रात एक कर काम कर रहे हैं। भाजपा सरकार सिर्फ महंगाई बढ़ाई है जिससे आम जनता महंगाई के मार से त्रस्त है। पूर्व मंत्री सुरेश पासवान ने कहा कि देश में साम्प्रदायिक ताकतों को कुचल कर रहेंगे। युवा कार्यकर्ता गांवों तथा बूथ तक जा कर काम करें। उन्होंने कहा कि भाजपा आज राम मंदिर के बहाने अपना राजनीति कर रही है जो कि कहीं से न्यायोचित नहीं है विधायक अनीता भारती ने कहा कि नेता वर्तमान समय में बदनाम हो गए हैं। सुशासन का खेल दुःशासन के रूप में खेला जा रहा है। अनुनय विनय से विकास योजनाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार दूर नहीं होगा। इसके लिए वोट रूपी भय दिखाना होगा। सरकार को डराने का वोट का भय एक रास्ता है। उन्होने कहा कि गरीबों के दुख में शामिल होवें। गरीब कभी ईमान नहीं बेचता है। जात-पात, धर्म को सत्यानाश करता है। जात-पात एक धोखा है। हिन्दू संस्कृति जातियों का गढ़ है। सम्मेलन में पुर्व विधान पार्षद सदस्य डॉ उपेंद्र प्रसाद, पूर्व विधान पार्षद अनुज कुमार सिंह, पूर्व विधायक सुरेश मेहता, प्रदेश महासचिव कालेश्वर यादव, ई. सुबोध कुमार सिंह, युसूफ आजाद अंसारी, मोहम्मद अहसान हक अंसारी, राजद ज़िला प्रवक्ता डॉ रमेश यादव, ज़िला पार्षद शंकर यादव, जिला प्रधान महासचिव अनिल टाइगर, बादशाह यादव, उदय उज्जवल, सुमन सिंह, सरोज देवी, डॉ. चंदन यादव, सत्येंद्र यादव, चंद्रशेखर कुशवाहा, श्रवन पासवान, इंदल यादव, सुनील यादव, अशोक चंद्रवंशी, कमरू जमा, शहजादा शाही, विवेक कुमार उर्फ बच्चन यादव, रूपा पासवान, मनोरमा पासवान, छात्र नेता धर्मेंद्र कुमार, चंदन कुमार, राजू यादव, विकास कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

महिला एवं बाल विकास निगम और स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय

औरंगाबाद। ज़िले के सिरिस (बारून) एवं राजकीय अम्बेडकर बालिका आवासीय +2 उच्च विद्यालय,सिलाङ (देव) में एनीमिया जाँच/स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। जाँच शिविर को संबोधित करते हुए जिला परियोजना प्रबंधक, महिला एवं बाल विकास निगम, राजीव रंजन ने कहा कि ह्लबेटी बचाओ ,बेटी पढ़ाओह्व योजना के तहत बालिकाओं के शिक्षा, स्वास्थ्य,सुरक्षा एवं आत्मविश्वास/आत्मनिर्भरता के लिए जिला में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कडी में बालिकाओं का एनीमिया जाँच/स्वास्थ्य जाँच, स्वास्थ्य विभाग के टीम द्वारा किया जा रहा है साथ ही स्वास्थ्य जाँच के क्रम में आवश्यकतानुसार बालिकाओं को दवा भी उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रथम चरण में यह जाँच सभी कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय एवं राजकीय अम्बेडकर आवासीय बालिका विद्यालय में किया जा रहा है। आज के एनीमिया जाँच/स्वास्थ्य जाँच में तीन विद्यालय में कुल- 250 बालिकाओं का एनीमिया जाँच/स्वास्थ्य जाँच किया गया। जम्हौर कस्तूरबा विद्यालय स्वास्थ्य जाँच टीम में डाक्टर प्रवीण कुमार, फार्मासिस्ट मोड्ड तारिक हाफिज,ए एन एम पूनम कुमारी , सिरिस कस्तूरबा विद्यालय में डाक्टर मोड्ड गुलाम हैदर, डाक्टर शशिभूषण प्रसाद, एल टी विमलेश कुमार, ए एन एम संजना एवं प्रियंका कुमारी तथा अम्बेडकर बालिका विद्यालय, सिलाङ में एल टी विनोद कुमार ए एन एम आयुषी राज, सीमा कुमारी एवं प्रतिमा कुमारी द्वारा एनीमिया जाँच/स्वास्थ्य जाँच शिविर संपन्न कराया गया साथ ही विद्यालय के प्रभारी नीलम कुमारी , देवेन्द्र कुमार, गीता कुमारी, मोना कुमारी एवं विद्यालय के सभी शिक्षक/शिक्षिका ने स्वास्थ्य जाँच में आवश्यक सहयोग किए। मिशन शक्ति के जिला मिशन समन्वयक मिथिलेश कुमार ने स्वास्थ्य जाँच शिविर के दौरान बालिकाओं के एनीमिया जाँच/स्वास्थ्य जाँच का अनुश्रवण किए।

अंगदान का संकल्प पत्र भरकरा

प्रात : किरण संवाददाता

गया । शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड के लावारिस शव दास संस्कार सेल अध्यक्ष अंजनी गौतम की धर्म पत्नी स्वङ्क प्रतिमा कुमारी के पुण्य तिथि के इस मौके पर यूथ ब्रिगेड के सेवादार चंद्रशेखर सिंह ने अपना अंगदान का संकल्प पत्र भरकर श्रद्धांजलि दिया है इसके साथ ही गया जिला के सभी नागरिक से निवेदन भी किया की अपने जीवन में रक्तदान के साथ - साथ अंगदान के मुहिम से भी लोगो को जुड़नी चाहिए जो मरणोपरांत समाज को काम आएगी ।शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड के संस्थापक सह राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनी कुमार वर्मा एवं अनंत धीश अमन ने बताया कि इस तरीके की दान से युवाओं में ऊर्जा मिलते रहती है क्योंकि समाज में कब किन्हें जरूरत पड़ जाएगी कोई नही जानता है इस लिए जब भी रक्तदान शिविर लगे रक्तदान जरूर करे और जब अंगदान ,नेत्रदान ,देहदान का संकल्प पत्र भराए जरूर भरे ,आपका रक्तदान ,आपका अंगदान दूसरो का जीवन दान है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, परिषद प्रतिपक्ष नेता ने लिया आशिर्वाद

प्रात : किरण संवाददाता

गया। गया मंगलवार के रात पहुचे बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी का गया के सक्रिट हाउस में जिलाअध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटु, युगेश कुमार, संतोष गुप्ता, राजेन्द्र प्रसाद अधिवक्त,संतोष ठाकुर ने स्वागत किए, इसके बाद बुधवार की सुबह बोधगया में विश्व धर्म गुरु से सम्राट चौधरी, बिहार विधान सभा प्रतिपक्ष नेता विजय सिन्हा, बिहार विधान परिषद प्रतिपक्ष नेता हरी साहनी ने दलाई लामा से जाकर आशिर्वाद प्राप्त किए, बिहार और भारत के बारे में विस्तृत जानकारी दी और झान की बाते दलाई लामा से ली ।इनके साथ बिहार भाजपा के राजेश वर्मा, प्रदेश मंत्री अजय दागी, जिलाअध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटु ,संतोष कुमार गुप्ता, संतोष सिह ने भी दलाई लामा के वचनों को सुना और आशिर्वाद प्राप्त किए।

खलिहान में आग लगने से लाखो की नुकशान

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। फेसर थाना के ग्राम खैरा सलेम में नागेन्द्र सिंह के खलिहान में गाँव के ही एक ब्यक्ति के द्वारा आग लगा दिया गया। इस घटना के सम्बंध में किसान नागेन्द्र सिंह ने बताया कि मैं और मेरा भगिना नीरज सिंह जब सुबह 05:30 बजे अपने खलिहान में गया तो देखा कि गाँव के ही एक ब्यक्ति अनुज सिंह, पिता जगदीश सिंह के द्वारा आग लगाकर भागते हुए देखा जब हल्ला किया, तो वह भागने लगा जब मैंने हल्ला किया तो वह हाँथ में पिस्तौल लिए हुए थे और मुझ पर तान दिया बोला कि रुक जाओ नही तो गोली मार देंगे ।उसके बाद मैंने हल्ला किया तो गाँव के लोग दौड़े और किसी तरह पानी से मेरा धान का बोझा बुझाया गया इसके बावजूद भी मेरा 25 बीघा का धान नष्ट हो गया ।इसकी जानकारी मैं फोन के माध्यम से फेसर थाना पर प्रभारी को दिया उसके बाद घटना स्थल पर फायर ब्रिगेड का गाड़ी पहुँचा और आग को बुझाया ।मैं इसकी जानकारी फेसर थाना प्रभारी को आवेदन देकर कड़ी कारवाई करने का माँग किया हुँ। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में भी इस तरह का घटना गाँव मे हुआ है एक किसान जो मछली पालन करते है उनके तालाब में जहर डाला गया। एक ब्यक्ति के ट्रैक्टर में भी आग लगा दिया गया था ग्रमीणों ने कड़ी करवाई करने का मांग की है।

जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद में चुनावी सरगर्मी तेज

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद में नवगठित निवार्चन समिति की बैठक आयोजित किया गया, जिसमें जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के 814 अधिवक्ताओं का मतदाता सूची प्रकाशित कराने का आदेश दिया गया और कहा गया कि किसी भी तरह के त्रुटि सुधार या नाम जोड़ने का आखिरी समय 18/01/24 और 19/0124 निर्धारित किया गया है। तत्पश्चात कार्यसमिति के 27 सदस्यीय चुनाव के अभ्यर्थियों का नामांकन, मतदान और मतगणना तिथि घोषित किया जाएगा। अधिवक्ताओ से आग्रह किया गया है कि अपना अपना सदस्यता शुल्क रसीद 2024 कटवा ले। निवार्चन समिति के इस सर्वसम्मति निर्णय में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी महेंद्र प्रसाद सिंह, सहायक निवार्चन पदाधिकारी कामता प्रसाद सिंह, अवध किशोर पांडेय, सरोज रंजन सिन्हा, अभय प्रसाद शामिल थे। जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के कार्यसमिति के अध्यक्ष एकल पद, महासचिव एकल पद, कोषाध्यक्ष एकल पद, निगरानी एकल पद, अंकेक्षक एकल पद , पुस्तकालय अध्यक्ष एकल पद, उपाध्यक्ष तीन पद, संयुक्त सचिव तीन पद, सहायक सचिव तीन पद, वरिष्ठ कार्यकरणी सदस्य पांच पद और कार्यकरणी के सात पद पर चुनाव होना है जिसका सत्र फरवरी 2024 से फरवरी 2026 तक होगा।

पुरानी पेंशन को लागू कराने के लिए हमारा संघर्ष जारी रहेगा: लवकुश

- जिला कार्यकारिणी का हुआ गठन, सूरज बने अध्यक्ष व अजय बने सचिव
- 25 फरवरी 2024 को राज्य सम्मेलन को सफल बनाने का लिया गया संकल्प

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। बिहार राज्य ग्रामीण कर्य विभाग कर्मचारी संघ जिला शाखा औरंगाबाद का तृतीय जिला सम्मेलन ग्रामीण कार्य विभाग कार्य अंचल औरंगाबाद के कार्यालय परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत जिलाध्यक्ष सूरज कुमार पाण्डेय द्वारा झण्डोत्तोलन कर किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार राज्य ग्रामीण कर्य विभाग कर्मचारी संघ के राज्याध्यक्ष लवकुश सिंह ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षत जिलाध्यक्ष सूरज कुमार पाण्डेय एवं संचालन जिला सचिव अजय कुमार सिंह ने किया। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए लवकुश सिंह ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की नियत कर्मचारी विरोधी है। राजनेता को चार-चार पेंशन मिलता है लेकिन कर्मियों का पेंशन समाप्त कर दिया गया है जो कर्मियों के साथ अन्याय है। सरकार पूर्व प्रदत्त सुविधाओं में कटौति कर रही है, जिससे तमाम शिक्षक कर्मचारी आक्रोशित है। पुरानी पेंशन को लागू कराने के लिए हमारा संघर्ष जारी रहेगा। सम्मेलन के दौरान आगामी 25 फरवरी 2024 को राज्य सम्मेलन को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। बक्सर जिलाध्यक्ष प्रेमचंद्र चक्रवर्ती, जिला सचिव ओमप्रकाश कुमार के पर्यवेक्षण में जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें सूरज कुमार पाण्डेय को जिलाध्यक्ष एवं अजय कुमार सिंह को जिला सचिव पुनः सर्वसम्मति से चुना गया। वही रेणू कुमारी, सुभन्ति कुमारी, सुशील कुमार सिंह, राज कुमार राजा, राधेश्याम सिंह को उपाध्यक्ष, सुरभि चटर्जी, गणेश सिंह सरदार, मनोरमा कुमारी, अभिषेक कुमार, सुनीत कुमार को संयुक्त सचिव, मोहित कुमार मोदक को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वही आशा देवी को संघर्ष कोष पार्षद का अध्यक्ष, लवकान्त ओझा को सचिव एवं मनोरंजन कुमार गुप्ता को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। कार्यक्रम को महासंघ गोपगुट के जिलाध्यक्ष राम ईशरेस सिंह, जिला सचिव सत्येन्द्र कुमार, अरविन्द कुमार सिन्हा, अकेन्द्र कुमार सिंह, लक्ष्मण दास, राकेश कुमार चतुर्वेदी ने सम्बोधित किया। मौके पर सुशील कुमार सिंह, निर्भय कुमार, विनोद कुमार, आरती कुमारी, गुड़िया कुंवर, भिक्षण सिंह, सुरेन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र कुमार चंचल, विनोद यादव, ललन प्रसाद सिंह, गौरीशंकर परीक्षा, शर्मा राम, अखिलेश कुमार सिंह, अरविन्द कुमार, जयप्रकाश राम, मिथलेश कुमार सिंह, महेन्द्र प्रसाद, त्रिभुवन भारती, सुरेन्द्र प्रसाद, जयराम सिंह, विनय कुमार सिंह, विजय कुमार सिंह, विश्वनाथ प्रसाद, कमलेश कुमार पाल, महादेव कुमार सहित सैकड़ो कर्मचारी मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

पंचायत सदस्य समिति की हुई बैठक

नवगछिया (भागलपुर)। बिहपुर प्रखंड प्रांगण स्थित ट्रायसम भवन में प्रखंड प्रमुख रीमा देवी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में बिहपुर बीडीओ सत्यनारायण पंडित, उपप्रमुख मो. एनामुल, मुखिया मो. सलाउद्दीन, मनोज लाल, पंसस अमन आनंद सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे। इस मौके पर प्रखंड स्तरीय संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की गई। इस दौरान बीपीडीपी में सम्मिलित होने वाले योजनाओ पर मुख्य रूप से चर्चा की गई। वही शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, आपूर्ति, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आईसीडीएस, पीएचईडी, विद्युत आदि मुद्दों पर भी गहन चर्चा की, साथ ही साथ सत्र 2024 एवं 2025 के योजनाओं को डालने के लिए कहा गया है। मौके पर प्रमुख रीमा देवी, उपप्रमुख एनामुल, बीडीओ सत्यनारायण पंडित, डीपीआरओ काजल कुमारी, एमओ सजलवस्त, मुखिया मो. सलाउद्दीन, मनोज लाल, पंसस विमल शर्मा, नीलेश चौधरी सहित कई पंसस मौजूद रहे थे।

निगम ने नये ऑटो स्टैंड का किया शुभारंभ

भागलपुर। तिलकामांझी स्थित सरकारी बस डिपो के बगल में स्मार्ट सिटी परिजनों के तहत वाहन पार्किंग स्थल की दिशा में निगम प्रशासन द्वारा शहरी क्षेत्र के सटे ऑटो स्टैंड का निर्माण कराया गया है। ऑटो रिक्शा स्टैंड का विधिवत उद्घाटन मेयर डॉ. वसुंधरा लाल, डिप्टी मेयर डॉ. सलाउद्दीन सहित वार्ड पार्षदों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। शहर में लंबे समय से ऑटो स्टैंड की मांग की जा रही थी। जिसको लेकर नगर निगम के द्वारा बस डिपो के बगल में ऑटो स्टैंड का निर्माण कराया गया है। जिसका कार्य पूरा होने के बाद उद्घाटन करते हुए विधिवत शुरूआत कर दी गई है। वही शहरी क्षेत्र के ऑटो चालकों को ऑटो पार्किंग करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था और सड़क किनारे ऑटो लगाने पर ट्रैफिक पुलिस के द्वारा फाइन काटा जाता था, लेकिन लंबे अवधि के बाद ऑटो चालकों की मांग के मद्देनजर उन्हें ऑटो स्टैंड स्थल चिन्हित कर सभी सुविधाओं से लैस निर्माण कर उपलब्ध करा दिया गया है। इस मौके पर निगम कर्मियों के साथ साथ शहर के कई वार्ड पार्षद के अलावा ओटो चालक यूनियन के सदस्यों की मौजूदगी रही थी।

एसएसबी द्वारा निःशुल्क भोजन बैंक का शुभारम्भ

पटना। महानिरीक्षक, सशस्त्र सीमा बल, सीमांत मुख्यालय पटना के निदेर्शानुसार भारत-नेपाल सीमा तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में तैनात इकाईयों द्वारा रोटी बैंक व्यवस्था के तर्ज पर भोजन बैंक का शुभारम्भ किया गया है। वाहिनी के मेस में प्रतिदिन वृहत पैमाने पर भोजन बनता है, जो जवानों के खाने के बाद शेष रह जाता है, उसे रेफ्रीजरेटर में स्वच्छतापूर्वक संरक्षित कर लिया जाता है तथा इसी भोजन को प्रतिदिन अलग-अलग तैनाती क्षेत्र में लगभग 200 से ज्यादा गरीब लोगों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है तथा आने वाले समय में इस व्यवस्था को और सुदृढ़ करने का लक्ष्य रखा गया है। इस तरह के व्यवस्था की सीमांत क्षेत्रों तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के द्वारा सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी)

कोसी दियारा क्षेत्र की निगरानी को ले चीता दल तैनात: एसपी

- फरार वांछित टॉप 10 अपराधियों को गिरफ्तार करेगी एसटीएफ
- पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर दियारा क्षेत्र इलाके में एक चीता दल यूनिट को किया गया तैनात

प्रात: किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। इन दिनों अपराधियों के बढ़ते अपराध को देखते हुए पुलिस मुख्यालय द्वारा विशेष मुहिम शुरू की है। मामले को लेकर पुलिस अधिक्षक कार्यालय बेस में आयोजित प्रेसवार्ता के क्रम में पुलिस अधीक्षक शुशांत कुमार सरोज ने जानकारी साझा करते हुए कहा कि पुलिस मुख्यालय की ओर आदेश पारित किया गया है कि यदि कोई अवकाश पर या किसी कारणवश घर से बाहर जाते हैं तो इस दौरान इसकी जानकारी स्थानीय थाना या टीओपी थाना में दें, ताकि आपके घर से बाहर रहने की अवधि में संबंधित थाना पुलिस पदाधिकारी द्वारा उक्त इलाके में गश्ती करते हुए निरंतर घर की निगरानी व देख रेख करती रहेगी। जिससे कोई सेंधमारी या चोरी की घटना जैसी वारदात घटित न हो सकें। मामले को लेकर वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सभी सर्किल के सर्किल इंस्पेक्टर, सभी थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया है। वही उन्होंने संबंधित पुलिस बलों से कहा है कि बाहर जाने वाले लोगों की सूची तैयार कर लें, साथ ही इसकी अलग से पंजी तैयारी कर ले, वही संबंधित थाने की जो गश्ती पार्टी क्षेत्र ड्यूटी पर जाती है उन्होंने उक्त बंद घर को देख जांच कर स्टेशन डायरी में इंट्री करें। वही एसपी सरोज ने बताया है कि पुलिस मुख्यालय के द्वारा क्षेत्र इलाके में फरार वांछित टॉप 10 अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए नवगछिया पुलिस जिले के दियारा क्षेत्रो में एक यूनिट चीता कमांडो फोर्स को तैनात किया है। चीता कमांडो फोर्स का एक यूनिट इस्माईलपुर थाना क्षेत्र के केलाबाड़ी में तैनात किया गया है। नवगछिया पुलिस ने चीता कमांडो की टीम को फरार वांछित टॉप 10 अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर सूची दे दी गई है। अभी नवगछिया पुलिस जिले में कुल 7 वांछित फरारी टॉप 10 अपराधी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। जिसे पकड़ने के लिए चीता कमांडो गंगा व कोसी दियारा क्षेत्रों का खाक छानेगी और फरार वांछित अपराधियों को गिरफ्तार करेगी। वही एसपी ने कहा कि सभी टॉप टेन अपराधियों कि सूची कमांडो टीम को दे दी गई है। वही अब एसटीएफ और जिला पुलिस टीम एक साथ मिलकर फरार टॉप टेन अपराधियों को गिरफ्तार करेंगी। चीता कमांडो टीम द्वारा किसानों व उनके फसलों का पूर्ण सुरक्षा प्रदान करने में सहयोग करेगी। वही एसपी सरोज ने कहा कि किसी क्षेत्र इलाके से दबंगों व अपराधियों द्वारा गरीब किसानों को बेवजह परेशान करने व उनकी फसलों को ले जाने में रुकावट डालने की कोशिश करने वाले लोगों व अपराधियों पर चीता कमांडो टीम जिला पुलिस के साथ मिल कर संयुक्त रूप से त्वरित कार्यवाई करेगी। जिससे किसान व उनकी फसलों को सुरक्षित घर तक पहुंचाया जा सकेगा। साथ ही चीता दल की टीम लगातार दियारा क्षेत्रों में पेट्रोलिंग करेगी।

भगवान के नाम का सुमिरन ही भवसागर से पार कर सकता है: डॉ. हीरामणि

प्रात: किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)।रामकथा कलयुग में भगवत प्राप्ति का सबसे सरल साधन है, जो कानों के माध्यम से व्यक्ति के मन में प्रवेश करती है। इससे भगवान की छवि मन में बैठ जाती है और भगवत दर्शन की लालसा पैदा करती है। इसी लालसा से ही रास्ता निकाला जाता है। उक्त बातें प्रखंड के बलिया पंचायत अंतर्गत आदर्श दुर्गा मंदिर कुआंगढ़ी के प्रांगण में आयोजित 9 दिवसीय श्री राम कथा के प्रथम दिन बनारस की सुप्रसिद्ध कथा वाचिका डॉ० हीरामणि मानस भारती ने अपने प्रवचन के दौरान कही।

कथा वाचिका सुश्री भारती ने गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि गोस्वामी तुलसीदास ने ईश्वर की प्राप्ति के लिए सतगुरु की आवश्यकता बताई है। गुरु खोजे नहीं जाते, गुरु का दर्शन किया जाता है। उन्होंने राम नाम की महिमा बताते हुए कहा कि कलयुग में योग, यज्ञ ,जप, तप, व्रत, पूजा जैसे साधना के कठिन मार्ग संभव नहीं है। केवल भगवान के नाम का सुमिरन ही भवसागर से पार कर सकता है। भगवान के सहस्त्रनाम हैं और कोई भी नाम जपा जा सकता है। इसी प्रसंग में उन्होंने माता सती के अभिमान और बिन बुलाए अपने पिता के यज्ञ में जाने और भगवान शंकर का अपमान होने पर योग अग्नि के द्वारा अपने शरीर को जलाकर भस्म करने की कथा सुनकर श्रोताओं का हृदय द्रवित हो गया उन्होंने भगवान शिव तथा सती के प्रसंग के माध्यम से राम कथा के महत्व का सुंदर वर्णन किया। वही राम कथा के दौरान भजन गायक गुलशन बावरा के द्वारा गए गए भजन ह्लराम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी दीप जला के दिवाली मनाऊंगीह्व पर श्रद्धालु झूमने को मजबूर हो गए। राम कथा से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो चुका हैं। कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर आयोजक आदर्श दुर्गा मंदिर कुआंगढ़ी के सभी सदस्य एवं कार्यकर्ता भक्ति भाव से लगे हुए हैं।

पांच दिनों से पछुआ हवा से बढ़ी कनकनी

- दिनों भर बढ़ती ठंड से घरों में दुबकने को मजबूर है लोग
- भीषण कनकनी में भी सरकारी स्तर पर कहीं नहीं की गई है अलाव की व्यवस्था

प्रातः किरण संवाददाता

तारापुर (मुंगेर ,17 जनवरी) ।अनुमंडल क्षेत्र के लगभग सभी हिस्सों में पिछले पांच दिनों से तेज पछुआ हवा चलने के कारण लोगों का जीवन ठहर गया है। गौरतलब है कि पछुआ हवा चलने के कारण संपूर्ण क्षेत्र ठंड की भीषण चपेट में है। दिनों भर तेज पछुआ हवा एवं कनकनी रहने के कारण मुख्य रूप से क्षेत्र के किसानों मजदूरों को कृषि कार्य को लेकर बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रात रात भर गेहूं सिंचाई के लिए ठंड का सामना करना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि भीषण कनकनी रहने के कारण दोपहर बाद से ही एस एच 22 तारापुर सुल्तानगंज, तारापुर संग्रामपुर देवघर, एवं तारापुर खडगपुर , मुख्य सड़कों पर छोटी बड़ी सवारी गाड़ियों का आवाजाही धीरे धीरे कम होने लगते है। बता दें कि ठंड के कारण लगभग 10 दिनों से बाजार पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़ा है। दुकानदारों के कारोबार में काफी गिरावट आई है । ठंड के साथ-साथ शाम से ही कोहरा एवं धुंध छा जाने के कारण यात्रियों को शाम ढलने के बाद एक जगह से दूसरे जगह आने जाने के दौरान घंटों बस अड्डा पर काफी मशक्कत का सामना करना पड़ता है ।ठंड कपड़े से लैस होकर ही मजदूर कारोबारी व्यापारी एवं किसान अपने अपने कार्य में सुबह 9:00 बजे के बाद ही अपनी हिम्मत जुटा पा रहे हैं।

अंधेरा होते ही सड़कों पर सवारी गाड़ी के हॉरन की आवाज भी कम सुनाई पड़ते हैं। हालांकि अधिक ठंड कनकनी एवं धुंध को लेकर तारापुर के किसी भी हिस्सों में अनुमंडल प्रशासन ने अलाव की व्यवस्था तक नहीं किया है ।

ठंड के कारण मुख्य रूप से रिक्शा चालक, ठेला चालक, टेंपो, एवं सवारी गाड़ी के चालकों सहित छोटे छोटे खुदरा व्यापारियों, एवं दुकानदारों को इन दिनों काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

विकास के मुद्दों पर परिचर्चा का किया गया आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर। प्रमंडलीय विकास संघर्ष मोर्चा मुंगेर द्वारा मय पंचायत में मुंगेर से संबंधित विभिन्न मुद्दों के संबंध में परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मय पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि विकास कुमार यादव एवं संचालन प्रमंडलीय विकास संघर्ष मोर्चा के सह संयोजक मोहम्मद शकील अहमद ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए प्रमंडल विकास संघर्ष मोर्चा के संयोजक प्रोफेसर विनय कुमार सुमन ने कहा मुंगेर प्रमंडल में एम्स की स्थापना, होम्योपैथिक कॉलेज मुंगेर जिसमें नामांकन की प्रक्रिया 2016 से बंद है उसे पुनः चालू कराने, मुंगेर विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु अभी तक जमीन चिन्हित नहीं हुआ है। उन्होंने जमीन शीघ्र चिन्हित कर निर्माण कार्य आंरभ करने की मांग किया।आर डी एण्ड डीजे कॉलेज मुंगेर स्थित जाकिर हुसैन छात्रावास, पीजी छात्रावास, बॉयज कॉमन रूम, चार दिवारी, कॉलेज स्थित खेल के मैदान में स्टेडियम निर्माण, सीता चरण, पीर पहाड़, काली पहाड़, ढोल पहाड़ी, सहित अन्य दार्शनिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकास कराने हेतु मोर्चा संकल्पित है। इसमें आप सभी मुंगेर वासियों का आंदोलन में समर्थन चाहिए। इस अवसर पर मोर्चा के वरिष्ठ साथी नरेश सिंह यादव ने कहा कि जमालपुर रेल कारखाना के विकास, जमालपुर में रेल विश्वविद्यालय की शीघ्र स्थापना, बरियारपुर मननपुर रेल पथ, सीता चरण, प्राचीन काली पहाड़ जमालपुर, ढोल पहाड़ी, उल्टा महादेव अन्य ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने के लिए मोर्चा संघर्षरत है। परिचर्चा कार्यक्रम में मोर्चा के वरिष्ठ सदस्य अशोक रजक, नवल किशोर यादव, मोहम्मद कौसर फैयाज, अशोक चौधरी, योगेंद्र यादव उर्फ जोगी जी, प्रकाश चंद्र यादव, शैलेंद्र शर्मा, दीपक सिन्हा, राकेश कुशवाहा उर्फ राजा, गोपी चौधरी सहित अनेक ग्रामीणों ने हिस्सा लिया।

जीवन उत्साह से जिएं हमारा हर दिन नया है: कथा वाचक

- पुत्र एक कुल को चलाता है और पुत्री दो कुल को चलाती है
- पुत्र भाग्य से होता है और पुत्री सौभाग्य से मिलती है

प्रात: किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। बाल भारती विद्यालय प्रांगण में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन श्री धाम सह वृंदावन धाम के वैदिक पथिक भागवत किंकर अनुराग कृष्ण शास्त्री उर्फ कन्हैया ने अपने भागवत कथा वचन में श्री कृष्ण लीलायें, श्री गोवर्धन पूजा एवं छप्पन भोग का काल्पनिक वर्णन किया है। वही श्री अनुराग शास्त्री ने अपने कथा वचन के क्रम में भागवत कथा का वर्णन करते हुए कहा है कि अन्याय और अधर्म से धन नहीं कमाना चाहिए, अन्याय और अधर्म से कमाया धन दस वर्षों से अधिक नही टिकता है। इंसान को गर्भपात करना अपने आने वाले पीढ़ी की जन्म पूर्व ही हत्या करने का महापाप की भागीदार बन जाता है, इस लिए गर्भपात नहीं करना चाहिए। इंसान पुत्र की कामना करता है लेकिन पुत्र एक कुल का भाग्य उदय करता है जबकि पुत्री के आने से दो कुल का भाग्य उदय होता है। वही पुत्र का जन्म भाग्य से होता है तो पुत्री का जन्म सौभाग्य से मिलता है। भगवान के द्वारा मिला मानव रूपी जीवन उत्साह से जिए, हमारा हर एक दिन नया है, हम रोज जीते है रोज मरते हैं। हमारा हृदय कुछ नहीं चाहे बस परमात्मा को चाहे यही कामना करते रहना चाहिए।वही इस इंसान की बस्ती में बस सकता है जो एक मात्र कृष्णा है, वह जिसकी प्रशंसा करें यह कल्पना भी तो शत्रु ही करता है। वही उन्होंने कहा कि राम वह है जिसकी प्रशंसा उनके विरोधी शत्रु भी करते है। जिसके जीवन से हिंसा निकल चुकी है, वह एक मात्र हिंदू है, हिंदु हिंसा नहीं कर सकते। ह्लचलो चलें प्रेम की नगरीह्व हरे कृष्णा, हरे कृष्णा, कृष्णा कृष्णा, कृष्णा हरे हरे, राम हरे राम, राम राम हरे हरे, गोविंद बोलो हरि, गोविंद बोलो हरि, बोल हरि बोलो, इतनी शक्ति हमे देना दाता मन का विश्वास कम हो ना, ह्लहम तुम्हारे है प्रभु जी हम तुम्हारे थेह्व हम तुम्हारे हि रहेंगे ओ मेरे प्रियतम आदि भजनो से श्रोतागण मनमुग्ध हो उठे थे। कथा के पांचवें दिन श्रोताओं की काफी भीड उमड पड़ी थी। जहाँ बिहार के भागलपुर जिला के अलावा अन्य जिलों से हजारों की संख्या में श्रोतागण कथा को सुनने पहुंचे हुए दिख रहे थे। वही कार्यक्रम को लेकर मिडिया प्रभारी अशोक केडिया ने बताया कि भागवत कथा का आयोजन 18 जनवरी तक होगा जबकि आगामी 19 जनवरी को हवन पुणार्हुति के साथ कथा सम्पन्न होगी।

वही आयोजित श्रीमद्भागवत कथा को सफल बनाने हेतू संस्था के मुकेश चिरानिया, अमित अग्रवाल, रितेश मावडिया, आदित्य सरार्फ, बिकाश चिरानियाँ, अमन सरार्फ, श्रीधर शर्मा, विश्वास शर्मा, विनित चिरानिया, नीरज केजरीवाल, केशव सरार्फ, शंभू चिरानिया, अमित चिरानिया, विशाल चिरानिया, विकास मावडिया, मुरारी चिरानियाँ, पप्पु चिरानियाँ, प्रितम चिरानियाँ, सौरव नारनोली, मानस पंसारी, वरुण केजरीवाल, रोहित मावंडिया, सचिन साह, रिया चिरानियाँ, सोनम चिरानियाँ, शैला चिरानिया, रुचि सर्राफ, ममता मावडिया, सुचिता अग्रवाल मौजूद थे।

ग्रामीणों ने किया मुखिया के घर का घेराव

नाथनगर (भागलपुर)। नाथनगर प्रखंड परिक्षेत्र अंतर्गत निसंबे पंचायत गांव इलाके में पेयजल आपूर्ति की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों ने स्थानीय पंचायत के मुखिया नीरू देवी के घर पर पहुंच कर जमकर हंगामा किया इस दौरान ग्रामीणों ने जल आपूर्ति की समस्या को लेकर मुखिया के घर का घेराव कर पेयजल आपूर्ति किये जाने की मांग की। वही मामले को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने बताया की वार्ड 14 में करीब ढेर साल से अधिक समय से जल आपूर्ति हेतू मोटर खराब पड़ा हुआ है, उक्त समस्या को लेकर मुखिया के आवास पर पहुंचे तो मुखिया ने कहा की हम जनता के नौकर नही है, जब बोलेंगे हम उनके समक्ष हाजिर हो जायेगें ज्यादा परेशान किया तो हरिजन कोटा से केस करा देगे। वही हंगामा की सुचना मिलने पर मधुसुदनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंच कर आक्रोशित लोगों को समझा बुझाकर मामला शांत कराया है। वही मुखिया नीरू देवी ने बताया कि बिना किसी सुचना पर ग्रामीण एक जुट होकर मेरे घर पर आ कर नारेबाजी करने लगे थे। वही उन्होंने कहा कि जल्द ही इस संबंध में वार्ड सदस्य के साथ बैठक कर पेजल समस्या का निदान किया जाएगा।

ईजेआरएक्स और पैथ ने अनीमिया कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

ईजेआरएक्स और पैथ ने अनीमिया कार्यशाला में जागरूकता बढ़ाने का संयुक्त प्रयास किया है। ईजेआरएक्स ने अपने नेतृत्व में दुनिया की पहला गैर इनवेसिव हीमोग्लोबिन स्क्रीनिंग यंत्र ईजेचेक को पेश किया है, जिसका अलग दर्जा है क्योंकि यह विश्व का पहला गैर-आक्रामक हीमोग्लोबिन स्क्रीनिंग यंत्र है। ईजेआरएक्स के संस्थापक एवं सीईओ पार्थ प्रतिम दास महापात्रा ने कहा, अनेमिया ने भारत की सामाजिक-आर्थिक प्रगति को बहुत समय से पीछे किया है। हमें गर्व है कि हम बिहार के स्वास्थ्य नेताओं को ईजेचेक से परिचित करा रहे हैं, जो वास्तविक रूप से समुदायों के बीच व्यापक रूप से अनेमिया स्क्रीनिंग को बढ़ावा दे सकता है, जिससे राज्य को समृद्धिशील सार्वजनिक स्वास्थ्य का एक मानक बनाया जा सकता है। हम सच्चाई से उम्मीद करते हैं कि ईजेचेक की उपलब्धता अनेमिया मुक्त भारत अभियान को पंख देगी और एक ऐसे भविष्य की ओर पहुंचाएगी जहां अनेमिया से किसको खतरा नहीं रहेगा। ईजेआरएक्स एक पथप्रदर्शक डमकज्मबी कंपनी जो स्वास्थ्य सुलभ और किफायती बनाने के प्रति समर्पित है, उन्होंने पैथ के साथ मिलकर एक संवादात्मक कार्यशाला आयोजित की जिसका शीर्षक था बिहार में अनीमिया और कुपोषण का मार्गनिर्देश। इसमें श्री श्री निवास प्रसाद, राज्य कार्यक्रम अधिकारी, अनीमिया मुक्त भारत, और श्री संजय कुमार सिंह (आइएस), स्वास्थ्य, बिहार सरकार के सचिव जैसे श्रेष्ठ सरकारी अधिकारी शामिल होंगे। इस सूची में श्री राहुल कुमार (आइएस), सीईओ और मिशन निदेशक, जीविका, और डॉ. आंचिता पाटिल, लीड, एमएनसीएच इंडिया कंट्री ऑफिस, और बिल और मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन शामिल है। पूरी तरह से अनेमिया मुक्त भारत के पक्ष में, इस घडी ईजेआरएक्स के प्रमुख उत्पाद ईजेचेक को पेश किया है, जो विश्व का पहला आईसीएमआर-सत्यापित गैर-आक्रामक हीमोग्लोबिन स्क्रीनिंग यंत्र है। इसकी अधिकतम 90 प्रतिशत सटीकता के साथ तेजी से अनेमिया परीक्षण करने की क्षमता है, जिससे ईजेचेक शहरी और ग्रामीण जनसंख्या में अनेमिया की शीघ्र पहचान करने की सुविधा प्रदान करता है। ईजेआरएक्स ने पहले ही 1.26 करोड़ भारतीयों का एनीमिया स्क्रीनिंग किया है, जिससे 5 लाख लोगों को हीमोग्लोबिन लेवल की कमी के साथ प्राथमिक उपचार समय पर मिला है। पटना के कार्यशाला से पहले, कंपनी ने असम, छत्तीसगढ़, और ओडिशा से स्वयं सहारा समूहों और स्वयं सहारा स्वास्थ्य कार्यकताओं को ईजेचेक का कुशल प्रशिक्षण दिया है।

विद्यालयों प्रांगण में दूसरे दिन भी जारी रहा शिक्षा संवाद:डीएम

सबौर (भागलपुर)। बिहार के शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए जाने व शिक्षित समाज के निर्माण की दिशा में शिक्षा विभाग एवं अन्य विभागों की लोक कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराने को लेकर विद्यालय के नामांकित छात्र-छात्राओं व अभिभावकों के बीच जानकारी साझा करने हेतू जिला प्रशासन द्वारा क्षेत्र के कई विद्यालयों में शिक्षा संवाद का भव्य आयोजन किया गया। इसी बाबत जिले के कई हिस्सों में संचालित विद्यालयों के प्रांगण में शिक्षा संवाद किया गया है। इस दौरान विद्यालय में नामांकित छात्र-छात्राओं व अभिभावकों की भागीदारी देखी गई है। वहीं इस कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने उपस्थित लोगों को शिक्षा विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा जारी लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया साथ ही उक्त संचालित योजनाओं के लाभ कैसे ले सकें उसे पर भी विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया है। कार्यक्रम के दौरान सभी शिक्षा संवाद कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के पदाधिकारी व विद्यालय के शिक्षक सहित दर्जनों अभिभावक छात्र-छात्राएं मौजूद थे। वही दूसरी तरफ जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने सबौर प्रखंड स्थित कई विद्यालयों में जन संवाद में शिरकत करते हुए उपस्थित लोगों से सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से बताया है।

रांची मंडल के टाटी सिलवे एवं नामकोम स्टेशन पर ठहराव

प्रात: किरण संवाददाता

हाजीपुर। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर गाड़ी सं. 18623/18624 इसलामपुर-हटिया-इसलामपुर एक्सप्रेस का रांची मंडल के टाटीसिलवे एवं नामकोम स्टेशन पर प्रायौगिक तौर पर ठहराव प्रदान किया गया है ।दिनांक 15.01.2024 से गाड़ी सं. 18624 हटिया-इसलामपुर एक्सप्रेस 19.46/19.48 बजे नामकोम तथा 19.58/20.00 बजे टाटीसिलवे स्टेशन पर रूक रही है। दिनांक 16.01.2024 से गाड़ी सं. 18623 इसलामपुर-हटिया एक्सप्रेस 07.13/07.14 बजे टाटीसिलवे एवं 07.24/07.25 बजे नामकोम स्टेशन पर रूक रही है ।

बांक पंचायत जिला में बना नजीर, मुखिया ने 15 सौ जरूरतमंद लोगों के बीच वितरित किया कंबल

- कंबल वितरण कर जिलाधिकारी ने समारोह का किया उद्घाटन
- मुखिया प्रतिनिधि जयराम गौतम के पहल का डीएम ने किया सम्मान

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर। ठंड से ठिठुर रहे जरूरतमंद ग्रामीण जनता के बीच बांक पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि जयराम गौतम के पहल पर जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने 15 सौ लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। वही 08 सौ लोगों का स्वास्थ्य जांच तथा बांक पंचायत के 02 सौ बुजुर्गों को अंग वस्त्र भेट कर सम्मानित करने का काम जिलाधिकारी के नेतृत्व में किया गया। इसके अलावे पंचायत के 100 बुजुर्गों के बीच निकट एवं दूर दृष्टि का चश्मा वितरण किए गए। गरीबों को कंबल वितरण करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण करना वास्तव में मानवीय कार्य है, जिसको बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन हमेशा तत्पर रहती है। वैसे शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में नगर निगम, नगर परिषद के सात पंचायत एवं गांव में कंबल वितरण के साथ चौक चौराहे पर अलाव जलाने की व्यवस्था भी की जा रही है। प्रशासन के इस अभियान को सफल बनाने बांक पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि जयराम गौतम के सकारात्मक पहल से अन्य जनप्रतिनिधियों को सीख लेने लेते हुए इस तरह के कार्यों में हाथ बढ़ाने हेतु आगे आना चाहिए। क्योंकि मानव सेवा ही इस पृथ्वी पर सबसे बड़ा सेवा है। इसके पहले पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि जयराम गौतम, मुखिया डेजी कुमारी ने जिला अधिकारी का स्वागत सम्मान बुके एवं अंग वस्त्र भेंट कर किया। इधर कंबल वितरण एवं स्वास्थ्य जांच समझ में मिथिला अस्पताल खगड़िया के डॉक्टर मनीष, नरेश एवं विकास मित्र का सराहनीय योगदान मिला।

अधिकांश विषयों में प्रोफेसरों की कमी के अकारण नहीं हो रही है पढ़ाई

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की बात करना बेमानी

- छात्र / छात्रा अपने स्तर से कर रहे हैं परीक्षा की तैयारी

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेरः लोक मंच सामाजिक - सांस्कृतिक संस्था के महासचिव विनय कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि मुंगेर विश्वविद्यालय में तीन अलग अलग पी.जी. सेंटर सहित 20 विषयों में पी.जी.की पढ़ाई हो रही है, लेकिन दुर्भाग्य यह है कि किसी भी विषय में शिक्षकों की कमी के कारण समुचित रूप से पढ़ाई नहीं हो पा रहा है। यहां गणित विभाग का एक उदाहरण देना चाह रहा हूं। पेपर- 1(मैट सी सी -01, एब्स्ट्रेक्ट अलजेब्रा में एक मात्र शिक्षक हैं जो परीक्षा नियंत्रक भी हैं। उनका आज तक एक भी कक्षा नहीं हुआ है। एआईसीसी - 01 एनवायरनमेंट सब्सटेंस एबिलिटी (स्वच्छ भारत अभियान) कोर्स तो है। लेकिन इस विषय को न तो दैनिक रूटीन में शामिल किया गया है और न ही इसके कोई शिक्षक नियुक्त हैं। ज्ञात हो कि पी. जी. वर्ष - 2023-25 का रजिस्ट्रेशन आगामी 20जनवरी 2024 तक निर्धारित है।कुछ माह में पी.जी.प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा भी हो रही है ।ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि छात्र छात्राओं का भविष्य क्या होगा।

विनय कुमार सिंह ने विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो डॉ श्यामा राय और परीक्षा नियंत्रक प्रो. डॉ अमर कुमार से मांग किया है कि छात्र छात्राओं के हितों को ध्यान में रखते हुए यथाशीघ्र आवश्यक कार्यवाही की जाय। जिससे कि छात्र छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में किसी प्रकार की कठिनाईयों की सामना नहीं करना पड़े ।

शराब तस्करी मामले को ले न्यायालय ने की सुनवाई

- अभियुक्त के विरुद्ध 5 वर्ष की सजा के साथ साथ आर्थिक दंड का न्यायालय ने की सुनवाई

प्रात: किरण ब्यूरो

भागलपुर। एक तरफ जहां पूरे बिहार में सम्पूर्ण शराबबंदी का दौर चल रहा है तो वही दूसरी तरफ मोटी कमाई करने की दिशा में कारोबारी अवैध रूप से शराब की तस्करी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। आलम यह है कि जिले भर में शराब तस्करी कर रहे लोगों व कारोबारियों की गतिविधियों को लेकर लगातार पुलिस प्रशासन सहित उत्पाद विभाग के लोग जगह जगह हजारों रुपये की शराब की बरामदगी करने के साथ साथ कारोबार में संलिप्त लोगों की गिरफ्तारी करने के बावजूद अवैध शराब का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। वही नशे के अवैध कारोबार को लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन काफी सचेत चल रही है। इसी बाबत विगत 01अगस्त 2023 को पुलिस द्वारा रोको टोको अभियान के तहत सलेमपुर मोड स्थित सैनो गांव के पास वाहन चेकिंग के दौरान 30 लीटर विदेशी शराब बरामदगी की थी। वही पुलिस ने इस मामले में गवाह गुजरे समर्थकों ने अवैध शराब का विरोध में समर्थन किया है। जिसे लेकर न्यायाधीश एडीजे 12 के उत्पाद कोर्ट टू के राजेश सिंह ने अवैध रूप से शराब की तस्करी कर रहे अभियुक्त के विरुद्ध सुनवाई करते हुए पुलिस के समर्थन में गिरफ्तार अभियुक्त को 5 साल की सजा सुनाई है साथ ही न्यायालय ने आर्थिक दंड के रूप में एक लाख रुपये का जुमार्ना भरने का आदेश जारी कर सजा दिया है। वहीं न्यायालय द्वारा कहा गया है कि अभियुक्त द्वारा आर्थिक जुमार्ना नहीं देने पर 3 माह की अतिरिक्त सजा की सुनवाई की है।

पाकिस्तान के खिलाफ फिन एलन ने लगाए 16 छक्के

एक पारी में सबसे ज्यादा, न्यूजीलैंड 45 रन से जीता, सीरीज में 3-0 की बढ़त

डुनेडिन (एजेंसी)। न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ तीसरा टी-20 भी एकतरफा अंदाज में जीत लिया। डुनेडिन में बुधवार को टीम ने 45 रन से मैच जीतकर 5 टी-20 की सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त बना ली। न्यूजीलैंड से फिन एलन ने 16 सिक्स लगाकर 137 रन की पारी खेली। एलन की पारी के दम पर न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 224 रन बनाए। पाकिस्तान की टीम 7 विकेट के नुकसान पर 179 रन ही बना सकी।

एलन ने की सबसे ज्यादा सिक्स लगाने की बराबरी – फिन एलन को 137 रन बनाने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। उन्होंने टी-20 इंटरनेशनल की एक पारी में सबसे ज्यादा 16 छक्के लगाने के रिकॉर्ड की बराबरी भी कर ली। उनसे पहले अफगानिस्तान के हजरतुल्लाह जजई भी आयरलैंड के खिलाफ 2019 में 16 सिक्स लगा चुके हैं। एलन ने पारी में 16 सिक्स के साथ 5 चौके भी लगाए। यानी उन्होंने बाउंड्री से 116 रन बना लिए। इसी के साथ वह एक पारी में बाउंड्री से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले कीवी बैटर बन गए। उनसे पहले ब्रेंडन मैक्कुलम ने बाउंड्री से 96 रन बनाए थे। एलन ने न्यूजीलैंड के लिए सबसे बड़ा टी-20 स्कोर भी बनाया। उनसे पहले मैक्कुलम ने ही 2012 में बांग्लादेश के खिलाफ 123 रन बनाए थे।

कॉन्वे-सायफर्ट ने की सेंचुरी पार्टनरशिप – पहला विकेट जल्दी गंवाने के बाद एलन ने एक एंड पर तेजी से रन बनाए। उन्हें टिम सायफर्ट का बखूबी साथ मिला। दोनों ने टीम को 150 रन के पार पहुंचाया और सेंचुरी पार्टनरशिप भी कर ली। सायफर्ट 31 रन बनाकर आउट हुए और दोनों के बीच 125 रन की साझेदारी टूटी।

पाकिस्तान ने लगातार तीसरे टी-20 में बॉलिंग चुनी

डुनेडिन के यूनिवर्सिटी ओवल स्टेडियम में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर एक बार फिर बॉलिंग चुनी। टीम ने शुरुआती 2 टी-20 में भी टॉस जीतकर बॉलिंग ही चुनी थी। न्यूजीलैंड ने पहले बैटिंग की, टीम की शुरुआत ठीक नहीं रही। डेवोन कॉन्वे चौथे ही ओवर में 7 रन बनाकर हारिस रऊफ का शिकार हो गए।

- **आखिरी 16 गेंद पर 21 रन ही बना सके कीवी बैटर्स** – फिन एलन 17.2 ओवर में आउट हुए, इस वक्त स्कोर 203/4 था। एलन के बाद टीम आखिरी 16 बॉल में 21 रन ही बना सकी और अपने 3 विकेट गंवा दिए। टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 224 रन बनाए। न्यूजीलैंड से डेरिल मिचेल ने 8, ग्लेन फिलिप्स ने 19, मार्क चापमन ने 1, मिचेल सैंटनर ने 4, मैट हेनरी ने 1 और ईश सोढी ने 3 रन बनाए।
- **रऊफ ने लुटाए 60 रन** – पाकिस्तान से हारिस रऊफ ने 4 ओवर में 60 रन लुटा दिए, उन्हें 2 विकेट जरूर मिले लेकिन वह बहुत महंगे रहे। पाकिस्तानी के लिए सभी बॉलर्स ने विकेट लिए। शाहीन अफरीदी, जमान खान, मोहम्मद नवाज और मोहम्मद वसीम जूनियर को 1-1 विकेट मिला।

पाकिस्तान की शुरुआत खराब, अय्युब जल्दी आउट

225 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी पाकिस्तान टीम की शुरुआत खराब रही। ओपनर सैम अय्युब 13 बॉल में 10 रन की धीमी पारी खेलकर आउट हो गए। मोहम्मद रिजवान ने बाबर आजम के साथ पारी संभाली। रिजवान 24 रन बनाकर आउट हुए।

पाक ने लगातार विकेट गंवाए

62 रन पर रिजवान का विकेट गंवाने के बाद बाबर एक एंड पर टिक गए। लेकिन उनके सामने फखर जमान 19, आजम खान 10 और इफ्तिखार अहमद 1 ही रन बनाकर आउट हो गए। बाबर ने भी फिफ्टी लगाई लेकिन वह भी 37 बॉल में 58 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। पाकिस्तान का स्कोर 16 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 134 रन ही पहुंच सका।

- **180 के पार भी नहीं पहुंच सका पाकिस्तान** – आखिर में मोहम्मद नवाज ने 28 और कप्तान शाहीन अफरीदी ने 16 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाने की कोशिश की। लेकिन दोनों मिलकर टीम का स्कोर 20 ओवर में 180 के पार भी नहीं पहुंचा सके। पाकिस्तान 7 विकेट के नुकसान पर 179 रन ही बना सका।
- **साउदी को 2 विकेट** – न्यूजीलैंड से भी सभी बॉलर्स को विकेट मिले। टिम साउदी को सबसे ज्यादा 2 सफलताएं मिलीं। वहीं मैट हेनरी, लॉकी फर्ग्यूसन, मिचेल सैंटनर और ईश सोढी को 1-1 सफलता मिली।
- **चौथा मैच 19 जनवरी को** – केन विलियमसन इंजरी के कारण सीरीज से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह तीसरे टी-20 में मिचेल सैंटनर ने कमान संभाली। सैंटनर ही आखिरी 2 टी-20 में न्यूजीलैंड के कप्तान रहेंगे। लगातार तीसरे टी-20 में जीत के साथ न्यूजीलैंड ने 5 मैचों की सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त बना ली है। सीरीज के आखिरी 2 मुकाबले 19 और 21 जनवरी को क्राइस्टचर्च में खेले जाएंगे।

प्रगनानंद भारत के नंबर-1 चेस खिलाड़ी बने

- विश्वनाथन आनंद को पछाड़ा
- टाटा स्टील मास्टर्स टूर्नामेंट के चौथे राउंड में मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन को हराया

नईदिल्ली (एजेंसी)। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रगनानंद ने बुधवार को टाटा स्टील मास्टर्स 2024 के चौथे राउंड में मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को हरा दिया। उन्होंने इस बड़ी जीत के साथ टूर्नामेंट के पांचवें राउंड में जगह बना लिहै। वह विश्वनाथन आनंद के बाद क्लासिकल शतरंज में मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन को हराने वाले केवल दूसरे भारतीय हैं। इसी के साथ प्रगनानंद, विश्वनाथन आनंद को पीछे छोड़कर लाइव क्लासिकल शतरंज रैंकिंग में भारत के नंबर-1 चेस खिलाड़ी बन गए। 18 साल के प्रगनानंद 2748.3 रेटिंग अंकों के साथ दो स्थान की छलांग लगाकर कुल मिलाकर 11वें स्थान पर पहुंच गए, जो आनंद से 0.3 ज्यादा है।टाटा स्टील मास्टर्स 2024 नीदरलैंड के विज्क आन जी में 13 जनवरी से शुरू हुआ और 28 जनवरी तक खेला जाएगा।

- **सबसे कम उम्र के ग्रैंडमास्टर** – चेन्नई के रहने वाले प्रगनानंद ने 2018 में प्रतिष्ठित ग्रैंडमास्टर का तमगा हासिल किया था। वे यह उपलब्धि हासिल करने वाले भारत के सबसे कम उम्र के और उस समय दुनिया में दूसरे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी थे।
- **10 साल की उम्र में बन गए थे इंटरनेशनल मास्टर** – प्रगनानंद तमिलनाडु के रहने वाले हैं। उनका जन्म 10 अगस्त, 2005 को चेन्नई में हुआ था। उनके पिता रमेशबाबू तमिलनाडु स्टेट कॉर्पोरेशन बैंक में शाखा प्रबंधक के रूप में काम करते हैं, जबकि उनकी मां नागलक्ष्मी हाउस वाइफ हैं। प्रगननंदा 10 साल की उम्र में 2016 में शतरंज के सबसे युवा इंटरनेशनल मास्टर बने थे।

तेंदुलकर ने प्रगनानंद की तारीफ की

पूर्व भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने सोशल मीडिया पर प्रगनानंद की तारीफ की है। उन्होंने अपने एक्स पोस्ट में लिखा, वर्ल्ड चैंपियन डिंग लिरेन के खिलाफ इस जीत के लिए प्रगनानंद को बहुत-बहुत बधाई। 18 साल की छोटी उम्र में आपने न केवल खेल पर अपना दबदबा बनाया, बल्कि भारत के टॉप रेटेड खिलाड़ी भी बन गए।

ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे दिन उलटफेर

16 साल की मीरा एंड्रीवा ने वर्ल्ड नंबर-6 ओन्स जाबेउर को सीधे सेटों में हराया

मेलबर्न (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 के चौथे दिन बड़ा उलटफेर हुआ। 16 साल की रूसी टेनिस खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टूर्नामेंट के दूसरे राउंड में ओन्स जाबेउर को हरा दिया। रूसी खिलाड़ी की किसी वर्ल्ड टॉप-10 खिलाड़ी पर पहली जीत है। वर्ल्ड नंबर-47 खिलाड़ी एंड्रीवा ने दूसरे राउंड में छठी वरीयता प्राप्त जाबेउर को एक घंटे से भी कम समय में मात दी।

एंड्रीवा ने महज 54 मिनट में हराया

मेलबर्न पार्क में अपना पहला टूर्नामेंट खेल रही एंड्रीवा ने रॉड लेवर एरेना में तीन बार की ग्रैंड स्लैम रनर-अप को महज 54 मिनट में 6-0, 6-2 से हराया। एंड्रीवा पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन में हिस्सा ले रहीं है। उन्होंने ग्रैंड स्लैम डेब्यू पिछले साल किया था। वो विंबलडन 2023 के चौथे, फ्रेंच ओपन तीसरे और स ओपन के दूसरे राउंड तक पहुंची थीं।

धोनी पर मानहानि का केस, सुनवाई आज

केस करने वाले मिहिर पर धोनी ने 15 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है

रांची (एजेंसी)। इंडिया टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में मानहानि का मामला आया है। धोनी के खिलाफ केस करने वाले आरका स्पोर्ट्स कंपनी के मालिक मिहिर दिवाकर और उनकी पत्नी सौम्या दास हैं। धोनी ने आरका स्पोर्ट्स कंपनी के खिलाफ 15 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला पिछले दिनों रांची कोर्ट में दर्ज कराया था। मिहिर और सौम्या ने अपनी याचिका में कहा है कि एमएस धोनी और उनके करीबियों की ओर से जो बयान दिए जा रहे हैं, वो अपमानजनक है। उन्हें रोका जाए। इसके अलावा मिहिर को लेकर कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जिस तरह की खबरें चल रही हैं, उन्हें हटाने का आदेश देने का अनुरोध भी दिल्ली हाईकोर्ट से किया गया है।

15 करोड़ की गड़बड़ी का मामला – महेंद्र सिंह धोनी की ओर से दायर केस में मिहिर पर बिजनेस पार्टनर के रूप में 15 करोड़ की गड़बड़ी करने की बात कही गई है। धोनी की ओर से रांची के सिविल कोर्ट में मिहिर दिवाकर और उनकी पत्नी सौम्या दास पर धोखाधड़ी करने का केस किया गया है। इस केस में धोनी ने कहा कि उन्होंने मिहिर की कंपनी अरका के साथ देश-विदेश में क्रिकेट अकादमियां खोलने का करार किया था। आरोप के मुताबिक धोनी ने यह एग्रीमेंट वापस ले लिया था। इसके बाद भी मिहिर ने अकादमियां खोलीं, जिनमे धोनी को मेंटर बताया गया है।

धोनी ने मिहिर को भेजा है लीगल नोटिस – 15 करोड़ की धोखाधड़ी के मामले को लेकर धोनी ने मिहिर को वकील के जरिए लीगल नोटिस भी भेजा है। जानकारी के मुताबिक मिहिर ने इस नोटिस का जवाब भी दिया था। इसमें मिहिर का कहना है कि धोनी को ही मुझे पांच करोड़ रुपए देने हैं।

मिहिर दिवाकर को जानिए –मिहिर दिवाकर महेंद्र सिंह धोनी के काफी करीबी रहे हैं। मिहिर साल 2000 में अंडर-19 विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व भी किया है। एमएस धोनी और मिहिर दिवाकर कभी साथ में रणजी मैच भी खेले हैं। आरका स्पोर्ट्स कंपनी के जिस करार को लेकर विवाद चल रहा है, उसके मुताबिक मिहिर कंपनी के फाउंडर और मिहिर की पत्नी सौम्या दास डायरेक्टर हैं। वहीं, धोनी को मेंटर बताया गया है।

विराट कोहली 22 जनवरी को अयोध्या जाएंगे

- ट्रेनिंग सेशन से एक दिन का ब्रेक मांगा, 25 से इंग्लैंड के खिलाफ पहला टेस्ट

बेंगलूर (एजेंसी)। भारत के विराट कोहली 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए अयोध्या जाएंगे। वह टीम इंडिया के ट्रेनिंग सेशन से एक दिन का ब्रेक लकर अयोध्या पहुंचेंगे। विराट 23 को फिर टीम इंडिया के साथ जुड़ जाएंगे। हैदराबाद में टीम इंडिया का ट्रेनिंग सेशन 20 जनवरी से शुरू होगा। टीम यहां 4 दिन तक प्रैक्टिस करेगी। इंग्लैंड टीम 21 को हैदराबाद पहुंच जाएगी। 25 जनवरी से दोनों के बीच 5 टेस्ट की सीरीज का पहला मुकाबला खेला जाएगा।

बीसीसीआई से मांगी अयोध्या जाने की परमिशन – टीम इंडिया 20 से 23 जनवरी तक हैदराबाद में ट्रेनिंग सेशन करेगी। 24 को ब्रेक के बाद 25 को टीम पहला मैच खेलेगी। विराट कोहली समेत भारत की टेस्ट टीम में शामिल सभी प्लेयर्स और सपोर्ट स्टाफ इस दौरान हैदराबाद में रहेंगे।क्रिकबज की रिपोर्ट अनुसार, विराट कोहली 21 जनवरी की ट्रेनिंग के बाद एक दिन का ब्रेक लेंगे। उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए बीसीसीआई से ब्रेक मांगा। जो अप्रूव कर दिया गया है।

जर्मनी को हराकर पेरिस ओलंपिक का टिकट कटाने उतरेगा भारत

रांची (एजेंसी)। पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने से केवल एक जीत दूर खड़ी भारतीय महिला हॉकी टीम को एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर्स में अपने से अधिक रैंकिंग के जर्मनी के खिलाफ गुरुवार को यहां होने वाले सेमीफाइनल में सफलता हासिल करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा। भारतीय टीम टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में अमेरिका से 0-1 से हार गई थी लेकिन इसके बाद उसने न्यूजीलैंड और इटली को हराकर पूल बी में दूसरे स्थान पर रहकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

भारत ने पिछले दो मैच में खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया और सविता पूनिया की अगुवाई वाली टीम जर्मनी के खिलाफ भी इसी तरह का खेल जारी रखने की कोशिश करेगी। इस टूर्नामेंट में शीर्ष पर रहने वाली तीन टीम इस साल होने वाले ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी। इस तरह से गुरुवार को जीत दर्ज करने पर भारतीय टीम का पेरिस का टिकट पक्का हो जाएगा। अगर भारतीय टीम इस मैच को जीतने में नाकाम रहती है तो उसे ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने का एक और मौका मिलेगा।

सेमीफाइनल में हारने वाली टीमों के बीच तीसरे और चौथे स्थान के लिए शुक्रवार को मैच खेला जाएगा जिसमें जीत दर्ज करने वाली टीम ओलंपिक में जगह बनाएगी। भारतीय टीम को हालांकि जर्मनी के खिलाफ सकारात्मक सोच के साथ मैदान पर उतरना होगा। पिछले दो मैच में भारतीय रक्षापंक्ति ने शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय रक्षापंक्ति में कप्तान सविता के अलावा उदिता, मोनिका और निक्की प्रधान ने अच्छा खेल दिखाया है। मध्य पंक्ति ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। सलीमा टेटे अपनी तेज दौड़ से विरोधी टीमों को परेशान करती रही हैं जबकि नेहा गोयल ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है।

द्विपक्षीय श्रृंखला के लिए आईसीसी की पहली तटस्थ महिला अंपायर होंगी रेडफर्न

दुबई (एजेंसी)। इंग्लैंड की सू रेडफर्न ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच आगामी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय द्विपक्षीय श्रृंखला में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद

(आईसीसी) द्वारा नियुक्त पहली महिला तटस्थ अंपायर होंगी। सभी आईसीसी महिला चैम्पियनशिप श्रृंखला और टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के लिये आईसीसी के एक तटस्थ अंपायर नियुक्त करने के फैसले के बाद रेडफर्न की नियुक्ति की गयी है। इससे महिलाओं के विकास के साथ मैच के संचालन में कुछ तटस्थता सुनिश्चित की जा सकेगी। आईसीसी महिला चैम्पियनशिप के दौरान सात तटस्थ महिला अंपायर होंगी जिनका मैच के दिन का भुगतान आईसीसी के एलीट पैनल अंपायरों के समान ही होगा। आईसीसी के क्रिकेट महाप्रबंधक वसीम खान इसे बड़ा विकास मानते हैं क्योंकि इससे महिला अंपायरों के लिये अधिक मौके उपलब्ध होंगे। रेडफर्न ने अपनी नियुक्ति पर कहा, 'यह महिला क्रिकेट और महिला क्रिकेट अधिकारियों दोनों के लिए निर्णायक क्षण है। मैं आईसीसी और इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहूंगी और ऐसी ही और नियुक्तियों की उम्मीद करती हूं।

रेडफर्न ने 1995 से 1999 के बीच इंग्लैंड के लिए छह टेस्ट और 15 वनडे मैच खेले हैं। इसमें भारत में 1997 विश्व कप के चार मैच शामिल थे।

आखिरी ओवर में 20 रन बनाकर जीता जिम्बाब्वे

कोलंबो (एजेंसी)। जिम्बाब्वे ने मंगलवार को रोमांचक टी-20 मुकाबले में श्रीलंका को 4 विकेट से हरा दिया। आखिरी ओवर में टीम को 20 रन की जरूरत थी। यहां ल्यूक जोंगवे और क्लाइव मदाने ने 5 ही गेंद पर 24 रन बनाए और जिम्बाब्वे को जीत दिला दी। श्रीलंका से एंजलो मैथ्यूज आखिरी ओवर फेंक रहे थे। दूसरे टी-20 में जीत के साथ जिम्बाब्वे ने 3 मैचों की सीरीज को 1-1 से बराबरी पर ला दिया। पहला टी-20 श्रीलंका ने 3 विकेट से जीता था। तीसरा और आखिरी मुकाबला 18 जनवरी को कोलंबो में खेला जाएगा।

श्रीलंका ने 27 रन पर 4 विकेट गंवाए – आर प्रेमदासा स्टेडियम में जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। पहले बैटिंग करते हुए श्रीलंका ने 27 रन के स्कोर पर ही 4 विकेट गंवा दिए। पथुम निसांका 1, कुसल मेंडिस 4 और सदीरा समरविक्रमा 16 ही रन बनाकर आउट हो गए। कुसल परेरा तो खाता भी नहीं खोल सके।

असलंका-मैथ्यूज ने की सेंचुरी पार्टनरशिप – शुरुआती 4 विकेट जल्दी गंवाने के बाद चरिथ असलंका ने एंजलो मैथ्यूज के साथ श्रीलंका को संभाला। दोनों ने सेंचुरी पार्टनरशिप कर टीम को भी 100 रन के पार पहुंचाया। असलंका 39 बॉल पर 69 रन बनाकर आउट हुए और दोनों के बीच 118 रन की पार्टनरशिप टूटी।

मैथ्यूज ने 160 के पार पहुंचाया –असलंका के बाद पूर्व कप्तान दसुन शनाका भी 9 ही रन बनाकर पवेलियन लौट गए। मैथ्यूज फिर भी टिके रहे, उन्होंने अपनी फिफ्टी पूरी की और टीम का स्कोर 173 रन तक पहुंचा दिया। वह 51 बॉल में 66 रन बनाकर नॉटआउट रहे। कप्तान वनिंदु हसरंगा ने एक बॉल खेली लेकिन वह खाता नहीं खोल सके।

जिम्बाब्वे से ब्लेसिंग मुजरबानी और ल्यूक जोंगवे ने 2-2 विकेट लिए। रिचर्ड नगारवा और वेलिंगटन मसाकाद्जा को एक-एक सफलता मिली।

जिम्बाब्वे को मिली बेहतरीन शुरुआत – 174 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे ने चौथे ओवर में ही पहला विकेट गंवा दिया। लेकिन यहां से क्रैग इरविन और ब्रायन बेनेट ने 74 रन की पार्टनरशिप कर दी। 13वें ओवर में बेनेट 25 रन बनाकर आउट हो गए और दोनों की पार्टनरशिप टूटी।

इरविन की फिफ्टी, टीम ने लगातार विकेट गंवाए – बेनेट के बाद जिम्बाब्वे ने लगातार विकेट गंवाए। कप्तान सिकंदर रजा 8, शॉन विलियम्स 1 और रायन बर्ल 13 ही रन बनाकर आउट हो गए। इरविन ने अपनी फिफ्टी पूरी कर टीम को जीत के करीब पहुंचाया लेकिन वह भी 70 रन बनाकर आउट हो गए। टीम ने 17.4 ओवर में 143 रन के स्कोर पर 6 विकेट गंवा दिए।

14 बॉल पर 31 रन की जरूरत – जिम्बाब्वे को आखिरी 14 बॉल पर 31 रन की जरूरत थी। यहां ल्यूक जोंगवे और विकेटकीपर क्लाइव मदाने क्रीज पर थे। दोनों ने 8 बॉल पर 11 रन बनाए और आखिरी ओवर में टीम को 20 रन की जरूरत आ गई। श्रीलंका से एंजलो मैथ्यूज आखिरी ओवर फेंकने आए। पहली बॉल मैथ्यूज ने ऑफ स्टंप के बाहर फुलर लेंथ फेंकी, जोंगवे ने इस पर सिक्स लगा दिया। थर्ड अंपायर ने रिप्ले देखने के बाद इसे नो-बॉल भी करार दे दिया। फ्री हिट बॉल फुलर लेंथ रही, जोंगवे ने एक्स्ट्रा कवर्स की दिशा में चौका लगा दिया।दूसरी बॉल मैथ्यूज ने फिर फुलर लेंथ फेंक दी, जोंगवे ने इस बार लॉन्ग-ऑन के ऊपर से सिक्स लगा दिया। अब 4 बॉल पर 3 ही रन की जरूरत।

तीसरी बॉल पर कोई रन नहीं आया। – चौथी बॉल मैथ्यूज ने ऑफ स्टंप के बाहर स्लोअर फेंकी। जोंगवे ने बॉल हवा में खड़ी कर दी लेकिन कवर पॉइंट पोजिशन पर खड़े महीश तीक्षणा ने कैच ड्रॉप कर दिया।पांचवीं बॉल मैथ्यूज ने फिर फुलर फेंक दी, अब विकेटकीपर मदाने ने मिड-विकेट दिशा में सिक्स लगाया और टीम को रोमांचक जीत दिला दी।

जोंगवे प्लेयर ऑफ द मैच – 2 विकेट लेने और 12 बॉल पर 25 रन बनाने के लिए ल्यूक जोंगवे को प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। मैच के बाद उन्होंने कहा कि वह मैथ्यूज को रोल मॉडल मानकर ही बड़े हुए हैं। अब मैथ्यूज के ही खिलाफ उन्होंने आखिरी ओवर में अपनी टीम को जीत दिलाई।

श्रीलंका को दूसरे टी-20 में 4 विकेट से हराया, सीरीज 1-1 से बराबर, डिसाइडर कल

संक्षिप्त समाचार

गाजियाबाद से जेवर तक रैपिड रेल चलाने सर्वे शुरू, 72 किमी लंबे रूट पर बनेंगे 12 स्टेशन

नईदिल्ली, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को गाजियाबाद की नमो भारत ट्रेन (रैपिड रेल) से जोड़ने के लिए सर्वे शुरू हो गया है। सर्वे के साथ मिट्टी की जांच, स्टेशनों का लेआउट, ट्रैक के निर्धारण का काम चल रहा है। इसके ट्रैक पर रैपिड रेल और मेट्रो चलाई जा सकेगी। नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (एनसीआरटीसी) मार्च तक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट दे देगा। नोएडा एयरपोर्ट को गाजियाबाद से रैपिड रेल से जोड़ा जाएगा। एनसीआरटीसी ने इसकी फिजबिलिटी रिपोर्ट बनाई है। इस रूट से गाजियाबाद, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, ईस्ट और यमुना प्राधिकरण क्षेत्र जुड़ जाएगा। गाजियाबाद आरआरटीएस स्टेशन से ग्रेटर नोएडा वेस्ट और परी चौक के माध्यम से नोएडा एयरपोर्ट तक रैपिड रेलमार्ग को मंजूरी दे दी गई है। फिजबिलिटी रिपोर्ट के मुताबिक, 72.2 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर में 12 स्टेशन होंगे। परी चौक पर एक्वा लाइन के साथ रैपिड रेल आकर मिलेगी। पहले चरण में गाजियाबाद और सेक्टर इकोटेक-5 (कासना) के बीच 37.15 किलोमीटर का कॉरिडोर बनेगा। यह वर्ष 2031 तक बनकर तैयार होगा। दूसरा चरण सेक्टर ईकोटेक-6 से एयरपोर्ट तक 35.11 किलोमीटर का कॉरिडोर बनेगा। यह वर्ष 2041 तक पूरा होगा।

दिल्ली में पड़ोसी के अमेरिकन बुली नस्ल के कुत्ते ने 7 साल की बच्ची को नोंचा, 15 जगह आई चोटें

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के रोहिणी सेक्टर-25 इलाके की एक हाउसिंग सोसाइटी में 7 वर्षीय बच्ची पर पड़ोसी के कुत्ते ने हमला कर बुरी तरह नोंच डाला। इस हमले में बच्ची को 15 से अधिक जगह पर चोटें आईं। इस घटना के बाद सोसाइटी के कई सदस्यों ने अपने क्षेत्र में कुत्तों के आतंक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने मंगलवार को इस बारे जानकारी देते हुए बताया कि घटना 9 जनवरी को उस वक्त हुई जब एक अमेरिकन बुली नस्ल के कुत्ते ने कथित तौर पर बच्ची पर हमला कर दिया। उस वक्त बच्ची अपनी हाउसिंग सोसाइटी के अंदर दोस्तों के साथ खेल रही थी। बच्ची के पिता श्रीकांत भगत ने कहा कि बच्ची के हाथ, पीठ, कान के पीछे, पैर और आंखों के नीचे कई गंभीर चोटें आई हैं। भगत ने बताया कि 9 जनवरी को मेरी सात साल की बेटी शाम करीब 5 बजे अपने दोस्तों के साथ सोसाइटी के अंदर खेल रही थी। मेरे पड़ोसी के अमेरिकन बुली नस्ल के पालतू कुत्ते ने अचानक उस पर हमला कर दिया। उन्होंने कहा कि मैं भगवान का शुक्रिया अदा करता हूं कि उसने बहादुरी दिखाई और चिल्लाने लगी जिसके कारण हम समय पर मौके पर पहुंच गए और उसकी जान बचाने में सफल रहे। उन्होंने कहा कि उनकी बेटी सदमे में है और तीन दिन से अधिक समय से वह सोई नहीं है। मुखर्जी नगर में एक कोचिंग सेंटर चलाने वाले भगत ने कहा कि कुत्ते का मालिक अड़ा हुआ है, इसलिए हमने उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का फैसला किया है, क्योंकि उसने अपने पालतू कुत्ते को पट्टा नहीं बांध रखा था। उन्होंने कहा कि इस दर्दनाक अनुभव से उबरने के लिए उन्होंने अपनी बेटी को छुट्टियों पर ले जाने का फैसला किया है।

इस बीच, जिस सोसाइटी में बच्ची रहती है वहां के निवासियों ने अपने क्षेत्र में कुत्तों के आतंक के विरोध में मशाल मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने डॉग फीडिंग बंद करो, कुत्ते प्रेमी सावधान, खतरे में है बच्चों की जान जैसे नारे लगाए। एक प्रदर्शनकारी ने कहा, हम कुत्तों को खाना खिलाने या पालतू जानवर रखने के खिलाफ नहीं हैं।

हाथ-पांव सुन्न, हाड़ तक कांपे; दिल्ली में लगातार 7वें दिन कोल्ड-डे की स्थिति

नईदिल्ली, एजेंसी। कड़ाके की ठंड के बीच राजधानी में लगातार सातवें दिन कोल्ड-डे की स्थिति बनी हुई है। दिल्लीवासियों को आज एक बार फिर सर्द सुबह का सामना करना पड़ा, जब यहां पारा गिरकर 3.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जो सामान्य से चार डिग्री कम है। दिल्ली में बुधवार सुबह साढ़े 5 बजे मध्यम कोहरा देखा गया और शहर के अलग-अलग हिस्सों में घना कोहरा दर्ज किया गया।

दिल्ली के मुख्य मौसम केंद्र - सफदरजंग वेधशाला और पालम में सुबह 5ः30 बजे विजिबिलिटी 200 मीटर दर्ज की गई। कोहरे के कारण दिल्ली आने वाली लगभग 20 ट्रेनें छह घंटे तक की देरी से चल रही हैं। मौसम विभाग (आईएमडी) के एक अधिकारी ने कहा, सैटेलाइट इमेजरी में निचले बादलों और कोहरे के बीच अंतर करना अक्सर एक चुनौती होती है। सुबह 9.05 बजे सापेक्ष आर्द्रता 91 प्रतिशत दर्ज की गई। दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुबह 9 बजे 373 की रीडिंग के साथ बहुत खराब श्रेणी में बना हुआ है।

मंगलवार को समग्र ऱ्त्ह्र शाम 4 बजे 371 था। आईएमडी के अनुसार, दृश्यता जब 0 से 50 मीटर के बीच हो तो बहुत घना कोहरा, 51 से 200 मीटर के बीच घना कोहरा, 201 से 500 मीटर के बीच मध्यम और 501 से 1,000 मीटर के बीच हल्का कोहरा होता है। बता दें कि, 30-31 दिसंबर से उत्तर भारत के कई हिस्सों में कोल्ड डे से लेकर सीवियर कोल्ड डे की स्थिति बनी हुई है। ठंडा दिन वह होता है जब न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम या उसके बराबर होता है और अधिकतम तापमान सामान्य से कम से कम 4.5 डिग्री कम होता है। गंभीर ठंडा दिन वह होता है, जब अधिकतम तापमान सामान्य से कम से कम 6.5 डिग्री नीचे होता है।

मोदी के गांव में मिले 800 ईसा पूर्व पुरानी मानव बस्ती के प्रमाण, सबसे पुराना बौद्ध मठ भी आया सामने

कोलकाता। कोलकाता भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी), खड़गपुर, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई), भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पीआरएल), जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) और डेकन कालेज के अनुसंधानकर्ताओं को गुजरात के वडनगर में 800 ईसा पूर्व (ईसा युग से पहले) पुरानी मानव बस्ती के प्रमाण मिले हैं।

आइआइटी खड़गपुर ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि वडनगर में गहन पुरातात्विक खनन के अध्ययन से यह भी पता चलता है कि इन 3,000 वर्षों के दौरान विभिन्न साम्राज्यों का उदय और पतन तथा मध्य एशियाई योद्धाओं द्वारा भारत पर बार-बार किए गए हमले बारिश या सूखे जैसी जलवायु में गंभीर परिवर्तन से प्रभावित रहे।

यह अध्ययन एल्सवियर की पत्रिका 'क्वाटरनरी साइंस रिव्यूज' में 'प्रारंभिक ऐतिहासिक से मध्ययुगीन काल तक जलवायु, मानव बस्ती और प्रवास- पश्चिमी भारत, वडनगर में नए पुरातात्विक खनन से मिले सबूत' विषय से प्रकाशित हुआ है। इस खोदाई की अगुआई एएसआइ ने की है जबकि गुजरात सरकार के पुरातत्व और संग्रहालय निदेशालय ने इसे वित्त पोषण दिया है। संयोग से वडनगर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पैतृक गांव भी है। वडनगर बहु-सांस्कृतिक और बहु-धार्मिक (बौद्ध, हिंदू, जैन और इस्लामिक) बस्ती भी रहा है।

एएसआइ के पुरातत्व विज्ञानी अभिजीत अंबेकर ने कहा कि गहरी खोदाई करने से सात सांस्कृतिक काल -मौर्या, इंडो-ग्रीक, शक-क्षत्रप, हिंदू-सोलंकी, सल्तनत-मुगल (इस्लामिक) से गायकवाड-ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन की मौजूदगी पता चली है और शहर का आज भी विकास हो रहा है। खोदाई के दौरान सबसे पुराना बौद्ध मठ भी मिला है। उन्होंने कहा कि हमें विशिष्ट पुरातात्विक कलाकृतियां, मिट्टी के बर्तन, तांबा, सोना, चांदी और लोहे की वस्तुएं तथा महीन डिजाइन वाली चूड़ियां मिली हैं। वडनगर में इंडो-ग्रीक शासन के दौरान यूनानी राजा अपोलोडेटस के सिक्के के सांचे भी मिले हैं। अंबेकर ने कहा कि वडनगर इस लिहाज से भी अलग है कि सटीक कालक्रम के साथ प्रारंभिक इतिहास से मध्ययुगीन पुरातत्व का ऐसा निरंतर रिकार्ड भारत में कहीं और नहीं मिला है।

साइबर अपराध एक वास्तविक समस्या, जिससे हर कोई परेशान : दिल्ली हाईकोर्ट

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को कहा कि साइबर अपराध एक वास्तविक समस्या है, जिससे हर व्यक्ति परेशान है। पुलिस अधिकारी ऐसे मामलों में शिकायत दर्ज करने के लिए एक सरल प्रक्रिया अपनाएं और इसे रोकने के लिए अन्य कदमों के अलावा महत्वपूर्ण मुद्दे पर लोगों में जागरूकता फैलाएं। हाईकोर्ट ने कहा कि पुलिस व्यवस्था में सुधार करना होगा और पुलिस को इन नई चुनौतियों से निपटने के लिए नई तकनीक से लैस होना होगा। हाईकोर्ट ने कहा कि घोटालेबाज निशाना बनाए जाने वाले लोगों के बीच भेदभाव नहीं करते हैं। उन्हें इस बात की परवाह नहीं होती कि लक्षित व्यक्ति वकील, न्यायाधीश, व्यवसायी या कोई अन्य व्यक्ति है। साइबर अपराधी केवल अंधाधुंध कॉल करते हैं और लोगों के साथ धोखाधड़ी करते हैं। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन एवं न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की बेंच ने कहा कि साइबर अपराध आज एक वास्तविक समस्या है। कोर्ट नहीं जानती कि अधिकारी इस बारे में क्या कर सकते हैं। जागरूकता से ही काम चल सकता है। हाईकोर्ट बढ़ते साइबर अपराधों और गिरफ्तारी वारंट सहित सुप्रीम कोर्ट समेत अन्य अदालती आदेशों की जालसाजी के मुद्दे पर एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रहा था।

पुलिस को आवश्यक कदम उठाने की जरूरतः हाईकोर्ट ने कहा कि हाल की घटनाएं बताती हैं कि साइबर अपराध किस तेजी से फैल रहा है। इसके लिए पुलिस को आवश्यक कदम उठाने की जरूरत है। पुलिस तय करे कि वह क्या प्रक्रिया अपनाए जिससे लोगों को जागरूक करने के साथ ही इस तरह की घटनाओं पर लगाम लगाई जा सके।

गाजियाबाद की स्वर्ण जयंतीपुरम योजना प्लॉट घोटाले में जीडीए के 30 इंजीनियर दोषी, 7 अन्य दोषमुक्त

नईदिल्ली, एजेंसी। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में 137 प्लॉटों के घोटाले में 30 इंजीनियरों को जांच में दोषी ठहराया गया है। इनमें से कई को नोटिस जारी कर दी गए हैं। वहीं, सात अन्य इंजीनियरों को दोष मुक्त कर दिया गया है। एलडीए में तैनात रहे कई इंजीनियरों की भी इस घोटाले में गर्दन फंसी है। गाजियाबाद के स्वर्ण जयंतीपुरम योजना में तत्कालीन इंजीनियरों ने घोटाला किया। योजना के 137 प्लॉटों का आवंटन निरस्त होने के बाद इनकी पुनर्बहाली कर दी गई थी। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के इंजीनियरों ने प्लॉटों पर बिल्डिंग बनवा दी। जांच रिपोर्ट के मुताबिक, इसमें 26 प्लॉटों पर बिना नक्शे पास कराए इमारतें बनवा दी गईं, जबकि 40 प्लॉटों पर नक्शे के विपरीत अवैध निर्माण हुआ। हाईकोर्ट के आदेश पर जांच हुई तो इंजीनियरों को दोषी पाया गया था। पहले चरण में कुल 37 इंजीनियरों को दोषी पाया गया था, लेकिन दोबारा जांच में इसमें सात को दोष मुक्त कर दिया गया। तीसरी जांच मेरठ के कमिश्नर ने की, जिसमें उन्होंने कई इंजीनियरों को फिर से दोषी करार दिया है। कमिश्नर ने सात जुलाई 2023 को जांच रिपोर्ट शासन को भेजी थी। अब इस मामले में एलडीए में तैनात तत्कालीन अधिशासी अभियंता वकील अहमद सहित करीब

एक दर्जन इंजीनियरों को चार्जशीट जारी कर दी गई है। 15 दिन में शासन में अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया गया है।

इन जेई को दोषी ठहरायाः आरसी वर्मा, सुनील त्यागी, मोहम्मद कमर, मनोज अग्रवाल, नरेश त्यागी, राजबली सिंह, पारसनाथ, अनिल कुमार, आशू, निमिश गुप्ता, राम सागर वर्मा, विवेश शर्मा, श्याम मोहन शुक्ला, वीके मित्तल, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, अशोक त्यागी, बीडी शुक्ला, केपी यादव, टीएन सिंह को दोषी ठहराया गया।

दोष मुक्त होने के बाद दोबारा जांच, कोर्ट ने लगाई रोकः गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में 137 प्लॉटों के घोटाले में सात इंजीनियरों को दोष मुक्त कर दिया गया है। एलडीए में तैनात सहायक अभियंता अजय गोयल को भी कमिश्नर ने दोष मुक्त पाया है। उन पर लगाए गए आरोप सिद्ध नहीं हुए थे। मेरठ कमिश्नर ने उन्हें क्लीन चिट दे दी थी। जिस तरह सात अन्य को दोष मुक्त किया गया था उसी तरह यह भी दोष मुक्त हुए थे। शासन ने सात को तो मुक्त कर उन्हें पदोन्नति दे दी, लेकिन अजय गोयल की दोबारा जांच का आदेश किया। इसके खिलाफ वह हाईकोर्ट गए। अदालत ने जांच रोक दी। अब निर्दोष साबित होने के बावजूद उनकी पदोन्नति नहीं हो पा रही है, जबकि उन्हीं के समकक्ष दूसरे आरोपियों को दोष मुक्त कर शासन ने पदोन्नति दे दी।

इन सहायक अभियंताओं को दोषी बताया गयाः सहायक अभियंता वकील अहमद, किशन सिंह, शिव कुमार, पंकज शर्मा, प्रमोद कुमार शर्मा, एपी सिंह, किशन सिंह, विवेक शर्मा, धीरज सिंह, एआर राही, हीरालाल यादव, जयपाल सिकरवार, अरुण कुमार शर्मा तथा धर्मवीर सिंह को भी जिम्मेदार बनाया गया था।

रूस के खिलाफ यूक्रेन को समर्थन देते रहेंगे, वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम में बोले अमेरिका के एनएसए

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन ने कहा है कि अमेरिका आगे भी यूक्रेन का समर्थन करना जारी रखेगा। जैक सुलिवन का यह बयान यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के उस बयान के बाद सामने आया है, जिसमें जेलेंस्की ने कहा था कि रूस के खिलाफ लड़ाई में उन्हें अमेरिका और यूरोप के समर्थन की जरूरत होगी। मंगलवार को वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम के एक सत्र को संबोधित करते हुए जैक सुलिवन ने यह बात कही।

अमेरिकी एनएसए बोले- आगे भी मदद करते रहेंगेः जैक सुलिवन ने उम्मीद जताई कि जल्द शांति होगी। उन्होंने कहा हम सभी के लिए शांति और सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं अगर हम सभी मिलकर समझदारी भरे और बड़े फैसले करें। अमेरिका और हमारे सहयोगी देश आगे भी उनकी (यूक्रेन) मदद करते रहेंगे। अमेरिका यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों को भी निशाना बना रहा है, ऐसे में पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका पैदा हो गई है। इस पर सुलिवन ने कहा कि सैन्य कार्रवाई और कूटनीति के जरिए हम तनाव को कम करने की कोशिश कर रहे हैं। हम चाहते हैं कि ऐसे हालात बनें, जिससे युद्धविराम हो और तनाव को बढ़ने से रोका जाए।

जेलेंस्की ने अमेरिकी विदेश मंत्री से की थी मुलाकातः गौरतलब है कि मंगलवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम की वार्षिक बैठक से इतर अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और एनएसए जैक सुलिवन से मुलाकात की थी। इस मुलाकात में जेलेंस्की ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, अमेरिकी कांग्रेस और अमेरिका के लोगों को यूक्रेन का समर्थन करने के लिए धन्यवाद दिया। जेलेंस्की ने ये भी उम्मीद जताई कि अमेरिका आगे भी रूस के खिलाफ लड़ाई में उनके देश की मदद करता रहेगा।

जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन, रूस के खिलाफ लड़ाई तब भी जारी रखेगा, जब कोई भी उसका समर्थन ना करे, लेकिन यह एक बुरा अनुभव होगा। इससे ना सिर्फ यूक्रेन के लोगों को परेशानी होगी बल्कि उन्हें भी समस्या का सामना करना पड़ेगा, जो ये सोचते हैं कि यह सिर्फ यूक्रेन की लड़ाई है।

तीन महीने में कनाडा जाने वाले भारतीय छात्र 86प्रतिशत घटे

सिर्फ 14 हजार बच्चे पढ़ने गए, कनाडाई मंत्री बोले- निज्जर केस इसकी वजह

ओटाया , एजेंसी। कनाडा जा कर पढ़ाई करने वाले भारतीय छात्रों की संख्या में 86 प्रतिशत तक की कमी आई है। पिछले साल जून में हुई खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद से दोनों देशों के बीच तनाव है। यही छात्रों की घटती संख्या की वजह भी है। कनाडा के इमिग्रेशन मिनिस्टर ने यह जानकारी दी है।

पिछले साल जुलाई से सितंबर के बीच 1 लाख 8 हजार से ज्यादा भारतीय बच्चों को स्टडी परमिट दिया गया। वहीं, अक्टूबर से दिसंबर के बीच सिर्फ 14, 910 भारतीय बच्चों ने स्टडी परमिट के लिए आवेदन किया। इस तरह छात्रों की संख्या में 86 फीसदी तक की गिरावट दर्ज की गई है।

कनाडा के इमिग्रेशन मिनिस्टर मार्क मिलर ने कहा- कनाडा की तरफ से भारतीय छात्रों को जारी किए जाने वाले स्टडी परमिटों की संख्या में तेजी से गिरावट आई। 2023 की आखिरी तिमाही में ये गिरावट 86 फीसदी तक चली गई। कनाडा में सिख आतंकी की हत्या के बाद दोनों देशों के बीच हुए राजनयिक विवाद के चलते कम भारतीय छात्रों ने आवेदन किया है। यह संख्या जल्द ही बढ़ने की संभावना फिलहाल नहीं दिख रही है।

एक वजह यह भी- भारत में कनाडाई डिप्लोमैट्स नहींः18 सितंबर 2023 को कनाडा ने भारत पर आतंकी निज्जर की हत्या का आरोप लगाया था। भारत ने आरोप को खारिज करते हुए 41 कनाडाई डिप्लोमैट्स को वापस जाने के लिए कहा था। 20 अक्टूबर को कनाडा ने अपने 62 में से 41 डिप्लोमैट्स को भारत से हटा दिया था।

मंत्री मार्क मिलर ने कहा- भारत के साथ हमारे रिश्ते प्रभावित हुए हैं और उसके चलते नए आवेदनों को मंजूरी देने की क्षमता भी हमारी आधी ही रह गई है। अब कनाडा के 21 अधिकारी ही भारत में काम कर रहे हैं। भारत का स्टाफ कनाडा में पहले से ही कम था। डिप्लोमैट्स नहीं होने के कारण स्टूडेंट्स को कनाडा में पढ़ाई से जुड़ी कई जानकारियां नहीं मिल पाईं। राजनयिकों को निकाले जाने के दौरान ही कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जोली ने कहा था कि इससे सेवाओं पर असर पड़ेगा।

गाजा में फिलीस्तीनियों की मौत का आंकड़ा बढ़कर 24,285 हुआ

गाजा, एजेंसी। गाजा स्थित स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि गाजा पट्टी पर चल रहे इजरायली हमलों में मरने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या बढ़कर 24,285 हो गई है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रालय ने मंगलवार को एक प्रेस बयान में कहा कि इजरायली सेना ने पिछले 24 घंटों के दौरान 158 फिलिस्तीनियों को मार डाला और 320 अन्य को घायल कर दिया। इसमें कहा गया है कि 7 अक्टूबर 2023 से जारी इज़रायल-हमास संघर्ष के कारण के शुरू होने के बाद से 61,154 फिलिस्तीनी घायल हो गए हैं। इसके अलावा, बड़ी संख्या में पीड़ित अभी भी मलबे के नीचे हैं, और एम्बुलेंस और नागरिक सुरक्षा दल उन तक नहीं पहुंच सके।मंत्रालय ने पुरानी बीमारियों से पीड़ित मरीजों को होने वाली गंभीर स्वास्थ्य जटिलताओं के बारे में भी चेतावनी दी। उसने कहा कि 3,50,000 लोग बिना दवा के

हैं।इसने अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों से लंबी बीमारी से पीड़ित मरीजों के लिए तत्काल दवाएँ उपलब्ध कराने का आह्वान किया।

जलवायु परिवर्तन से 2050 तक 14.5 मिलियन लोगों की जान जा सकती है!

दावोस, एजेंसी। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, जलवायु परिवर्तन से 2050 तक दुनिया भर में 14.5 मिलियन अतिरिक्त मौतों और 12.5 ट्रिलियन डॉलर के आर्थिक नुकसान का खतरा है।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने डब्ल्यूईएफ के एक बयान के हवाले से कहा, डब्ल्यूईएफ और कंसल्टिंग फर्म ओलिवर वायमन द्वारा संयुक्त रूप से संकलित रिपोर्ट जलवायु परिवर्तन पर अंतर सरकारी पैनल द्वारा विकसित परिदृश्यों पर आधारित है, जो बढ़ते औसत तापमान, पूर्व-औद्योगिक स्तरों से 2.5 से 2.9 डिग्री सेल्सियस आधारित है।

रिपोर्ट में जलवायु परिवर्तन के छह प्रमुख परिणामों का विश्लेषण किया गया- बाढ़, सूखा, लू, तूफान, जंगल की आग और समुद्र का बढ़ता स्तर। अध्ययन के

अनुसार, अकेले बाढ़ से 2050 तक 8.5 मिलियन लोगों की मौत होने का अनुमान है, जो जलवायु-प्रेरित मृत्यु दर का सबसे बड़ा जोखिम है। जलवायु संबंधी मृत्यु दर का दूसरा प्रमुख कारण सूखा है, जिसके कारण 3.2 मिलियन लोगों की जान जाने का अनुमान है। दूसरी ओर, लू से 2050 तक अनुमानित 7.1 ट्रिलियन डॉलर का सबसे अधिक आर्थिक नुकसान होने की आशंका है। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि जलवायु संकट वैश्विक स्वास्थ्य असमानता को और बढ़ा देगा और सबसे कमजोर आबादी को सबसे अधिक नुकसान होगा।

बुनियादी ढांचे और आवश्यक चिकित्सा उपकरणों जैसे सीमित संसाधनों के कारण अफ्रीका और दक्षिणी एशिया जैसे क्षेत्र जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील रहेंगे। डब्ल्यूईएफ ने रिपोर्ट में वैश्विक हितधारकों से उत्सर्जन और जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक स्वास्थ्य प्रभावों को कम करने के लिए निर्णायक और रणनीतिक कार्रवाई करने का आह्वान किया।

सेंटर फॉर हेल्थ एंड हेल्थकेयर के प्रमुख और कार्यकारी समिति के सदस्य श्याम बिशेन ने कहा, जब तक उत्सर्जन में कमी और शमन उपायों में सुधार नहीं किया जाता और जलवायु अनुकूलनीय स्वास्थ्य प्रणालियों के निर्माण के लिए निर्णायक वैश्विक कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक प्रगति दूर रहेगी।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129